संसेक्स 72,186.09 ▲ +454.67
डॉलर 83.055 ▼ +0.017

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 26.0 | 11.0 | 25.0 |
| धनबाद | 26.0 | 12.0 | 24.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 16.0 | 26.0 |
| पलामू | 26.0 | 12.0 | 22.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ कृष्ण पक्ष 12, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 07 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 112, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय विश्वास मत के बाद चंपाई सोरेन के समक्ष उत्पन्न चुनौतियां ...8 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | कंगना के साथ काम करना चाहते हैं संदीप ...12 देश/विदेश







### सूचना

'राष्ट्रीय नवीन मेल' कम से कम कीमत में एक साफ सुथरा अखबार आपको देने की नीति पर चलता रहा है पर महंगाई और न्यूज प्रिंट के मूल्य में वृद्धि के कारण इसकी कीमत में मामूली वृद्धि कर तीन रुपए कर दी गई है। आशा है आप सभी का सहयोग पूर्ववत मिलता रहेगा।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

### पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,560
चांदी (किलो) 70,750

## दो दिवसीय सत्र के बाद विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

# सदन में पक्ष-विपक्ष के बीच तीखी नोक-झोंक

■ राज्यपाल के अभिभाषण पर कम, कांग्रेस पर ज्यादा चर्चा : आलम ■ विधानसभा की कार्यवाही से तीन बार निकाले गए आपत्तिजनक शब्द

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर नेताओं ने अपने वक्तव्यों में सभी मर्यादाओं को तार-तार कर दिया। इसके बाद सत्तापक्ष और विपक्ष में तीखी नोक-झोंक हुई। दोनों पक्षों ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में भाग लिया और एक-दूसरे पर लोकतंत्र की हत्या करने के आरोप लगाए। सदन में धन्यवाद प्रस्ताव के पास होने के बाद झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्र महतो ने विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र को मंगलवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। धन्यवाद प्रस्ताव पर सबसे पहला भाषण कांग्रेस की दीपिका पांडेय सिंह का हुआ। उन्होंने राज्यपाल पर निशाना साधा और कहा कि सोमवार को जो सदन में हुआ, उसे पूरे देश ने देखा। संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति ने असंवैधानिक कृत्य किया। सरकार की उपलब्धियों को बताने के दौरान कटाक्ष करते हुए अभिभाषण दिया गया। किसी राज्यपाल के द्वारा ऐसा नहीं किया गया होगा। साथ ही उन्होंने बेहद तीखे शब्दों का इस्तेमाल किया। इसपर काफी बवाल हुआ और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी के आपत्ति के बाद उसे विधानसभा अध्यक्ष ने कार्रवाई से निकाल दिया। विधानसभा अध्यक्ष को पूरी कार्रवाई के दौरान तीन बार ऐसा करना पड़ा। इसके बाद झामुमो विधायक सुदिव्य सोनू ने कहा कि विपक्षी लोगों ने राज्य में जनादेश के हरण का कुत्सित प्रयास किया। इसमें राजभवन भी शामिल हुआ तो उसे भी विरोध का सामना करना होगा। यह लोकतंत्र है, राजतंत्र नहीं। राजभवन की भूमिका दूसरे लोग ना समझाएं। उसने अपने मूल्यों को तार-तार किया है। विपक्ष की ओर से इसका जवाब अमर बाउरी और भानुप्रताप शाही ने दिया।




### झारखंड बनाने में हमारा योगदान सबसे बड़ा : आलमगीर

आलमगीर आलम ने कहा कि हेमंत सोरेन के कार्यों को चंपाई सोरेन के नेतृत्व में बनी सरकार आगे बढ़ाएगी। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का गठन भाजपा ने नहीं किया। यदि राज्य सरकार प्रस्ताव नहीं भेजती, तो अलग झारखंड नहीं बनता। इसके लिए हमारे 11 मंत्रियों ने इस्तीफा दिया था। बिहार में हम गठबंधन की सरकार में थे। अलग राज्य के गठन में हमारा सबसे बड़ा योगदान था। आलम ने भाजपा के उन आरोपों का भी जवाब दिया, जिसमें कहा गया कि राहुल गांधी भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातु नहीं गए। उन्होंने कहा कि खूंटी में राहुल गांधी ने भगवान बिरसा मुंडा के परिजनों से मुलाकात की। उनको सम्मानित भी किया। प्रधानमंत्री खूंटी आए थे। आदिवासियों को उम्मीद थी कि सरना कोड की सौगात प्रधानमंत्री उन्हें देंगे लेकिन उन्होंने क्या किया? आदिवासियों को निराश किया। आलमगीर आलम ने कहा कि सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा कम और कांग्रेस पर ज्यादा हुई। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग कांग्रेस के नाम से डर रहे हैं। ये जान रहे हैं कि आने वाले दिनों में देश कांग्रेसमय होने वाला है। क्योंकि, लोकतंत्र को बचाने में सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही सक्षम है। सरकार के पार्ट-2 पर विपक्ष की ओर से बार-बार किए गए हमले का भी उन्होंने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 2019 में आई। मुख्यमंत्री ने इसे हेमंत सोरेन पार्ट-2 इसलिए कहा था, क्योंकि जनता ने हमें हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पांच साल के लिए जनमत दिया था।

### शिबू झारखंड के लिए लड़े, तो छत्तीसगढ़-उत्तराखंड के लिए कौन लड़ा


#### ये संभव हुआ भाजपा के विशाल हृदय और लोगों को सशक्त बनाने के संकल्प के कारण

भानु ने सवाल किया कि पार्ट-1 में 4 सालों में 6000 महिलाओं के खिलाफ बलात्कार के मामले दर्ज हुए। इसमें से 4000 आदिवासी, दलित महिलाएं हैं। क्या वर्तमान पार्ट-2 सरकार में इसे आगे बढ़ाया जायेगा? भानु ने कहा कि हर साल पांच लाख युवाओं मतलब अबतक 20 लाख युवाओं को नौकरी नहीं देने, बेरोजगारी भत्ता यह पार्ट-2 वाली सरकार भी नहीं देगी। राज्य में बालू, पत्थर, कोयला, जमीन की लूट, शराब घोटाला इस सरकार में भी होता रहेगा। मुख्यमंत्री को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा यदि शिबू सोरेन ने झारखंड के लिए लड़े तो छत्तीसगढ़, उत्तराखंड के लिए किसने लड़ाई लड़ी? यह भाजपा का विशाल हृदय था जो तीन तीन स्टेट बनवाये। यहां झारखंड बनने के बाद अटल बिहारी वाजपेयी, आडवाणी ने आदिवासी नेता बाबूलाल मरांडी को मुख्यमंत्री बनाया। फिर अर्जुन मुंडा बने, शिबू सोरेन को भी भाजपा के सहयोग से मुख्यमंत्री बनाया गया। फिर अर्जुन मुंडा के मुख्यमंत्री बनने पर डिप्टी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बनाया गया। आज राष्ट्रपति के पद पर आदिवासी महिला हैं जो बताता है कि भाजपा आदिवासी समाज के लिए क्या भाव रखती है।

**चिरूडीह हत्याकांड, शशिनाथ हत्याकांड, नोट फॉर वोट में शिबू को किसने जेल भेजा :** हेमंत सोरेन ने पांच फरवरी को सदन में भाजपा पर उन्हें जेल भेजे जाने का साजिश रचने की बात कही थी। इसका जवाब देते हुए भानु ने कहा कोई बताए कि चिरूडीह हत्याकांड, शशिनाथ झा हत्याकांड, नोट फॉर वोट में शिबू सोरेन को जेल किसने भेजा। कोयला घोटाले में उन्हें जेल भेजने वाली यही कांग्रेस पार्टी रही। उन्हें चार सालों तक जेल में रखकर उनके पॉलिटिकल जीवन को नुकसान पहुंचाया। कोई ऐसा सगा नहीं, जिसे कांग्रेस ने ठगा नहीं। शिबू सोरेन, मधु कोड़ा, बंधु तिर्की को भी कांग्रेस की साजिश से जेल जाना पड़ा। लालू यादव, ओमप्रकाश चौटाला, करुणानिधि जयललिता, वाईएस आर रेड्डी समेत कई अन्य नेताओं को भी कांग्रेस के चलते जेल जाना पड़ा। लोकतंत्र की सबसे पापी पार्टी कांग्रेस ही है। सत्ता पक्ष कहता है कि इस राज्य में सबसे अधिक शासन भाजपा ने किया, वे अपना हिसाब ठीक करें।

10 साल नौ माह ही भाजपा का नेतृत्व यहां दिखा जबकि बाकी समय कांग्रेस, झामुमो, राजद, राष्ट्रपति शासन रहा।

### विकास का खाका हेमंत ने खींचा था, उस पर ही काम आगे बढ़ेगा : चंपाई सोरेन



झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि जिस विकास का खाका हेमंत सोरेन ने खींचा था, उस पर ही काम आगे बढ़ेगा। राज्य के आदिवासी, दलित, मूलवासियों के सामाजिक, आर्थिक विकास के लिए, भूमिपुत्रों के लिए जो विशेष योजना बनी है हम उसे ही आगे बढ़ायेंगे। वे भानु प्रताप शाही के सवाल पर जवाब दे रहे थे।

### दीपिका के बयान पर अमर बाउरी की तीखी प्रतिक्रिया



अमर बाउरी ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी। कहा कि दीपिका पांडेय ने जिस तरह की बातें कीं, वो किसी भारतीय नारी की भाषा नहीं हो सकती। झारखंड की भाषा की मान-मयार्दा के लिए अपने उन शब्दों के लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध में, भाजपा के विरोध में, दलितों और आदिवासियों के विरोध में कांग्रेस ऐसी सामंती विचारधारा के लोगों का प्रतिनिधित्व कर रही है। भाजपा नेता ने दीपिका पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग आदिवासियों, दलितों को अपने पांव की जूती समझते हैं।

### एक नजर

#### बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम के लिए सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी



**मेदिनीनगर।** पलामू में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर सरकार के कथा कार्यक्रम आयोजन सम्बंधित झारखण्ड हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा अब तक नियमानुसार स्वीकृति नहीं दिये जाने से नाराज संयोजक श्रीहनुमंत कथा समिति मामले को सुप्रीम कोर्ट में ले जाने की तैयारियों में जुट गयी है। इस बाबत समिति की संयोजक अरुणा शंकर ने कहा है कि झारखण्ड उच्च न्यायालय द्वारा धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बागेश्वर सरकार का पलामू में कार्यक्रम कराने के दिए गए आदेश के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## हेमंत सोरेन और भानु प्रताप को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ कर रहे ईडी के अधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम बड़गाईं अंचल के राजस्व निरीक्षक (हल्का कर्मचारी) भानु प्रताप प्रसाद को होटवार जेल से लेकर मंगलवार को एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंची। ईडी ने भानु को चार दिनों के रिमांड पर लिया है। ईडी के अधिकारी हेमंत सोरेन और भानु प्रताप प्रसाद को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ कर रहे है। उल्लेखनीय है कि दो फरवरी को ईडी ने पांच दिनों की पूछताछ के लिए हेमंत सोरेन को रिमांड पर लिया है। बुधवार को रिमांड अवधि का अंतिम दिन है। बड़गाईं अंचल स्थित 8 एकड़ 46 डिसमिस जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में ही भानु प्रताप प्रसाद को भी ईडी ने रिमांड पर लिया है। अब ईडी की टीम हेमंत सोरेन और भानु प्रताप प्रसाद को आमने-सामने बैठकर पूछताछ कर रही है। दूसरी ओर, ईडी ने बड़गाई अंचल के प्राइवेट अमीन शसेंद्र महतो को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया था। शसेंद्र महतो ने बड़गाई अंचल की 8.46 एकड़ जमीन की नापी की है। ईडी की टीम ने अमीन शसेंद्र महतो से भी पूछताछ शुरू कर दी है।

### दिवाकर पांडेय नियुक्त किए गए रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त

**रांची।** देवघर सिविल कोर्ट के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय को रांची सिविल कोर्ट का (ज्यूडीशियल कमिश्नर) प्रधान न्यायायुक्त नियुक्त किया गया है। इस संबंध में सोमवार रात हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मो. शाकिर की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि दिवाकर पांडेय रांची सिविल कोर्ट में सीबीआई जज के रूप में काम कर चुके हैं।

## पारिवारिक झगड़े में पति ने की पत्नी की चाकू से गला रेतकर हत्या

#### मनिका थाना क्षेत्र की घटना में आरोपी गिरफ्तार, पुलिस जांच में जुटी

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

मनिका थाना क्षेत्र के सिंजो गांव में सोमवार की रात पारिवारिक झगड़े में पति ने अपनी पत्नी की चाकू से गल्ला रेतकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद मंगलवार की सुबह पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। इधर आरोपी को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।



सूत्रों ने बताया कि सिंजो गांव निवासी शंभू प्रसाद और उनकी पत्नी कोमल देवी के बीच अक्सर झगड़ा होते रहता था। शंभू प्रसाद द्वारा कोमल देवी के साथ कई बार मारपीट भी की गई थी। सोमवार की रात पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसी झगड़े में शंभू प्रसाद ने अपनी पत्नी पर धारदार चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि रात में घटना की जानकारी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### इंडिया

## डार्क वेब से उपजी काली सच्चाई और खतरे की घंटी



सुनील बादल

**कहा** जाता है कि हर बुराई की शुरूआत घृणा से होती है और आज के डिजिटल युग में भी एस ही हो रहा है। झारखंड की बदनामी आज के दिन साइबर अपराधियों के कारण हो रही है जो खतरनाक या प्रतिबंधित वेबसाइट का इस्तेमाल करते हैं जिससे सामान्य लोग अनभिज्ञ हैं। इंग्लैंड का एक शहर वेल्स। 21 साल की एलोइस पैरी अपनी यूनिवर्सिटी की सबसे मेधावी छात्राओं में थी, लेकिन ज्यादा वजन को लेकर दोस्त उसका मजाक उड़ाते थे। वजन जल्द कम करने के लिए उसने डार्क वेब से जो दवा खरीदी, वह उन तत्वों से बनी थी, जिनका इस्तेमाल पहले विश्वयुद्ध में विस्फोटक के रूप में होता था। यह इतनी खतरनाक दवा थी कि इसके सेवन के बाद एलोइस बच नहीं पाई। सिर्फ एक गोली ने वसा को जलाने के साथ उसका शरीर अंदर से पूरी तरह भून दिया था। । लेकिन यह डार्क वेब है क्या? 'डार्क वेब', इंटरनेट की दुनिया का वह क्षेत्र है, जहां पहुंचने के लिए खास सॉफ्टवेयरों की जरूरत पड़ती है। लेकिन एक बार यहां पहुंच गए, तो खुलती है रहस्यों की रियासत। वर्ल्ड वाइड वेब की इस काली दुनिया में कई वेबसाइटें ऐसी होती हैं, जो खुद को ऐसे छिपाए रखती हैं कि दुनिया का कोई सर्च इंजन आपको उन तक पहुंचा नहीं सकता। अगर उन तक जाना है, तो आपको उनका एड्रेस मालूम होना जरूरी है। इस अंधेरी दुनिया में बाजार भी लगते हैं, जिन्हें 'डार्कनेट बाजार' कहते हैं, जिनमें ड्रग्स से लेकर खतरनाक हथियार तक बिकते हैं। यहां रुपया या डॉलर नहीं चलता, सारा भुगतान होता है क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन में। हत्याओं के लिए डार्क वेब पर अलग बाजार सजता है, जहां यूजर किसी की हत्या के लिए भुगतान कर सकते हैं। अमेरिका के जिस पूर्व राष्ट्रपति का नाम आज सबकी जुबान पर और मीडिया में छाया रहता है, कथित तौर पर उसकी हत्या के लिए क्राउडफंडिंग के लिए भी एक साइट बनाई गई थी। हालांकि ऐसी वेबसाइटों से बचने की सलाह दी जाती है, क्योंकि इनमें घोटालों की भी आशंका होती है। चूंकि डार्क वेब पूरी तरह से गुमनामी में काम करता है, यह उन लोगों को पसंद आता है, जो सरकारों और प्रवर्तन एजेंसियों से छिप कर काम करना चाहते हैं। सरकार के भीतर की खबरें लीक करने वाले व्हिसल ब्लोअर्स, पत्रकारों से संवाद करने के लिए और आतंकवादी या अपराधी अपने लेनदेन को गुप्त रखने के लिए इसी डार्क वेब का इस्तेमाल करते हैं। कल्पना करें कि पूरा




इंटरनेट एक बेहद विशाल और घना जंगल है। जंगल की शुरूआत से लेकर अंत तक जाने के लिए कई रास्ते हैं, जिन्हें आप गूगल, बिंग इत्यादि लोकप्रिय सर्च इंजन माने। लेकिन इन रास्तों (गूगल) से अलग भी कई जगहें हो सकती हैं, जो पेड़ों से छिपी हों। लेकिन जब तक आपको यह न पता हो कि आप खोज क्या रहे हैं, तब तक इन रास्तों से अलग कुछ भी ढूंढ पाना नामुमकिन लगता है। डार्क वेब इसी तरह काम करता है। यह जंगल की तरह चीजों को छिपाने के साथ कार्यों और पहचान को भी छिपाता है।वेब तीन तरह से काम करता है, ओपन (सरफेस) वेब, डीप वेब और डार्क वेब। ओपन वेब इंटरनेट का वह हिस्सा है, जो सार्वजनिक रूप से दिखता है, जिसका दुनिया के ज्यादातर लोग गूगल, बिंग इत्यादि सर्च इंजनों द्वारा उपयोग करते हैं। डीपवेब इंटरनेट का वह हिस्सा है, जो अमूमन लोगों की नजरों से छिपा रहता है और उन तक सामान्य सर्च इंजनों के माध्यम से नहीं पहुंचा जा सकता है। हालांकि डीपवेब का एक बड़ा हिस्सा डेटाबेस से बना होता है, जिसे कुछ सुरक्षा उपायों के साथ ओपन वेब पर एक्सेस किया जा सकता है जैसे होटल बुकिंग, ऑनलाइन खरीदारी, बैंकिंग या मेडिकल रिकॉर्ड इत्यादि से जुड़ा डाटा, जिस तक केवल अधिकृत व्यक्ति ही पहुंच सकते हैं। तीसरा होता है डार्क वेब। सामान्य तौर पर जब कंप्यूटर या किसी डिवाइस के जरिये लोग ऑनलाइन होते हैं, तो उसका एक आईपी (इंटरनेट प्रोटोकॉल) एड्रेस होता है, जिससे यह पता लगाया जा सकता है कि किसी सिस्टम से कौन-कौन सी वेबसाइट पर पहुंचा गया है। लेकिन डार्क वेब ऐसी जटिल प्रणालियां उपयोग में लाता है, जिससे यूजर का वास्तविक आईपी एड्रेस अज्ञात हो जाता है। डार्क वेब तक पहुंचने के लिए सामान्य सर्च इंजन नहीं, बल्कि कुछ समर्पित सॉफ्टवेयर होते हैं। इसमें सबसे लोकप्रिय सॉफ्टवेयर है टोर (द ओनियन राउटर)। रोज करीब 30 लाख टोर सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हैं। टोर सॉफ्टवेयर द्वारा भेजे गए संदेश सीधे अपने गंतव्य पर नहीं जाते, बल्कि इसके बजाय उन्हें नोड्स के जरिये रिले किया जाता है। संदेश प्याज के छिलके की तरह होता है, जो प्रत्येक नोड पर अपनी एक परत उतार देता है और फिर अगले नोड की तरफ बढ़ जाता है। प्रत्येक नोड अपने से पिछले और ठीक अगले की पहचान तो जानता है, लेकिन संदेश की शुरूआत कहां से हुई और यह कहां-कहां जाने वाला है, इसकी पूरी जानकारी किसी को भी नहीं होती।

## अंतर्राज्जीय कनेक्टिविटी परियोजना से पुल निर्माण का मामला उठाया

- **सांसद ने नियम 377 के तहत संसद में उठाया मामला**
- **पुल निर्माण से झारखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी : वीडी राम**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने मंगलवार को लोकसभा में नियम 377 के तहत हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत देवरी कला सूर्य मंदिर के सामने एवं दूसरी तरफ रोहतास जिला (बिहार) के नौहट्टा प्रखंड के ग्राम देवीपुर में झारखंड एवं बिहार के बीच बहने वाली सोन नदी पर पुल निर्माण कराने संबंधी महत्वपूर्ण मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पलामू जिला (झारखंड) के हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत देवरी कला सूर्य मंदिर के सामने एवं दूसरी तरफ रोहतास जिला (बिहार) के नौहट्टा प्रखंड के ग्राम देवीपुर में झारखंड एवं बिहार के बीच बहने वाली सोन नदी पर अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी के तहत पुल निर्माण कराने की आवश्यकता है। उक्त पुल के निर्माण से यात्रियों के यात्रा समय में काफी कमी आएगी और झारखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि जपला सीमेंट फैक्ट्री बंद होने के बाद हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कोई उद्योग या वैकल्पिक व्यापार का रास्ता नहीं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### सिगसिगी में श्रीहरि कथा का आयोजन कल से

**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत सिगसिगी पंचायत के गढ़टोला देवी धाम पर गुरूवार से आचार्य विष्णुचित जी महाराज के द्वारा श्रीहरि कथा किया जायेगा। मौके पर पंकज कुशवाहा, अनुज कुमार चौधरी, राजा बाबू, नरेश सिंह, राहुल गुप्ता, सन्तोष गुप्ता, अवधेश गुप्ता, धीरज गुप्ता, श्याम नारायण सोनी, संजय मेहता, पृथ्वी साह, सत्यनारायण चंद्रवंशी, सुनील तिवारी, बबलू साह, विक्रांत कुमार मौजूद थे।

### हितधारकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**सतबरवा।** प्रखंड अंतर्गत रबदा पंचायत सचिवालय के सभागार में मंगलवार से समुदाय स्तरीय हितधारकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इस मौके पर प्रशिक्षण कर्ता प्रवेश कुमार, जलसहिया प्रीति गुप्ता, संगीता देवी, रिंकी मिश्रा, किरण देवी, प्रतिमा गुप्ता, ज्योति कुमार सिंह, संजय राम, चंपा देवी मौजूद रहीं।

### 20 सूत्री अध्यक्ष ने नवागत बीडीओ का किया स्वागत

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में 20 सूत्री सदस्यों ने नव पदस्थापित प्रभारी सीओ सह बीडीओ विश्वप्रताप मालवा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान अध्यक्ष ने नवपदस्थापित बीडीओ को बुके देकर बधाई दी। सदस्यों में वीरेंद्र सिंह,गुडू सिंह, रविरंजन सिंह, सोनू सिंह, दिलीप पाल अनिल सिंह शामिल थे। अध्यक्ष ने बीडीओ को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया साथ ही मिल जुलकर क्षेत्र के विकास में भागीदारी देने की बात कही।

### युवक के दाह संस्कार में उमड़े लोग

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के एनएच-98 कौवाखोह के समीप सोमवार की देर रात सड़क हादसे में हरिहरगंज नगर पंचायत के अंबा गांव निवासी 43 वर्षीय उदित प्रजापति की मौत हो गयी। हरिहरगंज थाना के पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि उदित प्रजापति की मौत स्कॉर्पियो वाहन की चपेट में आने से हुई है। पुलिस वाहन को जब्त कर अग्रेत्तर कार्रवाई में जुटी है। पोस्टमार्टम के बाद अंबा गांव के समीप बटाने नदी तट पर उनका दाह संस्कार किया गया। दाह संस्कार में भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, हरि प्रजापति, आनंद यदुवंशी, पुनीत प्रजापति, विजय कुमार, कमलेश यादव, सत्येंद्र यादव, सुरेंद्र प्रजापति, उपेंद्र साव, गेंदालाल यादव शामिल थे।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष ने जेएमएम से पूछे सवाल

**पाटन।** भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह ने जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत सिंह से पूछा कि यदि पूर्व सीएम हेमंत डरने वाले नहीं है तो ऐसी कौन सी परिस्थिति आ गयी थी कि वे देश की राजधानी से चोरी-छिपे भाग खड़े हुये। उस दौरान मुख्यमंत्री रहते हुये उन्होंने झारखंड को किसके भरोसे छोड़ा था। इससे न सिर्फ लोकतंत्र अपितु झारखंड की मर्यादा भी धूल-धुसरित हुई है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश संवैधानिक व्यवस्था से चल रहा है। किसी की तानाशाही से नहीं। झामुमो के पाप का घड़ा भर गया है। वर्ष 2024 में उसका खात्मा निश्चित है।

---

**2024 लोक सभा चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपाई हुये रेस**

# बूथों पर कमल निशान बनाकर भाजपा ने शुरू किया प्रचार अभियान

### सबका विश्वास पाने में बीजेपी कामयाब रही : रविंद्र सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपाईयों ने नगर पंचायत के अंतर्गत बूथ संख्या 124/114/123 पर कमल निशान बनाकर प्रचार अभियान का श्रीगणेश किया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि एक बार फिर कमल निशान पर बटन दबाकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का जनता मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास एवं विश्वास पाने में बीजेपी कामयाब रही है। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि विधान सभा चुनावों में भाजपा की जीत ने पीएम नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह के कुशल नेतृत्व का सुबूत पेश किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोक सभा चुनाव में बीजेपी गठबंधन



प्रचंड बहुमत लेकर आयेगा। सांसद प्रतिनिधि अखिलेश कुमार मेहता ने कहा कि झारखंड की सभी लोकसभा सीटें बीजेपी के खाते में डालने के लिये कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ जुट गए हैं। इस मौके पर भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष उमा देवी, शिवपूजन प्रसाद गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत का बढ़ा मान

### प्रदेश प्रवक्ता लवली ने किया दीवाल लेखन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय आह्वान पर देश-प्रदेश एवं जिला स्तर से लेकर मंडल स्तर और बूथ स्तर पर एक बार फिर से मोदी सरकार का स्लोगन एवं भारतीय जनता पार्टी का चुनाव चिन्ह कमल फूल के दीवाल लेखन का कार्य 15 जनवरी से शुरू किया गया है। इसी कड़ी में भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने पांकी विधानसभा के तरहसी, मनातू, बंसी आदि गांवों में जाकर दीवाल लेखन का कार्य किया। उन्होंने कहा कि अभियान को भी विकसित भारत संकल्प यात्रा की तरह सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। बीते 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बहुत से ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं से नागरिकों के मन में एक नया विश्वास पैदा हुआ है। देश प्रदेश में वैश्विक स्तर के



इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्य हुए हैं। हाईवे , रेलवे, एयर कनेक्टिविटी की मजबूती हुई है। मोदी जी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ा है। हर भारत वासी का मान सम्मान बढ़ा है। मौके पर सांसद जिला प्रतिनिधि विनोद गुप्ता,भाजपा युवा नेता उज्जवल पांडे ,आलोक पांडे, मोती प्रसाद, किशोर प्रसाद आदि ने भी भागीदारी निभायी।

---

**कई दिनों से राजकीय कृत मध्य विद्यालय बैरियाडीह बंद रहने से विद्यार्थी परेशान**

# प्रधानाध्यापक गायब, विद्यालय बंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** नगर पंचायत मुख्यालय स्थित वार्ड नंबर 15 बैरियाडीह स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय पिछले कई दिनों से बंद है। प्रधानाध्यापक उदय भान के बगैर विभाग को सूचना दिये गायब रहने से विद्यालय में ताला लटका हुआ है। इससे विद्यार्थी बिना अध्ययन किये ही वापस लौटने को विवश हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को विद्यालय के गेट पर इकट्ठा हो प्रधानाध्यापक को हटाने की मांग की है। अभिभावक कमलेश गुप्ता ने बताया कि 20 जनवरी से ही विद्यालय बंद है। बीच में 26 जनवरी को प्रधानाध्यापक उदयभान विद्यालय आकर झंडोत्तोलन किये थे। उसके बाद से विद्यालय बंद कर अब तक लापता हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विद्यालय भवन के रंग रोगन और विकास मद के लिए आई तीन लाख रुपये की राशि की निकासी बिना कार्य



### पूछा गया है स्पष्टीकरण

प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक शशिकांत कुमार ने कहा कि 23 जनवरी को बिना सूचना के स्कूल बंद कर गायब रहने पर प्रधानाध्यापक उदय भान से स्पष्टीकरण पूछा गया है। इधर दो से पांच फरवरी तक छुट्टी के लिए प्रधानाध्यापक के द्वारा आवेदन दिया गया था, परंतु छह फरवरी को वे क्यों उपस्थित नहीं हुये। इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण मांगा जायेगा। विभागीय कार्रवाई के लिए जिला कार्यालय से अनुशंसा की जायेगी।

कराये ही प्रधानाध्यापक द्वारा कर ली गयी है। उन्होंने कहा कि जब से बैरियाडीह मध्य विद्यालय में उदय भान की पदस्थापना हुई है तब से अब तक विद्यालय में अनियमितता ही रही है। उनके द्वारा भवन निर्माण से लेकर मध्याह्न भोजन, विकास मद ,रंग रोगन और कोरोना काल में विद्यालय बंद के दौरान आई नगद राशि का भी गबन कर लिया गया है। इसके अलावा पिछले वर्ष भी प्रधानाध्यापक बिना छुट्टी के ही लापता थे। जिस बाबत ग्रामीणों के द्वारा शिक्षा विभाग से शिकायत की गयी थी। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के द्वारा प्रधानाध्यापक उदय भान का अक्तूबर 22 से मार्च 23 तक का वेतन पर रोक लगाते हुए प्रपत्र क गठित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की गयी थी, किंतु जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा वेतन का भुगतान करने के साथ ही प्रपत्र क गठन की कार्रवाई को स्थगित कर दिया गया था। मौके पर रामचंद्र राम, अमलेश गुप्ता, जगदीश साव, सुदामा साव, सामूजी साव, श्रवण गुप्ता, अशोक यादव, चलीतर यादव, विजय यादव, बाबूलाल गुप्ता मौजूद थे।

### प्रधानाध्यापक को नहीं करने देंगे प्रवेश

ग्रामीणों के हंगामें की सूचना पर मंगलवार दोपहर बीआरसी कार्यालय से सीआरपी और बीआरपी विद्यालय पहुंचे, लेकिन उस समय ग्रामीणों ने उन्हें विद्यालय नहीं खोलने दिया। ग्रामीणों ने बुधवार से निर्धारित समय पर विद्यालय खोलने की मांग की है।

---

**करार में मन्दिर निर्माण के लिये भूमि पूजन**

## माता शबरी के साथ विराजेंगे श्रीराम



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी प्रखण्ड के करार पंचायत के नादगद गांव के सोनरे नदी के तट पर मंगलवार सुबह अखिल भारतीय भुईयां समाज के द्वारा माता शबरी सहित भगवान श्रीराम दरबार की मन्दिर निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने बताया कि इस स्थल पर 2007 से माता शबरी जयंती मनाई जा रही है। अब तक हमलोग माता शबरी की फोटो रख कर जयंती मनाते थे। श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुये मंदिर निर्माण का निर्णय लिया गया है। इसके लिये सभी तन-मन-धन से जुट गये हैं। आगामी 25 फरवरी को माता शबरी जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। साथ ही हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय मेला का आयोजन किया जाएगा। मौके पर उपस्थित करार मुखिया मीना देवी ने कहा कि मन्दिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया जा रहा है। जल्द ही निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने माता शबरी की तपस्या का उल्लेख करते हुये कहा कि जिस प्रकार उनकी साधना से भगवान श्रीराम को उनकी कुटिया में आने के लिये विवश होना पड़ा था। उसी प्रकार अपने बच्चों के विकास के लिये भुइयां समाज को भी उन्हें शिक्षित करने के लिये विवश होना पड़ेगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि रितेश भुइयां, विकेश भुइयां ललन, अखिलेश, सुनील, जागेश्वर, कपिल, मनोज उपस्थित थे।

---

# पैसा नहीं देने पर आवास योजना से किया वंचित

### दिव्यांग महिला ने प्रखंड समन्वयक पर लगाया आरोप

### पीड़ित महिला ने उपायुक्त समेत स्थानीय अधिकारियों से लगाई गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के बैरांव पंचायत के गेडूराही गांव की दिव्यांग चिंता देवी ने पलामू के उपायुक्त को आवेदन देकर प्रखंड समन्वयक पर अबुआ आवास के लिये पैसा मांगने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वे और उनके पति दिव्यांग हैं। उनका मकान कच्चा है। उन्होंने अबुआ आवास के लिए आवेदन दिया था। उनका नाम प्रतीक्षा सूची में ओबीसी वर्ग में क्रमांक 123 पर है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि आवास के प्रखंड समन्वयक से उन्होंने आवास संबंधी बात की। उन्होंने पैसे की मांग की तो किसी तरह रुपये 5000 का इंतजाम करके दे भी दिया। इसके बाद भी और पैसे की मांग की जा रही है। महिला चिंता देवी ने उपायुक्त से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा है कि उनके पति गंगेश्वर मेहता आंख से अंधे हैं। जबकि वह खुद गूंगी-बहरी है।

---

**अबुआ आवास को लेकर डीसी ने बीडीओ व ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों संग बैठक की, कहा**

# सत्यापन कर योग्य लाभुकों को अबुआ आवास का दें लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने मंगलवार को जिले के सभी बीडीओ व ब्लॉक कोऑर्डिनेटर संग बैठक कर अबुआ आवास योजना का प्रखंडवार प्राप्त आवेदन,स्वीकृत आवेदन,तथा जियोटैगिंग की बिंदुवार समीक्षा कर प्रखंड विकास पदाधिकारियों को योग्य लाभुकों का चयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने योजना के तहत आये सभी आवेदनों का युद्ध स्तर पर वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिये।उन्होंने प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजना के तहत लाभ प्रदान करने हेतु आवेदनों की त्रुटि या तकनीकी समस्याओं को आपसी



तालमेल स्थापित करते हुए निष्पादन करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि लाभुकों के चयन के दौरान विभागीय दिशा निर्देशों का हर हाल में अनुपालन हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये।

**चार बीडीओ को शोकॉज, कई प्रखंड समन्वयक का कटा वेतन :** अबुआ आवास के प्रगति की समीक्षा के दौरान आवेदनों के वेरिफिकेशन में धीमी गति को लेकर उपायुक्त ने पाटन, लेस्लीगंज, सदर व छतरपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी को शोकॉज किया। इसी तरह अबुआ आवास में संतोषप्रद कार्य नहीं करने को लेकर पांकी, हरिहरगंज, पाटन, लेस्लीगंज, सदर व छतरपुर के आवास कोऑर्डिनेटर का 15 दिनों का वेतन स्थगित कर दिया।उपायुक्त ने जिला कोऑर्डिनेटरों को ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों के साथ बेहतर तालमेल के साथ सभी योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।बैठक में जिले के सभी बीडीओ व आवास के कोऑर्डिनेटर उपस्थित थे।

---

### दसवीं के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई



**मनातू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नौडीहा पंचायत के ग्राम घंघरी में अवस्थित सन साइन कोचिंग सेंटर में दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को समारोह पूर्वक मंगलवार को विदाई दी गई। मौके पर उपस्थित नौडीहा पंचायत की पूर्व मुखिया शांति देवी, वर्तमान मुखिया बंधु भुईयां, पंचायत समिति सदस्य नाजनी निशा, समाजसेवी अफजल खान, दिलशाद अंसारी, हसनाथ अंसारी, रहीम मियां, जावेद खान, दिलीप कुमार, कोचिंग के निदेशक जाहिद हुसैन ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा बहुत जरूरी है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पूर्ण मनोयोग से परीक्षा देकर परिवार, संस्थान व क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिये प्रेरित किया। प्राचार्य विजय कुमार, शिक्षक अनुज कुमार, आशिफ रजा आदि मौजूद रहे।

---

**शोर मचाने पर दी जान से मारने की धमकी, पुलिस के पहुंचने के पहले भागे अपराधी**

# अपराधियों ने घर की दीवाल को गिराया, आभूषण व रुपये लेकर भागे

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर मुख्य बाजार के राजपूतन टोला मोड़ पर सोमवार की रात करीब 12 बजे 10-12 की संख्या में पहुंचे अपराधियों ने राजा गिरी के घर की दीवार गईता, कुदाल, शब्बल से मार कर गिरा दी। आवाज मिलने पर घर के लोग जागे तो शोर मचाना शुरू किया। बाहर से अपराधियों ने कहा कि बाहर निकलोगे तो गोली मार देंगे। इस संबंध में राजा गिरी ने हैदरनगर थाना में लिखित आवेदन देकर कहा है कि सोमवार की रात्रि घर के सभी लोग खाना खाने के बाद सो रहे थे। आवाज मिलने पर सभी जाग गए। पता लगा कि उनके घर की ईंट की दीवार तोड़ी जा रही है। शोर मचाने पर अपराधियों ने कहा कि बाहर



निकलने की कोशिश करोगे तो गोली मार देंगे। आवेदन में कहा गया है कि किवाड़ की फांक से देखा तो 10- 12 की संख्या में गमछा से मुंह बंधे लोगो के हाथ में कुदाल, गईता, शब्बल था। जबकि दो के हाथ में पिस्तौल भी था। राजा गिरी ने तत्काल हैदरनगर थाने को सूचना दी। सूचना देने के आधा घंटा बाद थाना पुलिस पहुंची। तब तक अपराधी भाग चुके थे। थाना पुलिस को आने के बाद देखा कि घर के एक ट्रैंक का ताला टूटा हुआ है। उसमे रखा गया कीमती सोने-चांदी का आभूषण और दस हजार रुपया नहीं है। जबकि दीवार पूरी तरह ध्वस्त कर दी गई है। राजा गिरी ने हैदरनगर थाने को दिए आवेदन में दो नामजद समेत अज्ञात 10- 12 अपराधियों पर दीवार तोड़ने, धमकी देने ,आभूषण व दस हजार रुपया लेकर भाग जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस से कहा है कि रात की घटना से पूरा परिवार दहशत में है। उन्होंने जान माल की सुरक्षा देने का आग्रह किया है। इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन छानबीन में जुट गए हैं।

---

# ऐतिहासिक होगी राहुल गांधी की न्याय यात्रा

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को किया प्रेरित, 14 फरवरी को बीमोड़ पहुंचेगी न्याय यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि जनजन के नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा पलामू जिले में ऐतिहासिक होगी। इसके लिए कार्यकर्ताओं के द्वारा उत्साह पूर्वक कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। न्याय यात्रा आगामी 14 फरवरी को गढ़वा के रास्ते बीमोड पहुंचेगी। श्री पाठक मंगलवार को कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा करने के बाद बीमोड़ पर कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्हेंने कहा कि बीमोड़ पर राहुल गांधी के द्वारा संवाद कार्यक्रम होगा। जहां केंद्र



सरकार की नाकामी के 10 वर्षों पर लोगों के बीच संवाद स्थापित किया जायेगा। बताया कि बीमोड़ पर कार्यक्रम के बाद न्याय यात्रा विश्रामपुर होते हुए नावाबाजार पहुंचेगी। जहां श्री गांधी रात्रि विश्राम करेंगे व अगले दिन किसानों के साथ वर्तमान स्थिति पर संवाद स्थापित करेंगे। साथ ही उसी रास्ते छतरपुर होते अपनी न्याय यात्रा को पूरा करते बिहार निकल जाएंगे। मौके पर वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे, गामा चौबे, प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र शुक्ला व डुलडूल शुक्ला मौजूद थे।

---

**आरंभ** | **मैट्रिक की आईटी, हेल्थ केयर व इंटर की वोकेशनल विषय की परीक्षा ली गयी**

# बोर्ड परीक्षा शुरू, इंटरमीडिएट में 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा मैट्रिक व इंटर की वार्षिक परीक्षा 2024 की शुरूआत मंगलवार से हुई। हुसैनाबाद के केंद्रों पर मैट्रिक की आईटी, हेल्थ केयर व इंटर की वोकेशनल विषय की परीक्षा ली गयी। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परीक्षा केंद्र प्रथम पाली मैट्रिक की परीक्षा में 86,द्वितीय पाली में इंटर की 2,प्लस टू बालिका उवि. में मैट्रिक के 57, द्वितीय पाली इंटर के 82 में 2 अनुपस्थि परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि इंटर की वोकेशनल परीक्षा में स्तरोन्नत उवि. कामगारपुर में 26,



हार्वे उवि. में 7 में 1अनुपस्थित रहे। शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज में 63 में 7 अनुपस्थित रहे। बीडीओ रौशन कुमार ने केंद्रों का निरीक्षण कर शांतिपूर्ण संचालन में जुटे वीक्षकों व केंद्राधीक्षको को कई निर्देश दिये। परीक्षा के दौरान सक्रिय रहने की बात कही। शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन के लिए अभिभावकों से भी सहयोग की अपील की। इस दौरान केंद्राधीक्षक विश्वजीत चौबे, प्रेम प्रकाश सिंह, प्रो. संजय कुमार सिंह,सूजाउल हक,वीक्षक नीरज कुमार, दंडाधिकारियों में अंजनी कुमार, आशीष कुमार प्रजापति, अभिषेक कुमार, प्रो. अरबिंद सिंह, दिलीप भगत आदि सक्रिय रहे।

---

# कार्यकर्ता मिलन में कांग्रेस ने बनायी रणनीति

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** कांग्रेस पार्टी का विश्रामपुर विस स्तरीय कार्यकर्ता मिलन सह वनभोज कार्यक्रम मंगलवार को ग्रासिम मोड़ स्थित महेंद्र शुक्ला स्मृति कॉम्पलेक्स में हुआ। जिसमें विश्रामपुर,पांडू नवाबाजार और ऊंटारी रोड प्रखंड के कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. नंदलाल शुक्ला व संचालन युवा समाजसेवी फिरोज खान ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वरीय कांग्रेसी नेता सह पूर्व विस प्रत्याशी अमृत शुक्ला और विशिष्ट अतिथि के रूप में भवनाथपुर के पूर्व विधायक राजा राजेंद्र प्रताप देव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आगामी लोस और विस चुनाव पर चर्चा हुई। इस



दौरान कार्यकताओं और समर्थकों ने अमृत शुक्ला को विस चुनाव लडने का आग्रह किया। कार्यक्रताओ से रायशुमारी के बाद अमृत शुक्ला ने विश्रामपुर विस क्षेत्र से चुनाव लडने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं,समर्थकों और जनता के संकल्प के आगे नतमस्तक हूं। पूरी उम्मीद है कि पार्टी भी विश्रामपुर की जनता की भावना को समझते हुए उन्हें टिकट देगी। भवनाथपुर के पूर्व विधायक राजा राजेंद्र प्रताप देव ने कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र का अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। इसके लिए राजनीतिक नेतृत्व परिवर्तन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आईसीसी का सदस्य होने के नाते हम लोगो को आश्वस्त करते हैं कि इस बार कांग्रेस पार्टी का टिकट अमृत शुक्ला को दिलाने का प्रयास करूंगा। मौके पर कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर कुमार, प्रो.फरीद खान, विजय कांत चौबे, सुनील सिंह, यमुना प्रसाद शुक्ला, विरेंद्र चौबे उर्फ गामा चौबे, अशोक सिंह,मनोज चंद्रवंशी, ओम कारण तिवारी, अजब नारायण शुक्ला, विजय तिवारी, जैनुल खान,सीताराम चौबे, श्याम लाल शुक्ला, राघवेंद्र चौबे, ईश्वरी चौधरी, रामा शंकर शुक्ला, राम परीखा मेहता मौजूद थे।

## सुप्रभात पलामू




**पलामू वासियों को नमस्कार।**

रेलवे आपकी है। रेलवे स्टेशन को स्वच्छ व सुंदर रखना आप सबकी जिम्मेदारी है। महिला यात्रियों को सम्मान देते हुये अपनी यात्रा हो सुखद व सुरक्षित बनायें।

उमेश गुप्ता, स्टेशन अधीक्षक,डालटनगंज।

## पारिवारिक विवाद में महिला ने की आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के रूद गांव निवासी मनोज राम की पत्नी अनु देवी उम्र 35 वर्ष ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि सोमवार की शाम अनु का अपनी सगी बहन पूजा देवी से खेत में बकरी चराने को लेकर झगड़ा हो गया। इसके बाद गुस्से में आकर अनु घर में रखी चूहा मारने वाली दवा का सेवन कर ली। जिसके कारण उसकी स्थिति गंभीर हो गई। परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया।




कौन कहता है कि हम चंद्रयान के युग में हैं। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर पलामू के ग्रामीण अंचलों में आज भी नागरिक मालवाहकों में भेड़-बकरियों की तरह लद कर गंतव्य की ओर जाने को विवश हैं। (छाया- श्याम नारायण शर्मा)

### ज्योति प्रकाश महिला बीएड कालेज में समूह परिचर्चा , छात्राओं ने लिया भाग

# समावेशी विकास की राह में बेरोजगारी बाधक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय ज्योति प्रकाश महिला बीएड कालेज में मंगलवार को एनसीटीई द्वारा संचालित कार्यक्रम के तहत पैनल डिस्कसन आन द प्रिपेडनेस आफ द टेट्स इन रिस्पेक्ट आफ इंक्लूसिव डेवलपमेंट विषय पर समूह परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएड सत्र 2023-25 की छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज की प्राचार्या डा. अनुपमा गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समावेशी विकास पर विचार अभिव्यक्ति के क्रम में छात्राओं ने कहा कि विकास के लिये समाज के प्रत्येक व्यक्ति को समान अधिकार मिलना चाहिये। इस दौरान वसुधैव कुटुंबकम अर्थात संपूर्ण विश्व एक परिवार पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। समावेशी विकास में बाधक प्रमुख तत्व बेरोजगारी, गरीबी, अशिक्षा, पर्यावरण प्रदूषण आदि पर भी चर्चा की गयी। मौके पर व्याख्याता अविनाश कुमार सिन्हा, सुजीत कुमार, वीणा तिवारी, माया त्रिपाठी, अंजना दुबे, रेखा सिंह आदि मौजूद रहीं।



## एक नजर

### एमकेडीएवी में मनी एनडी ग्रोवर की पुण्यतिथि

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में डीएवी बिहार, झारखंड, उड़ीसा क्षेत्र के पूर्व निदेशक कर्मयोगी नारायण दास ग्रोवर की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई । कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जी एन खान ने ग्रोवर साहब के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में उन्होंने स्व. ग्रोवर के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में कक्षा नवम एवं एकादश के छात्रों के साथ हवन किया गया। जिसमें शिक्षक आलोक कुमार, सीएस पांडे, एसके पांडे, तुषार घोष, सुमन चौबे एवं सुदेशना राय उपस्थित थी। हवन कर्ता अरविंद कुमार एवं कार्यक्रम संयोजक शिक्षक कन्हैया राय थे।

### भाजपा के षडयंत्र को जनता देगी जबाब

**मेदिनीनगर।** झामुमो नेता अभिषेक सिंह ने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मुलाकात कर उन्हें सदन में भारी बहुमत से विश्वास मत हासिल करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि विपक्ष व केंद्रीय तंत्र की समस्त साजिशों को धता बताते हुये जेएमएम नीत सरकार ने जीत हासिल की है। ईडी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करते हुये श्री सिंह ने कहा कि जनता सब देख रही है। किस प्रकार बगैर किसी कारण के निर्वाचित व लोकप्रिय मुख्यमंत्री को पद से हटना पड़ना है। आने वाले समय में आम जनता भाजपा को सबक सिखायेगी। उन्होंने कहा कि अब विपक्षी दलों को समझ जाना चाहिये कि झारखंड का मतलब हेमंत सोरेन है। झारखंड टाइगर के नाम से मशहूर सीएम चम्पाई सोरेन की सरकार भाजपा के सभी षडयंत्रों को विफल करेगी।

### जिले में शुचिता के साथ मैट्रिक व इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा शुरू

# पहले दिन 25 परीक्षार्थी अनुपस्थित डीईओ ने किया केंद्रों का निरीक्षण

**पहले दिन प्रथम पाली में मैट्रिक की आईआईटी एवं अन्य वोकेशनल कोर्स की परीक्षा हुई**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में झारखंड अधिविद्य परिषद् (जैक) की मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा मंगलवार शांतिपूर्ण शुरू हुई। पहले दिन प्रथम पाली में मैट्रिक की आईआईटी एवं अन्य वोकेशनल कोर्स की परीक्षा हुई, वहीं द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट में कला, विज्ञान व वाणिज्य के विद्यार्थियों के वोकेशनल कोर्स की परीक्षा ली गई। पहले दिन मैट्रिक की परीक्षा सुबह 9.45 से शुरू हुई और दोपहर 12.30 बजे समाप्त हुई। जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा दोपहर दो बजे से प्रारंभ हुई और शाम 5.15 बजे समाप्त हुई। परीक्षा के पहले दिन जिला शिक्षा अधीक्षक सह डीईओ मनोज कुमार ने बीसीसी मिशन हाई स्कूल परीक्षा केंद्र समेत अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पहले दिन की परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण हुई। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान सम्बंधित केंद्रों के सीसीटीबी चालू पाये गये । पहले दिन की परीक्षा में काफी कम परीक्षार्थी शामिल हुए थे। प्रथम पाली में आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में 3544 परीक्षार्थियों में विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर 3519 परीक्षार्थी शामिल हुए,जबकि विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर 25 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि मैट्रिक में इस जिले में 33,153 और इंटरमीडिएट परीक्षा में 29,756 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। मैट्रिक परीक्षा के लिए 71 और इंटर के 37 परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं। पहले दिन 38 परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक की परीक्षा हुई।



**पहले दिन मैट्रिक की परीक्षा सुबह 9.45 से शुरू हुई और दोपहर 12.30 बजे समाप्त हुई**

**निरीक्षण के दौरान सम्बंधित केंद्रों के सीसीटीबी चालू पाये गये : डीईओ मनोज कुमार**

**मैट्रिक की परीक्षा में 3544 परीक्षार्थियों में विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर 3519 परीक्षार्थी शामिल हुए**

# बेतरतीब खड़े आटो से लग रहा जाम

**बस व ऑटो चालकों का ड्रेस कोड लागू करने की उठी आवाज**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में सवारी बैठाने के चक्कर में इधर-उधर बेतरतीब खड़े आटो शहर में जाम का प्रमुख कारण बने हुये हैं। पहचान सुनिश्चित करने के लिये लोगों ने शहर में बस व आटो चालकों के लिये ड्रेस कोड लागू करने की आवाज बुलंद की है। लोगों का कहना है कि शहर की दिन-प्रतिदिन बढ़ रही आबादी के कारण बस व ऑटो सहित अन्य सवारी वाहनों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। जिससे वाहन चालकों में सवारी को लेकर मारामारी की स्थिति बनी रहती है। पहले सवारी बैठाने के चक्कर में आटो चालक कहीं पर भी वाहन खड़ा कर दे रहे हैं। शहर की सड़कें संकरी होने व ट्रैफिक के नियम का पालन नहीं करने से जाम की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। विशेषकर सुबह व शाम के समय सवारियां अधिक निकलती है। इस दौरान बस स्टैंड रेड़मा, छह मुहान, सदीक चौक, बायपास आदि स्थानों पर जाम की समस्या से नागरिकों का हाल बेहाल है। यातायात पुलिस को भी इस संबंध में समुचित ध्यान देने की आवश्यकता है।

### शादी समारोह में गया बिहार गये थे परिजन, जांच में जुटी पुलिस

# सूने घर का ताला तोड़कर नगदी सहित लाखों की चोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के शांतिपुरी निवासी स्व. राकेश पाठक के पत्नी स्वर्णलता पाठक के घर सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़ कर 10 लाख रुपये का गहना और 40 हजार रुपया नगद चुरा लिया। स्वर्णलता ने बताया कि दो दिन पहले घर के सभी लोग सीमावर्ती बिहार राज्य के गया जिला स्थित अपने रिश्तेदार के घर शादी समारोह में गए थे। इस बीच पड़ोस में रहने वाले पंकज पाठक ने फोन कर घर का दरवाजा टूटा होना तथा चोरी की जानकारी दी। पीड़िता की सूचना पर शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा,टीओपी-तीन प्रभारी समाल अहमद, टाइगर मोबाइल के जवान परवेज खान घटना स्थल पर पहुंच कर मौका मुआयना किया। पुलिस आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाल रही है।



### डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर खुलेगा एफएफयू, निर्माण जोरों पर

# अब रेल यात्री उठा सकेंगे चाउमीन व बर्गर का लुत्फ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अब डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर यात्री चाउमीन, बर्गर, डोसा व इडली का लुत्फ उठा सकेंगे। एक महीने के अंतराल में स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर फास्ट फूड यूनिट खोलने की तैयारी की जा रही है। डीआरएम धनबाद ने इस एफएफयू की स्वीकृति दे दी है। डालटनगंज रेलवे सूत्रों के अनुसार फास्ट फूड यूनिट स्थापित करने के लिये पार्सल ऑफिस और द्वितीय श्रेणी सामान्य प्रतीक्षालय के बीच निर्माण भी शुरू हो गया है। आगामी एक महीने के अंतराल में इसका संचालन शुरू हो जाने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके लिये पूनम इंटरप्राइजेज को संविदा दिया गया है। डालटनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर एक पर पार्सल ऑफिस और द्वितीय श्रेणी सामान्य प्रतीक्षालय के बीच एफएफसी बनकर तैयार हो रहा है। इसके माध्यम से यात्रियों को ताजा व फ्रेश फास्ट फूड की सुविधा मुहैया करायी जायेगी।




### पर्यावरणविद् ने ट्रॉफी के साथ दिया आम का पौधा

# मुरुमदाग ने जीता सीपीएल क्रिकेट का खिताब

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर प्रखंड अंतर्गत चराई पंचायत के खेल मैदान में मुखिया रविंद्र राम की अध्यक्षता में आयोजित सीपीएल क्रिकेट टूनामेंट के फाइनल में सिलदाग को परास्त कर मुरुमदाग की टीम ने खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि पर्यावरणविद् कौशल किशोर जायसवाल, प्रखंड प्रमुख प्रमिला देवी, समाजसेवी अरविंद कुमार, समाज सेवी सुभाषचंद्र बोस, हटुकदाग पंचायत के मुखिया राजेंद्र सिंह खरवार एवं झामुमो के प्रखंड उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवार ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्राफी के साथ आम का पौधा प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। पर्यावरणविद् ने खिलाड़ियों को खेल के साथ पर्यावरण पर भी समुचित ध्यान देने के लिये प्रेरित किया। मौके पर आयोजन समिति के सचिव रामपुकार साव, सहसचिव अभिमन्यु ठाकुर, डाली के उप मुखिया अफजाल अंसारी, सचिन पांडेय, रविरंजन प्रसाद, अमित ठाकुर, ज्ञानी सिंह, विपिन यादव, मदन यादव, मीडिया प्रभारी उपेंद्र सिंह उपस्थित थे।




## न्यूज बॉक्स

### जनसंवाद कार्यक्रम में आप के कार्यकारी जिलाध्यक्ष हुये रूबरू

**मेदिनीनगर।** स्थानीय जोड़ गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी ने जनता के तीखे सवालों का सरलता से जबाब दिया। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के झारखंड प्रवक्ता एवं पलामू प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव मुख्य वक्ता एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में जोड़, पूर्वडीहा, पथरिया, रजवाडीह,पोखराहा ओढ़नार, रबदा, अवसाने, बसरिया, बूढ़ीवीर,तलया, बभन्डी सहित आसपास के गांवों के प्रतिनिधियों ने भी शिरकत की। इस दौरान सिंचाई,रोड,स्कूल,खराब जलमीनार व चापानल सहित ब्लॉक से सम्बंधित समस्याओं को उठाया गया। श्री तिवारी ने कई समस्याओं का तत्काल हल निकालते हुए अगले दिन से ही कार्य प्रारंभ करने का भरोसा दिया। प्रदेश प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र चौबे के निर्देशन में आप कार्यकर्ता जिले की समस्याओं के निराकरण में तत्पर रहेंगे।




### भूखा ना सोये कोई अपना का बढ़ रहा कारवां

**मेदिनीनगर।** इंडियन रोटी बैंक का आठवां स्थापना दिवस बिहार के सासाराम में धूमधाम से मनाया गया। मौके पर रोटी बैंक के संरक्षक एवं नेशनल कोर कमिटी के सदस्य सोनू नामधारी व प्रदेश कोआर्डिनेटर साहेब जी नामधारी मौजूद रहे। संरक्षक श्री नामधारी ने बताया कि आठ सालों के सफल संघर्ष के बाद संस्था ने नई ऊर्जा और समर्थन के साथ नौवें साल में प्रवेश किया है। इस समय संगठन ने समाज के लिए नई पहचान बनाने के लिए नई योजनाओं एवं कार्यक्रमों की शुरूआत की है। उन्होंने बताया कि 'इंडियन रोटी बैंक का सपना भूखा ना सोये कोई अपना' विचारधारा की पहल संगठन ने उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले से की थी। 6 फरवरी 2016 को विक्रम पांडेय द्वारा रोटी बैंक शुरू किया गया था। 15 राज्यों के 125 जिलों में इसका प्रसार हो चुका है। मौके पर जिला कोआर्डिनेटर सौरभ पांडेय, सुधीर सिंह, संतोष यादव समेत बिहार स्टेट कोऑर्डिनेटर सुमित मिश्रा,मीडिया प्रभारी शुभम पांडेय उपस्थित थे।

# रिश्ता शर्मसार, भतीजे ने किया चाची से दुष्कर्म

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के सेलारी पंचायत इलाके में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। भतीजे द्वारा पड़ोस में रहने वाली चाची से दुष्कर्म करने की घटना की खबर लगते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। युवक की पहचान संतोष भुइयां उर्फ संतोष कुमार (22) के रूप में की गयी है। बताया जाता है कि तीन फरवरी की रात संतोष ने पड़ोस में रहने वाली चाची के घर का दरवाजा खुलवाया। आवाज सुनकर विवाहिता ने दरवाजा खोला। संतोष ने उसे अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस क्रम में विरोध और शोर मचाने पर घर के अन्य सदस्य भी मौके पर पहुंच गये। अन्य लोगों को देख संतोष वहां से भाग गया। इस संबंध में चार फरवरी को मामला दर्ज किया गया। पुलिस अवर निरीक्षक जुरिया पूर्ति ने जवानों के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। महिला का पति मजदूरी करने के लिए दूसरे राज्य में गया है।



### आम श्रद्धालुओं को सदाचार के लिए किया प्रेरित

**सतबरवा।** प्रखंड के कसियाडीह खेल मैदान में सोमवार को बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी एवं मथुरा स्थित जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज जी महाराज ने आम श्रद्धालुओं को सदाचार के लिए प्रेरित किया। शाकाहार-सदाचार और व्यवहार को आदर्श बनाएं तथा मद्यनिषेध को त्यागना की उन्होंने अनुरोध किया। झारखंड में 82वां जनजागरण यात्रा के दौरान उन्होंने आयोजित जय गुरुदेव सत्संग में मानव तन में जन्म लेना तथा शुद्ध शाकाहारी बने और सदाचार अपनाने के साथ गृहस्थ आश्रम में रहते हुए कल्याण करने की बातों पर भी जोर दिया। आयोजन समिति के जनता साहू ने बताया कि झारखण्ड संगत के अध्यक्ष रामचन्द्र यादव, बिहार प्रांत अध्यक्ष मृत्युंजय झा, रामचन्द्र विश्वकर्मा, गोपाल साहू, मुकेश प्रसाद, अवध किशोर, रवि मांझी, जयनाथ साहू, रामधनी साव, बागेश्वर साव, नन्द दयाल सिंह, प्रसाद साव, रामदुलारी देवी, देवचरन साव आदि विशेष रूप से सक्रिय रहे।

## आत्मनिर्भर

### बकरी पालन प्रशिक्षण के उपरांत प्रमाण पत्र का किया गया वितरण

# स्वरोजगार का सशक्त माध्यम है बकरी पालन : निदेशक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पोखराहा खुर्द द्वारा चलाये जा रहे दस दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का समापन मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक ब्रह्मानंद साह, वरीय संकाय जितेन्द्र मेहता, जयंत चक्रवर्ती तथा जेएसएलपीएस के पदमा कलस्टर के सामुदायिक समन्वयक अवधेश कुमार ने संयुक्त रूप से सभी प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। निदेशक श्री साह ने सभी प्रशिक्षणार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बकरी पालन स्वरोजगार के लिए बहुत ही सशक्त माध्यम है। प्रशिक्षण के बाद सही ढंग एवं नयी तकनीक से बकरी पालन करके आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने की जरुरत है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को संस्थान के नियम-कानून एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारें में विस्तार से बताया गया। आरसेटी के संकाय तथा डोमेन स्किल ट्रेनर के द्वारा प्रतिदिन चार सत्रों में प्रशिक्षण के विषय-वस्तु की समय-सारणी के अनुसार विस्तार से जानकारी दी गई। स्किल ट्रेनर विरेन्द्र कुमार पाण्डेय के द्वारा बकरी पालन से सम्बंधित तरीके, बकरी के रोगों की पहचान एवं देखभाल, बकरी की नस्ल, रख-रखाव के तरीके, बकरी पालन के उपयुक्त शेड इत्यादि विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षणार्थियों को बकरी फार्म का विजिट कराकर अनुभवी किसानों से मिलाया गया। इस अवसर पर सहायक मणिकांत दुबे, शशिरंजन कुमार, मनोज कुमार सहित कुल 35 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

**बकरी के रोगों की पहचान एवं देखभाल, बकरी की नस्ल, रख-रखाव के तरीके, बकरी पालन के उपयुक्त शेड इत्यादि विषय पर विस्तार से चर्चा की गई**

**प्रशिक्षण के बाद सही ढंग एवं नयी तकनीक से बकरी पालन करके आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने की जरुरत है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को संस्थान के नियम-कानून एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारें में विस्तार से बताया गया**



## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिर्पोटर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिर्पोटर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### नामांकन के लिये आवेदन पत्र का वितरण शुरू

भवनाथपुर। प्रखंड के ढिकुलिया स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय केतार में सत्र 2024-2025 के लिए कक्षा छह एवं अन्य वर्गों में नामांकन के लिए आवेदन पत्र का वितरण शुरू हो गया है। इच्छुक अभ्यर्थी 20 फरवरी तक कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के कार्यालय से नामांकन फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। जानकारी देते विद्यालय की वार्डन कविता कुमारी ने बताया कि विद्यालय में नामांकन के लिये एक जनवरी से फार्म का वितरण शुरू किया गया है। नामांकन में प्रखंड के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय एवं वैसे परिवार की बालिकाओं का चयन किया जाना है जो गरीबी रेखा के नीचे है।

### विश्वास मत हासिल करने पर जेएमएम कार्यकर्ता गदगद

**भवनाथपुर।** चंपाई सोरेन के सीएम बनने से समर्थकों में खुशी का माहौल है । भवनाथपुर प्रखंड में अध्यक्ष मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान का वितरण कर खुशी का इजहार किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पूर्व सीएम व कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी पर कड़ी नाराजगी जताई। इस अवसर पर पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष बृजेश सिंह, अरविंद पाल, शमशेर अंसारी, विजय रावत, राजकुमार मेहता, अरविंद यादव, राजकुमार रावत, राजेंद्र राम शैलेंद्र यादव मौजूद थे।

### विहिप ने किया भंडारे का आयोजन

**श्रीबंशीधर नगर।** विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में मंगलवार को भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया। युवा कार्यकर्ताओं के सहयोग से आयोजित भंडारे में 600 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीबंशीधर मंदिर ट्रस्टी राजेश प्रताप देव, नगर ऊंटारी थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह और विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष गौरव पांडे ने संयुक्त रूप से हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। कार्यक्रम में युवा नेता बिट्टू जायसवाल, बजरंग दल संयोजक उत्कर्ष जायसवाल, विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री राहुल जायसवाल, विकास कुमार, पिंटू कुमार, बादल पासवान, निखिल कुमार तिवारी, ललित पासवान, अखिलेश कुमार, विजय जायसवाल, राहुल चंद्रवंशी ने योगदान दिया।

### प्रज्ञा केंद्र का ताला तोड़कर लैपटाप चोरी

**मेराल।** थाना से महज दो सौ मीटर की दूरी पर स्थित प्रज्ञा केंद्र का ताला तोड़कर चोरों ने सोमवार की रात्रि लैपटाप सहित अन्य सामान चुरा लिया। इस संबंध में प्रज्ञा केंद्र संचालक सलीम अहमद द्वारा थाने में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज करायी गयी है। आये दिन क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं से नागरिकों में भय व्याप्त है। पिछले एक माह के अंतराल में थाना क्षेत्र में चोरी की यह तीसरी वारदात है।

सरकारी सेवा में स्थानांतरण सामान्य प्रक्रिया

# स्थानांतरित सीओ को दी गयी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडाई।** प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में मंगलवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानांतरित सीओ चोनाराम हेंब्रम को भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान प्रखंड कर्मियों व जनप्रतिनिधियों के साथ थाना प्रभारी शाबाज अंसारी ने स्थानांतरित अंचल अधिकारी चोनाराम हेंब्रम को अंग वस्त्र, उपस्कर व माला पहना कर सम्मानित किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी ने कहा कि सरकारी सेवा में ट्रांसफर-पोस्टिंग एक समान प्रक्रिया होती है। नव पदस्थापित बीडीओ जागो महतो ने कहा कि अंचलाधिकारी हेंब्रम के विभागीय कार्य के दौरान एक साथ मिलकर काम करने का मौका मिला। उनका क्रियाकलाप बहुत अच्छा रहा है। तत्पश्चात स्थानांतरित सीओ ने नव पदस्थापित अंचलाधिकारी जसवंत नायक को प्रभार सौंपा। वही जागो महतो ने प्रखंड विकास पदाधिकारी का प्रभार ग्रहण किया। इस मौके पर प्रधान सहायक उमेश कुमार, आंचल सहायक नुमान अंसारी, राजस्व कर्मचारी इंडेश्वर बैठा, संतोष कुमार यादव, अरविंद महली, प्रमुख पति घुरबिगान बैठा, करीमन पन्ना, पंचायत सेवक सुनील कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, टीपू विश्वकर्मा उपस्थित थे।

### हाईवा-आटो की टक्कर में चार घायल, एक गंभीर

गढ़वा। एनएच-75 गढ़वा-मुड़ीसेमर मार्ग पर मेराल थाना क्षेत्र के नेनुआ मोड़ के समीप मंगलवार को हाईवा एवं आटो की टक्कर में आटो में सवार चार लोग घायल हो गये। इनमें गंभीर रुप से घायल शिवशंकर राम पिता स्व.बागेश्वर राम को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह मेराल थाना क्षेत्र के अटौला गांव के रहनेवाले हैं। जानकारी के अनुसार आटो मेराल से गढ़वा की ओर जा रहा था। इस दौरान नेनुआ मोड़ के समीप पीछे से हाईवा ने टक्कर मार दी। इससे आटो में सवार शिवशंकर राम को सिर, कमर एवं घुटना में गंभीर चोट लगी है।

उप मुखिया ने बीडीओ को आवेदन देकर जांच की मांग की

# निर्माण के दूसरे दिन ही पीसीसी सड़क में दरार

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी बहुल परती कुशवानी पंचायत की उप मुखिया माया देवी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी को आवेदन देकर पीसीसी सड़क निर्माण में अनियमितता बरतने की शिकायत की है। उप मुखिया ने आवेदन में उल्लेख किया है की पंचायत के बघौता टोला में पोखरा से लेकर शनिचर सिंह के घर तक पंद्रहवें वित्त मद की राशि रुपये 2.49 लाख की लागत से पीसीसी सड़क का निर्माण कराया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीसीसी सड़क निर्माण में घटिया समाग्री का उपयोग किया गया है। इसमें ईंट की



जगह जहां पत्थर का टुकड़ा बिछाया गया है। वहीं मानक के अनुरूप सड़क की ढ़लाई भी नहीं कराई गई है। जिस कारण ढ़लाई के दूसरे दिन ही सड़क में कई जगहों पर दरार आ गई है। इसके वावजूद मुखिया के द्वारा एक लाख 15 हजार रुपए भुगतान कर दिया गया है। उप मुखिया ने इसकी जांच कर कार्रवाई करने का आग्रह की है। इधर इस सम्बन्ध में पंद्रहवें वित्त प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार ने कहा कि फिलहाल भुगतान पर रोक लगा दी गई है।

चेचरिया निवासी मकसूद दो वर्ष थे पदस्थ, नागरिक मर्माहत

# फांसी लगा मस्जिद के इमाम ने की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना में मुख्यालय

**बच्चों का शोर सुन मौके पर पहुंचे लोग उन्हें फंदे से उतार कर प्राथमिक उपचार के लिए निजी क्लीनिक ले जाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया**

के रानीचेरी गांव के मस्जिद के इमाम सह मदरसा के शिक्षक मौलाना मकसूद उल कादरी 50 वर्ष मदरसा स्थित अपने कमरे में सुबह सात बजे गमछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक मौलाना नगर थाना क्षेत्र के चेचरिया गांव के निवासी थे जो पिछले दो वर्षों से रानीचेरी मस्जिद में इमाम तथा मदरसे के बच्चों को पढ़ाते थे। मदरसे में पढ़ने वाले बच्चों ने बताया कि सुबह प्रार्थना के बाद रोज की तरह बच्चों को पढ़ाने के लिए बरामदे में बैठाये। उसके बाद मोबाइल से बात करते हुए अपने कमरे में चले गये। कुछ देर बाद एक बच्चा उन्हें लेने के लिए जब बुलाने गया तो देखा कि वे फंदे से लटके हुये हैं। बच्चों का शोर सुन मौके पर पहुंचे लोग उन्हें फंदे से उतार कर प्राथमिक उपचार के लिए निजी क्लीनिक ले गये जहां चिकित्सकों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर चिनिया थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। फिर भी पुलिस हर पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। वहीं इसकी सूचना मिलते ही झामुमो के जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, मासूम खान व परिजनों सहित सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर मामले की जानकारी ली।





### बाइकों की टक्कर में एक की मौत

चिनिया थाना क्षेत्र के खुरी गांव के फुलहरा मोड पर दो बाइकों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान खुरी गांव निवासी भिखु मिस्त्री 45 वर्ष के रूप में हुई है। घटना सोमवार शाम की बताई जा रही है। हादसे में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार भीखु मिस्त्री रणपुरा के साप्ताहिक बाजार से अपने घर बाइक से जा रहा था। पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिये भेजवाया।

# 68 परीक्षार्थियों ने दी वोकेशनल विषय की परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक व इंटर की परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गयी। इसे लेकर केतार बाजार स्थित मध्य विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। यहां पर उच्च विद्यालय छाताकुड़ और उच्च विद्यालय परसोडीह के छात्र परीक्षा दे रहें हैं। इस केन्द्र पर पहले दिन 68 परीक्षार्थियों ने वोकेशनल विषय की परीक्षा दी। वहीं एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त सम्पन्न कराने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए केन्द्राधीक्षक को दिशा-निर्देश दिया। 12 फरवरी को सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा ली जायेगी। इस मौके पर केन्द्राधीक्षक सत्यप्रकाश कुमार, उप केंद्राधीक्षक देवेन्द्र कुमार, दंडाधिकारी नसीम अंसारी, थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो मौजूद थे।



मायके वालों की शिकायत पर जांच में जुटी पुलिस

# दहेज के लिये विवाहिता की हत्या का मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के पहर गेंड़आ निवासी सदरून बीबी ने नगर ऊंटारी थाना में आवेदन देकर ससुराल वालों पर दहेज के लिये उनकी पुत्री की हत्या का आरोप लगाते हुये शिकायत दर्ज करायी है। मामला दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गयी है। थाना प्रभारी को दिये आवेदन में सदरुन बीबी ने कहा है कि उन्होंने अपनी पुत्री सकीना खातून उम्र 21 वर्ष की शादी 15 जून 2023 को मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार गगरिया घाट (चितविश्राम) निवासी समसुद्दीन अंसारी के पुत्र सद्दाम हुसैन के साथ की थी। शादी में दो लाख रुपये नकद, होंडा साइन मोटरसाइकिल सहित अन्य आवश्यक सामान भी दिया था। शादी के बाद से ही लड़की के ससुराल वाले दहेज के लिये पांच लाख रुपये एवं बुलेट मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उनकी पुत्री को प्रताड़ित कर रहे थे। चार फरवरी को की रात्रि में उनके दामाद सद्दाम हुसैन ने फोन के माध्यम से धमकी दी थी कि यदि पैसा और बुलेट नहीं दिये तो बेटी को कभी सपने में भी नहीं देख पायेंगे। उसके बाद पांच फरवरी को उनकी पुत्री के भसुर के द्वारा सूचना दी गयी कि उनकी बेटी की मौत हो गई है। उन्होंने थाना प्रभारी से सभी दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिक दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

प्रमुख ने बीडीओ को लिखा पत्र, भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

# स्थानांतरण आदेश के बाद भी रोजगार सेवक विरमित नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने मंगलवार को बीडीओ सावित्री कुमारी को पत्र प्रेषित कर मनरेगा योजना में पदाधिकारीयों की मनमानी एवं भारी अनियमितता बरतने की शिकायत की है। प्रमुख ने पत्र में उल्लेख किया है कि मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार और अनियमितता का आरोप बलिगढ़. पंचायत की मुखिया ललिता कुमारी के द्वारा रोजगार सेवक मनोज कुमार पर लगाया था। इसके पश्चात उपायुक्त के द्वारा रोजगार सेवक को कांडी प्रखंड में स्थानांतरित कर दिया गया, लेकिन दस दिन बीत जाने के बाद भी रोजगार सेवक को प्रखंड कार्यालय से विरमित नहीं किया गया है। रोजगार सेवक मनोज और प्रभारी बीडीओ नंदजी राम के स्थानांतरण के आदेश के बाद भी प्रखंड में 22 सिंचाई कूप, 27 मेडबंदी, चार डोभा और एक तालाब की स्वीकृति दी गई है। जबकि प्रभारी बीपीओ मनोज कुमार बगैर स्थल निरीक्षण के मनरेगा नियमों को ताक पर रखकर योजना शुरू करा दे रहे हैं। प्रमुख मांगों के संबंध में उन्होंने बताया कि उपायुक्त द्वारा हटाये गये रोजगार सेवक को अविलंब स्थानांतरित किया जाये तथा किनके आदेश पर लक्ष्य से अधिक कूप की स्वीकृति दी गई। इसकी जांच कर कार्रवाई की जाये। 25 जनवरी से आपके प्रभार में आने के बाद योजना पंचायत समिति में पारित क्यों नहीं की गयी।

### अनिश्चितकालीन धरना -प्रदर्शन की चेतावनी

प्रमुख का कहना है कि उप विकास आयुक्त द्वारा टारगेट से अधिक सिंचाई कूप स्वीकृति करने को लेकर तत्कालीन प्रभारी बीडीओ नंदजी राम से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इससे प्रखंड की छवि धूमिल हो रही है। इधर मनरेगा आयुक्त द्वारा स्पष्ट निर्देश है की पंचायत समिति द्वारा पारित योजनाओं की ही स्वीकृति दी जायेगी। इसके बाद भी पंचायत समिति से किसी भी तरह का सहमति नहीं ली गई है। अबुआ आवास योजना में भी जनप्रतिनिधियों की सहमति व सलाह के बिना ही लाभुको का नाम रिजेक्ट कर दिया गया है। प्रमुख ने चेतावनी दी है कि इन बिंदुओं पर कारवाई नहीं की गयी तो बाध्य होकर प्रखंड कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना -प्रदर्शन करने के लिये बाध्य होंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रामीण क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा दे रही सरकार

रमना। मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय मझिगांवा झुरहा के प्रांगण में खेल सामग्री का वितरण किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए जिप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्रीय खेलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने के लिए और इससे सम्बंधित किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रखंड के 7 पंचायतों के 15-15 ग्रामीणों के बीच जर्सी, जूता एवं हॉज का वितरण किया गया। फुटबाल एवं मोजा का वितरण नहीं किये जाने के बाबत खेल प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि इन सामग्रियों की अभी उपलब्धता नहीं हो पायी है। मौके पर मड़वनिया मुखिया स्वीटी वर्मा, सिलीदाग मुखिया अनिता देवी, बुलका मुखिया अनिता सिंह, मुखिया पति दिलीप ठाकुर, वीरेंची पासवान, विधायक प्रतिनिधि रूपनरायण यादव उपस्थित थे।

### जंगली पशुओं के काटने पर एंटी रेबीज का इंजेक्शन जरूरी

गढ़वा। सदर अस्पताल परिसर स्थित जिला यक्ष्मा केंद्र के सभागार में मंगलवार को नेशनल रेबीज कंट्रोल प्रोग्राम के तहत स्वास्थ्यकर्मियों का एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें एएनएम, फार्मासिस्ट एवं ड्रेसर ने भाग लिया। मौके पर सिविल सर्जन डा.अशोक कुमार भी उपस्थित थे। जबकि बतौर प्रशिक्षक डीआरसीएचओ सह एनआरसीपी के जिला नोडल पदाधिकारी डा.संध्या टोपनो एवं जिला एपीडेमियोलाजिस्ट डा.संतोष कुमार मिश्रा उपस्थित थे। मौके पर पशुओं के काटने पर निराकरण के सभी बिंदुओं यानी घाव के समुचित उपचार के साथ ही एंटी रेबीज वैक्सीन एवं इम्यूनोग्लोबिन की प्रयोग विधि एवं मात्रा की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने कहा कि सियार, भालू, बाघ आदि जंगली पशुओं के काटने या खरोंच लेने पर टीकाकरण जरूरी है। प्रशिक्षण में एएनएम मीरा कुमारी, अंचला कुमारी, संगीता कुमारी, रामकुमार राम, हीरामन विश्वकर्मा, जानी ममता कुजूर, सावित्री कुमारी, सरिता तिर्की, शारदा कुमारी दास, अर्चना सिन्हा, विमला तिग्गा, चंचल कुमारी, गीता कुमारी आदि उपस्थित रहीं।

### एआईएमआईएम के प्रमंडल प्रभारी ने किया पंचायतों का भ्रमण

**गढ़वा।** एआईएमआईएम पार्टी के पलामू प्रमंडल सह गढ़वा-रंका विधानसभा प्रभारी डॉ. एमएम खान ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रमकंडा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा किया। उन्होंने रमकंडा, बीचला टोला, शिशवा, बिराजपुर, मगराही, मुरली एवं गंगा टोली आदि स्थानों पर बैठक कर कार्यकर्ताओं के साथ जहां मंत्रणा की। वहीं लोगों से संपर्क भी किया।

हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया 30वां स्थापना दिवस

# नये प्रतिमान स्थापित कर रहा आरकेपीएस

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल का 30वां स्थापना दिवस मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। जूनियर और सीनियर विंग के द्वारा इस अवसर पर भाषण, कविता और पेंटिंग सहित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। निदेशक श्री पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि छह फरवरी 1994 को सरस्वती पूजा के दिन विद्यालय की स्थापना की गयी थी। इसे सीबीएसई से मान्यता प्राप्त जिले का पहला स्कूल बनने का गौरव प्राप्त है। स्कूल निरंतर सफलता के नये आयाम प्राप्त कर रहा है। स्कूल से पढ़े हुए छात्र-छात्राएं भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अनेक क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। स्कूल से शिक्षा प्राप्त किए हुए छात्र-छात्राएं आईएएस, आईपीएस, मेडिकल, इंजीनियरिंग, शिक्षा जैसे अनेक क्षेत्रों में सफलता के परचम लहरा रहे हैं। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य संतोष पाण्डेय, प्रशासनिक इंचार्ज प्रमोद कुमार झा, संजय कुमार, अनिल सिन्हा, अनिता सिन्हा, अनुप कुमार पाण्डेय, देवेन्द्र सिंह, विनय सिंह, गीता पाण्डेय, नंदलाल गुप्ता, सनोज यादव, रश्मि शुक्ला, एसडी सिंह, जागृति चौबे, अभिलाषा तिवारी, इम्तियाज खान, नितेश पाण्डेय उपस्थित थे।

### बीईईओ ने एफएलएन प्रशिक्षण का निरीक्षण किया

खरौंधी। मंगलवार को बीईईओ विजय कुमार पांडेय ने प्रखंड में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में शिक्षकों से प्रशिक्षण के संबन्ध में जानकारी लेते हुये कहा कि बच्चों को आयु के अनुसार दक्षता हासिल कराने को लेकर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिक्षकों को बच्चों के फाउंडेशन स्टेज वर्ष तीन से आठ वर्ष तक के बच्चों को लचीलापन बहुस्तरीय खेल खिलौना आधारित अधिगम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है । प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को खेल, संगीत व नाटक आधारित शिक्षण शास्त्र सहित कई गतिविधियों को जानकारी दी गई। इस दौरान लेखापाल प्रदीप शुक्ला, प्रशिक्षक अंजनी द्विवेदी, विनय सिंह, शिक्षक मोतीचंद जायसवाल, कामेश्वर प्रसाद सिंह, अमरेश कुमार राम, सुभाष ठाकुर, सुनील ठाकुर, अरविंद प्रसाद, अरविंद कुमार साह, पंकज कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, सविता कुमारी आदि उपस्थित रहीं।

बगदाद शरीफ से आये जायरीन को किया गया सम्मानित

# सामूहिक प्रयास से ही दहेज प्रथा का खात्मा संभव



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के द्वारा जिला कार्यालय सदर थाना के सामने सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में बगदाद शरीफ से आये सैयद अली हमूद अल अरबी को संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने फूलमाला व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान गढ़वा, कल्याणपुर सहित विभिन्न पंचायतों के मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित थे। सैयद अरबी ने कहा कि सम्मान से वे अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि मंगलवार से झारखंड भ्रमण के दौरान वे सभी समुदाय के लोगों को दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूक करेंगे। सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि जागरूकता अभियान संस्था के लिये प्रेरक का कार्य करेगा। संस्था के संरक्षक उमर नूरानी ने कहा कि दहेज प्रथा व बाल विवाह जैसी कुरूतियां सामूहिक प्रयास से दूर होंगी। इस अवसर पर अयूब खान, टिंकू तिवारी, अमानत खान, विभूति पांडे, मोहम्मद एनुअल, मौलाना संजर, पवन, औरंगजेब खान, मुर्तजा अंसारी, रंजीत गौड़ मौजूद थे।

**लापरवाही**

प्लस टू उच्च विद्यालय राजी का चहारदीवारी निर्माण अधूरा

# बगैर चहारदीवारी निर्माण के हो रही बोर्ड परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** विद्यालयों में चहारदीवारी के बिना ही प्रखंड में स्थापित केंद्रों पर बोर्ड की परीक्षा ली जा रही है। इससे परीक्षा की शुचिता पर गंभीर सवालिया निशान लग रहा है। मैट्रिक परीक्षा केंद्र के रुप में प्रखंड में दो विद्यालयों का चयन किया गया है। जिसमें स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय राजी एवं परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा के नाम शामिल हैं। स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय राजी में पांच वर्षों से अधिक समय से मैट्रिक की परीक्षा हो रही है। जबकि परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा को तीसरे वर्ष परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जबकि उक्त दोनों विद्यालयों में चहारदीवारी नहीं है। बताया जाता है कि पिछले वर्ष 47 लाख रुपये की लागत राशि से प्लस टू उच्च विद्यालय राजी में चहारदीवारी का शिलान्यास विधायक भानू प्रताप शाही के द्वारा किया गया था, परंतु संवेदक के द्वारा चारदीवारी का अधूरा निर्माण ही कर अचानक काम बंद कर दिया गया। इससे परीक्षार्थियों एवं केंद्राधीक्षक, मजिस्ट्रेट को काफी दिक्कत हो रही है। परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा में भी चहारदीवारी का निर्माण नहीं किया जा सका है। जबकि शिक्षा विभाग के द्वारा इस विद्यालय को आदर्श विद्यालय घोषित किया गया है।







### दोनों परीक्षा केंद्रों पर 798 परीक्षार्थी दे रहे परीक्षा

खरौंधी प्रखंड में 798 विद्यार्थियों के द्वारा परीक्षा दी जा रही है। जिसमे प्लस टू उच्च विद्यालय राजी में उच्च विद्यालय तोरेलावा एवं उच्च विद्यालय खरौंधी के 558 विद्यार्थी एवं उच्च विद्यालय तोरेलावा में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, उच्च विद्यालय भलूही व प्लस टू उच्च विद्यालय राजी के 240 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।

**पक्ष :** इस संबंध में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा ने बताया की उक्त मामले की जानकारी उपायुक्त गढ़वा को दी गयी है। तत्काल बांस का घेराव कर व्यवस्था बनायी जा रही है।

## एक नजर

### टीपीसी नक्सलियों ने कोयलांचल में हवाई फायरिंग की, धमकी



**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के उतराठी में मंगलवार देर शाम अज्ञात चार नकाबपोश टीएसपीसी के नक्सलियों ने दो बाइक पर सवार होकर सड़क निर्माण स्थल में दहशत फैलाने के उद्देश्य से हवाई फायरिंग की। साथ ही घटनास्थल में एक नक्सली पर्चा छोड़ा है, जिसमें संवेदक को अविलंब काम बंद करने की चेतावनी दी गई है। वहीं बिना मैनेज किये काम चालू रखने पर फौजी कार्रवाई करने की बात कही गई है। धमकी भरे पर्चे में उत्तरी दक्षिणी सीमांत के जोनल कमांडर बलवंत का नाम लिखा हुआ है। वहीं घटना की सूचना पाकर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में पुलिस घटनास्थल पहुंच कर पूरे मामले की गहनता जायजा लिया है। बताया गया कि पूरे मामले की गहनता से पड़ताल करते हुवे पुलिस द्वारा अपराधियों के धरपकड़ हेतु हर संभावित जगहों में छापामारी की जा रही है।

### ज्यूरिक टीम ने किया 22 मामलों का निष्पादन



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह जनसुनवाई मनरेगा के वित्तीय वर्ष 2021-22 तथा 22-23 की योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण के उपरांत किया गया। जनसुनवाई में विभिन्न पंचायत से 22 मामले आए, जिनका निष्पादन ज्यूरिक टीम द्वारा कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकपाल संध्या प्रधान के अलावे जिप सदस्य, प्रमुख, महिला स्वयं सहायता समूह से अंजू देवी ज्यूरीक टीम के सदस्य के रूप में उपस्थित थे। कई योजनाओं में छोटी-छोटी त्रुटियां पाई गईं, जिन्हें एक सप्ताह के अंदर सुधार कर लेने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मुखिया बेबी देवी, सरिता देवी, डेगन गंझू, मनरेगा कर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

### दिव्यांगता जांच शिविर में 200 लोगों की जांच



**चतरा।** मंगलवार को सदर अस्पताल में दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 200 से अधिक लोगों का दिव्यांगता का जांच किया गया। शिविर में पहुंचने वालों में ब्रेन, सैकेट्रिक, हार्ट समेत अन्य रोगों से भी ग्रसित थे। ऐसे मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सको के आभाव में जांच के लिए हजारीबाग और रांची रेफर कर दिया गया। दिव्यांगता जांच टीम में शामिल डॉक्टर अजहर ने बताया की यह शिविर प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को लगाया जाता है। जिसमें जिले के सभी प्रखंडो से लोग पहुंचकर जांच करवाते हैं।

### माकपा नेता अयुब खान ने कहा, फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू होना राजनीतिक दलों के संघर्ष का नतीजा

# एफओबी निर्माण कार्य शुरू होने से चंदवावासियों में फैली खुशी की लहर



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** प्रखंड वासियों की दशकों पुरानी मांग टोरी स्टेशन परिसर में फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का निर्माण कार्य रेलवे विभाग की ओर से शुरू करा दिया गया है। निर्माण कार्य शुरू होने से चंदवा वासियों में खुशी की लहर है। एफओबी की मांग को लेकर राजनीतिक दलों समेत कई सामाजिक संगठन दशकों पहले से आंदोलन करते आ रहे हैं। निर्माण कार्य शुरू होने पर माकपा के वरिष्ठ नेता सह कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, माकपा जिला सचिव सुरेंद्र सिंह ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि टोरी स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू होना माकपा सहित सभी राजनीतिक दलों और आम जनों का संघर्ष का नतीजा है। उन्होंने कहा कि 30 अक्टूबर को माकपा नेता अयुब खान ने कफन सत्याग्रह कर टोरी स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज निर्माण का कार्य जल्द से जल्द शुरू करने ला आग्रह किया था।

फुट ओवरब्रिज आंदोलन में सभी राजनीतिक दलों कांग्रेस, भाजपा, राजद, झामुमो, भाकपा, लोजपा, भाकपा माले, झारखंड मजदूर किसान समिति, जदयू और पत्रकारों ने भी समर्थन, सहयोग व भाग लिया था। लंबे संघर्षों का ही नतीजा है फुट ओवरब्रिज ब्रिज का निर्माण होना, कार्य शुरू होने से प्रखंड वासियों में काफी हर्ष है। उम्मीद और आशा है कि जल्द ही फुट ओवरब्रिज निर्माण पूरा हो जाएगा और दसकों से शुक्र बजार से हाई स्कूल जाने वाले आम रास्ता की समस्या का समाधान हो पायेगा। स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज की निर्माण की अधिक जरूरत तब पड़ी जब हिंडाल्को ने टोरी आईओडब्ल्यू आफिस के सामने से पश्चिम तक बॉक्साइट पत्थर गिराकर रेलवे मालगाड़ी में बाक्साईट पत्थर लोड करने लगे, इससे शुक्रबजार से हाई स्कूल जाने वाले रास्ता मे मालगाड़ी खड़ी होने लगी, बाक्साईट पत्थर से रास्ता अवरूद्ध हो गया था, इसके बाद रेलवे ने रास्ते पर गेट लगाकर बंद कर दिया गया था। कार्य शुरू होने पर माकपा ने हाजीपुर रेलवे जीएम अनिल कुमार खंडेलवाल, धनबाद रेलमंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा को धन्यवाद साधुवाद दिया है। साधुवाद देने वालों में माकपा नेता अयुब खान, जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, रसीद मियां, अंचल सचिव बैजनाथ ठाकुर, ललन राम, बीगन राम, कुलेश्वर साव, पचु गंझु, साजीद खान, द्वारीका ठाकुर, मनु उरांव, सनीका मुंडा, दसवा परहैया, बीनोद परहैया, सनीफ मियां, मोफील खान, जाकीर खान, ईसहाक अंसारी, निरंजन ठाकुर, रियाजूल मिस्त्री, साकीर खान, मुन्ना गंझु, गोपी गंझु, पूर्व पंसस फहमीदा बीवी, आशा देवी, कशीरन बीवी, रमजान चिस्ती, बीनोद उरांव, सुलेंन्द्र गंझु, गणपति लोहरा, सुधन गंझु शामिल हैं।

# कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में शुरू हुई मैट्रिक व इंटर की परीक्षा

### गिद्धौर के दो केंद्रों पर पहले दिन परीक्षार्थियों की उपस्थिति रही शत प्रतिशत, व्यवस्था चाक चौबंद रही



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर (चतरा)** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय व राजकीयकृत मध्य विद्यालय परीक्षा केंद्र पर मंगलवार को मैट्रिक व इंटर की परीक्षा शुरू हो गई। परीक्षा के पहले दिन परीक्षार्थियों की उपस्थिति शत प्रतिशत रही। बताया गया कि पहले दिन वोकेशनल विषय में आईटीएस व बीएडब्लू विषय की परीक्षा हुई। प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र पर 71 परीक्षार्थियों में सभी उपस्थित थे, जबकि राजकीयकृत मध्य विद्यालय परीक्षा केंद्र पर मैट्रिक के 71 में 71 व इंटर के 57 में 57 परीक्षार्थी उपस्थित थे। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।

## दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** सदर प्रखंड के लोवागड्डा स्थित ललित नारायण स्मारक उच्च विद्यालय में मंगलवार को दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को भावपूर्ण विदाई दी गई। विदाई समारोह आठवीं एवं नौवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित की गई थी। सभी ने दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को तिलक लगाकर सम्मान करते हुए विदाई दी। विदाई समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इजिसमें छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति सामाजिक फिल्मी गाने पर डांस एवं चुटकुला प्रस्तुत कर सभी का मनोरंजन किया। विद्यालय के प्राचार्य जगन्नाथ नारायण पाठक ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं कार्यक्रम का संचालन कर रहे विद्यालय के सहायक शिक्षक राजकुमार साहू ने 2024 में होने वाली मैट्रिक परीक्षा में शामिल परीक्षार्थियों द्वारा 95 प्रतिशत अंक लाने पर इनाम स्वरूप रुपए 10000 रुपये देने की बात कही। मौके पर शिक्षक विनोद पाठक, मनोज यादव, श्यामदेव कुमार, उमेश प्रसाद, पूजा उपस्थित थे।

## बारियातु में पहले दिन शांति से हुई मैट्रिक व इंटर की परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु** प्रखंड के परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय व आदर्श मध्य विद्यालय में मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा मंगलवार को कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय में कृषि (वोकेशनल) की परीक्षा में सभी पांच परिक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं संकाय विज्ञान की परीक्षा में सभी 54 परिक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं आदर्श मध्य विद्यालय केंद्र में एग्रीकल्चर की परीक्षा में 67 में 65 परिक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं ऑटोमोटिव की परिक्षा में 55 परिक्षार्थी में सभी उपस्थित रहे। परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के केंद्राधीक्षक अनिल कुमार कुजुर व बारियातु आदर्श मध्य विद्यालय के केंद्राधीक्षिका अनिता देवी ने परिक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। मौके पर शिक्षक संजिव कुमार, अजय बैठा, महेंद्र प्रसाद, मिथलेश कुमार मेहता, लालचंद पासवान, मो महताब, राकेश कुमार सिंह, रामजी प्रसाद, जमुनाधर मिश्र, बाबूलाल कुजुर, सत्येन्द्र राम, इमरेंसिया कुजुर, द्वारिका राम, रामाधार राम आदि मौजूद रहे।



## हाईवा से चकमा खाकर बाइक सवार टकराया पुल के डिवाइडर से, मौत



### मृतक चतरा मदरसा में बच्चों को तालीम देता था और चतरा के प्रसिद्ध मौलाना अबुदारदा का चचेरा भाई था, युवक अपने भाई को परीक्षा देने के लिए हजारीबाग पहुंचा कर चतरा लौट रहा था

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर (चतरा)** गिद्धौर थाना क्षेत्र के गोसाईं टील्हा नामक पुल के समीप मंगलवार को बाइक दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान महुआ चौक लाइन मोहल्ला निवासी मो. नेजामुद्दीन के पुत्र मुफ्ती मोहम्मद अम्मार (26) के रूप में की गई।

बताया जा रहा है कि मृतक चतरा मदरसा में बच्चों को तालीम देते था और चतरा के प्रसिद्ध मौलाना अबुदारदा के चचेरे भाई था। युवक अपने भाई को परीक्षा देने के लिए हजारीबाग पहुंचा कर चतरा लौट रहा था। इसी क्रम में गोसाई टील्हा पुल के समीप तेज रफ्तार से कटकमसांडी जा रहे हाईवा से चकमा खाकर पुल के डिवाइजर में जा टकराया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गुलाम सरवर दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर अपने निजी वाहन युवक को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां पर चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

## पुण्यतिथि पर गीतों के जरिए याद की गईं लता मंगेशकर



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड मुख्यालय के रेलवे सामूदायिक भवन में रेलवे क्लब महिला समिति के द्वारा भारत रत्न से सम्मानित स्वर कोकिला लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मौजूद जिप सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि लता मंगेशकर द्वारा भारतीय संगीत को भारत ही नहीं बल्कि विश्व पटल पर स्थापित करके हमारे देश को गौरव दिलाने का काम किया था। वहीं रेलवे क्लब महिला समिति के अध्यक्ष रेखा पाठक, उपाध्यक्ष सुधा दुबे, पिंकी कुमारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर नीलू कुमारी, पिंकी कुमारी, अनिता कुमारी रेणु देवी, गुड़िया, अंजू, राजनन्दनी, सुमन सिंह, रत्ना सिंह, आरती देवी, शमा परवीन, कविता देवी, रीना देवी, वंदना, शशि, अनामिका सुशीला, सुनीता, तनु आदि मौजूद थे।

## डीसी अबु इमरान ने वेयर हाउस का निरीक्षण कर व्यवस्था का लिया जाएजा

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान ने मंगलवार निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी अरुण एक्का समेत अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।



## रोजगार व बढ़ते प्रदूषण पर ग्रामीणों ने की चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा(चतरा)** टंडवा प्रखंड अंतर्गत शिवपुर नेक लाइन रेलवे साइडिंग से जुड़े कबरा व मिश्रौल पंचायत के विस्थापित रैयत व प्रभावित ग्रामीणों की बैठक मंगलवार को साइडिंग में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता उगदेव गंझू व संचालन मोहन राणा ने किया। इस दौरान रैयतों को रोजगार एवं क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साइडिंग में ग्रामीणों को रोजगार नहीं मिलने से अक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि रेलवे साइडिंग में बाहरी कोल माफियाओं का दबदबा है। इसके कारण स्थानीय लोगों को शोषण का शिकार होना पड़ रहा है। सीसीएल व सरकार की गाइडलाइन का भी पालन नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से कानूनी तौर से रेलवे व जिला प्रशासन को आवेदन देकर साइडिंग रोक आंदोलन करने का निर्णय लिया। मिश्रौल मुखिया सुबेश राम ने कहा कि रैयतों के साथ शोषण नहीं होने देंगे। इनकी समस्याओं के साथ हमेशा खड़ा रहने की बात कही। जिप सदस्य देवंती देवी ने भी कहा कि लोगों को कुछ लोग दिग्गभ्रमित व गुमराह नहीं करं। कानूनी सलाह लेकर आगे की रणनीति बनाएं जाने का आश्वासन दिया। मौके पर केशो साव, राजेंद्र यादव, समीम अंसारी, अबाश अंसारी, सुखदेव गंझू, उमेश कुमार, राजेश कुमार, कामेश्वर गंझू, लोकनाथ गंझू, सरयु यादव, बिनोद गंझू, अभय भुइयां, मोइन अंसारी, कलीम अंसारी आदि शामिल थे।


### समारोह — थाना परिसर में बालूमाथ के नये पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी का स्वागत

# अपराध नियंत्रित करना प्राथमिकता : आशुतोष

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** थाना परिसर में थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो के नेतृत्व में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बालूमाथ के नये पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम उपस्थित हुए। उनका प्रखंड थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों ने फूल माला पहनाकर और बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान एसडीपीओ आशुतोष कुमार ने कहा कि क्षेत्र में छोटे से लेकर बड़े अपराध को खत्म करने के लिए आम एवं खास लोगों का सहयोग होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि अपराधी छोटे हो या बड़े बख्शे नहीं जाएंगे। मौके पर कई वक्ताओं ने स्वागत सह सम्मान समारोह में अपना मंतव्य रखा। कार्यक्रम का संचालन पुलिस निरीक्षक शशि रंजन कुमार ने किया। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे अमरवाडीह पिकेट प्रभारी कुबेर साव, तेतरियाखाड़ पिकेट प्रभारी धीरज सिंह, मुरपा पिकेट प्रभारी मनोज मुर्मू, मकईटांड पुलिस पीकेट प्रभारी श्रीराजी ठाकुर, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, समाजसेवी मो मुजमील, प्रेम गुप्ता, गंगेश्वर यादव, कांग्रेस नेता मोतिउर्रहमान, मो जुबैर, राजद नेता श्यामसुंदर यादव, जेएमएम जिला उपाध्यक्ष मो इमरान, समाजसेवी सोहराय भगत, रोहन गोप, युगल किशोर यादव आदि मौजूद रहे।



## जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना मेरा लक्ष्य : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर(चतरा)** गिद्धौर प्रखंड के 24वें प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में राहुल देव ने योगदान दे दिया है। देव ने पदभार निवर्तमान प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो से सोमवार को लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद प्रखंड कर्मियों ने नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया, जबकि निवर्तमान को भाविनी विदाई दी गई। नव पदस्थापित बीडीओ ने कहा कि विकास की गति में तेजी लाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी, जबकि सरकार के हर जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना मेरा लक्ष्य होगा। उन्होंने विकास कार्यों में सभी से सहयोग करने व समन्वय स्थापित बनाकर कार्य करने की अपील भी की। बताते चलें कि सदर बीडीओ महतो को गिद्धौर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। सदर बीडीओ का भी कार्य काफी सराहनीय रहा। मौके पर प्रधान सहायक, नाजिर, पंचायत सचिव सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

## एक नजर

### उपायुक्त ने नये समाहरणालय के निमार्णाधीन भवन का किया औचक निरीक्षण



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने मंगलवार को नये समाहरणालय के निमार्णाधीन भवन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने भवन के सभी तल्लों में बन रहे विभिन्न कार्यालय के कमरों, परिसर, हॉल आदि का गहन अवलोकन किया और कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। समाहरणालय परिसर में अवस्थित पुराने भवनों में चल रहे कार्यालयों को भी शिफ्ट कर कार्य में तेजी लाने का निदेश दिया गया। मौके पर डीटीओ सौरभ प्रसाद, भवन प्रमंडल लोहरदगा के अभियंता समेत अन्य उपस्थित थे।

### बरवाडीह बीडीओ से कई लोगों ने की शिष्टाचार मुलाकात



**बरवाडीह।** बरवाडीह के नये प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने अपना पदभार ग्रहण करने के साथ मंगलवार से अपना कामकाज शुरू कर दिया। कामकाज प्रारंभ करने के साथ बीड़ीओ के कार्यालय कक्ष में कई लोगों ने बीडीओ से शिष्टाचार मुलाकात की। इस क्रम में प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, 20,सूत्री सदस्य व पूर्व झामुमो प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी, राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सह आंदोलनकारी केंद्रीय महासचिव अली हसन अंसारी समेत विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों कर्मियों एवं अन्य लोगों ने मुलाकात कर उन्हें बुके देकर शुभकामनाएं दी।

### टाना भगत समुदाय ने अपर समाहर्ता से की शिष्टाचार मुलाकात



**लातेहार।** जिले के नए अपर समाहर्ता पदाधिकारी के रूप में रामा रविदास का पदभार ग्रहण करने के बाद मंगलवार को टाना भगतो ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान टाना भगतो ने गुलदस्ता देकर रविदास का स्वागत किया। वहीं टाना भगतो ने रविदास के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा और उनकी समस्याओं को सुनने के बाद अपर समाहर्ता रामा रविदास ने हर संभव मदद करने की बात कही। मौके पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र टाना भगत, जिला सचिव दिगंबर टाना भगत, जिला सदस्य सुमेज टाना भगत, सोमनाथ टाना भगत, इंद्रदेव टाना भगत, रामदयाल टाना भगत, दशरथ टाना भगत, संजय टाना भगत मौजूद थे।

### उपायुक्त व पुलिस कप्तान के नेतृत्व में पुलिस-प्रशासन ने की चादरपोशी, मांगी सौहार्द और अमन-चैन की दुआएं

# हजरत बाबा दुखनशाह की मजार पर अकीदतमंदों ने लगाई हाजिरी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

हजरत बाबा दुखन शाह (रअ) का 99वीं सालाना उर्स मुबारक प्रोग्राम सोमवार को बाद नमाज फजर लोहरदगा में शुरू हुआ। अंजुमन इस्लामिया की अगुआई में धर्म गुरुओं ने मजार पर गुसुल की रस्म अदायगी कीं।

अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर हाजी मो. अफसर कुरैशी के नेतृत्व में ओहदेदारों ने पहली चादरपोशी कीं। तत्पश्चात उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां के संयुक्त नेतृत्व में पुलिस प्रशासन के द्वारा चादरपोशी की गयी। इस मौके पर पुलिस प्रशासन की ओर से हजरत बाबा दुखनशाह लोहरदगा शरीफ को गार्ड ऑफ ऑनर के तहत सलामी दी गई। अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, एसडीओ अमित कुमार, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल उरांव समेत प्रशासनिक अधिकारियों ने चादरपोशी कीं। इस मौके पर



अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी मो. अफसर कुरैशी, सचिव सफदर आलम, नाजिम-ए-आला अब्दुल जब्बार, नाइब सदर नेहाल कुरैशी, सह सचिव मुजम्मिल अंसारी, मुतुर्जा खलीफा, सिराज अंसारी, फिरोज अंसारी, असगर अंसारी, ख्वाजा गरीब नवाज ट्रस्ट के सैयद खालिद शाह, आबिद अंसारी, जिलानी अंसारी, मौलवी कलाम तैगी आदि समेत गणमान्य मौजूद थे। जामा मस्जिद के ईमाम कारी शमीम रिजवी के नेतृत्व में सामूहिक रूप से लोहरदगा जिला में सौहार्द, अमन और शांति के लिए दुआएं की गयी। साथ ही सभी लोगों के बीच मोहब्बत और सुकून की जिंदगी बीते, खुदा सबको तरक्की अता फरमाए और तमाम लोगों की जायज मुरादों को पूरा करें। लोहरदगा को तमाम दिक्कतों से छुटकारा मिले। बाबा के दरबार में एक साथ हिंदू, मुस्लिम, इसाई सभी समुदाय के लोगों ने हाजिरी लगाई। चादरपोशी का सिलसिला 7 फरवरी के अहले सुबह तक लगातार चलता रहेगा। बाबा के दर पर हाजिरी देने के लिए सूबे के विभिन्न जिलों से काफी तादाद में लोग लोहरदगा पहुंच रहे हैं। इसमें महिलाओं की संख्या उल्लेखनीय है। शहर के मध्य हिस्सा मेले में तब्दील हो गया है। उर्स मैदान, राहत नगर, एमजी रोड, मुख्य पथ थाना चौक से सोमार बाजार तक दुकानों से पट गए हैं।

**ख्वाजा गरीब नवाज ट्रस्ट द्वारा किया गया लंगर ख्वानी :** हजरत बाबा दुखन शाह (रअ) के सालाना उर्स के मुबारक मौके पर परंपरा के मुताबिक ख्वाजा गरीब नवाज ट्रस्ट के जानिब से बाबा दुखन शाह मदरसा के परिसर में लंगर ख्वनी से पूर्व फातीहा का एहतमाम जामा मस्जिद के ईमाम कारी मो. शमीम रिजवी के जरिए किया गया। मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी मो. अफसर कुरैशी, नाजीम-ए-आला हाजी अब्दुल जब्बारूल, पूर्व सदर सैयद खालीद शाह, पूर्व सचिव इकबाल खलीफा आदि शामिल थे।

# लोक अदालत 9 मार्च को, पीडीजे ने की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

व्यवहार न्यायालय लोहरदगा परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल की अध्यक्षता में मंगलवार को 9 मार्च को आयोजित होने वाले वर्ष के पहले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में पीडीजे ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार को निर्देश दिया कि चेक बाउंस से संबंधित लगभग 500 मामले लंबित हैं, जिसे राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है।

इस बाबत पक्षकारों को ससमय नोटिस प्राप्त कराने की पहल करें। साथ ही जिन सुलहनीय वादों के लिए पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है उनकी निगरानी करें। वहीं डालसा सचिव ने बताया कि इस वर्ष भी चार राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मार्च, 11 मई, 14 सितंबर और 14 दिसंबर को आयोजित होना है। बैठक में एडीजे प्रथम श्री अखिलेश कुमार तिवारी, एडीजे तृतीय श्री अरविंद कुमार द्वितीय, सीजेएम सह एसीजेएम श्री चंदन, सिविल जज वरीय न्यायाधीश, अर्चना कुमारी, एसडीजेएम राज कल्याण, न्यायिक दंडाधिकारी पूजा कुमारी लाल एवं सुचिता निधि तिग्गा उपस्थित थे।

# पूर्व पंसस के शोकाकुल परिवार से मिले बाउरी, बंधाया ढांढस

### कहा- राज्य में अपराधी बेलगाम, भय व आतंक का वातावरण

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी मंगलवार को कुडू पहुंचे और मृतक पूर्व पंसस संतोष मांझी की पत्नी पूनम देवी सहित परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया एवं न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। परिजनों से मुलाकात करने के बाद उन्होंने कहा कि संतोष मांझी की हत्या से हम सभी मर्माहत है। कुडू में दो साल में चार गोली चालन और हत्या की घटना की वजह पूछने पर अमर बाउरी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इस राज्य में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। वहीं पुलिस की सुस्ती लोगों को भय व आतंक के वातावरण में जीने पर विवश कर दिया है। सरकार का सिर्फ चेहरा बदला है। भाजपा पार्टी एवं समाज त्वरित न्याय का मांग करता है। प्रशासन



ने जल्द अपराधियों को गिरफ्तार नहीं किया तो हमलोग सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करने पर बाध्य हो जाएंगे। पीड़ित परिवार से मिलने वालों में बीजेपी के वरिष्ठ नेता प्रवीण कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, राजकुमार वर्मा, अनुसूचित जाती के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजू रजक, महामंत्री यदुनंदन तिवारी, जिला उपाध्यक्ष नवीन टिंकू, सरजू साहू, बालकृष्णा सिंह, संजय चौधरी, विनोद राम, रामखेलावन राम, पासवान समाज के प्रदेश संयोजक रोहित रंजन आदि उपस्थित थे।

### 'सेवा जिस रूप में हो बेहिचक करनी चाहिए'

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के द्वारा एक पीड़ित मरीज को ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया गया। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के देवेंद्र मंडल की माता श्री राधा देवी कई दिनों से सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत थी। डॉक्टर ने खून की कमी बताई। जैसे ही इसकी जानकारी जय श्रीराम समिति के पदाधिकारी को हुई तत्काल सदर अस्पताल जाकर समिति सदस्य चंदन कुमार के द्वारा एक यूनिट ब्लड दिया गया। जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो ने कहा कि सेवा से बढ़कर कुछ नहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से यही प्रेरणा मिली की सेवा जिस रूप में हो बेहिचक करनी चाहिए। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा कि दुख में साथ देना समिति का लक्ष्य रहा है। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी संचालन समिति सदस्य ओम महतो नगर अध्यक्ष दीपक साहू राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के देवेंद्र मंडल सहित अन्य लोक मौजूद थे।

# चैनपुर में युवक ने आठ साल के बच्चे को बनाया हवस का शिकार

### दुष्कर्म में 7 वर्ष की सजा काट चुका है आरोपी, चार माह पहले निकला था

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर(गुमला)**

चैनपुर थाना क्षेत्र के सदान बुकमा गांव में आठ साल के मासूम बच्चे के साथ अप्राकृतिक यौनाचार का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम स्कूल की छुट्टी के बाद चौथी कक्षा का छात्र अपने दोस्तों के साथ गांव के अखाड़े के पास लुकाछिपी खेल रहा था। इसी क्रम में गांव का ही एक युवक गोपी लोहरा (30) मासूम बच्चे को अपने हवस का शिकार बनाने के लिए दबोच लिया और कुछ दूर ले जाकर उससे अप्राकृतिक यौन संबंध बनाया और वहां से फरार हो गया। कुछ देर तक बच्चा वहीं पड़ा दर्द से कराहता रहा। कराहने की आवाज जब उसके दोस्तों ने सुनी तो इसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजन वहां पहुंचे और उसने घटना के बारे में बताया। इसके बाद इसकी सूचना





चैनपुर पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची चैनपुर पुलिस ने पीड़ित बच्चे को अपने साथ चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के उसे गुमला रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है। प्रभारी थाना प्रभारी आलोक कुमार ने बताया कि गोपी लोहार पहले भी बलात्कार के केस में 7 वर्ष की सजा काट चुका है। चार माह पहले ही जेल से निकला है। जेल से निकलने के बाद वह अपने ससुराल में ही रहता था। पांच दिन पूर्व ही गांव लौटा था। इधर चैनपुर पुलिस आरोपी के भाई राहुल लोहार को उठाकर उसके बारे में पूछताछ कर रही है। जगह-जगह छापेमारी अभियान भी चला रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# आंगनबाड़ी केंद्र का जिप सदस्य ने किया निरीक्षण





**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर(गुमला)**

चैनपुर मुख्यालय के बिंदोरा पंचायत में जिला परिषद मेरी लकड़ा ने नए आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया, जिसमें मॉडल आंगनबाड़ी पूर्वी एवं आंगनबाड़ी केंद्र मध्य का निरीक्षण किया, जिसमें पेयजल और शौचालय सहित नंए भवन का निरीक्षण कर गुणवत्ता की जानकारी ली। वहीं नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन को देखकर जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कार्य को लेकर संतोष व्यक्त किया और कहा कि यह नया आंगनबाड़ी केंद्र के बन जाने से यहां के नौनिहालों का भविष्य उज्जवल होगा। वे अपनी प्रारम्भिक शिक्षा अपने गांव के मोडल आंगनबाड़ी केंद्र में ले सकेंगे। साथ ही उन्हें हर दिन पढ़ाई के साथ साथ पौष्टिक आहार भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### भंडरा में कुकिंग कम्पीटीशन का हुआ आयोजन

**भंडरा।** लाल बहादुर शास्त्री हाई स्कूल सभागार में प्रखंड स्तरीय कुकिंग कम्पीटीशन का आयोजन किया गया। इसमें भौरो संकुल में चयनित पहले और दूसरे स्थान प्राप्त मिडिल स्कूल टोटो जामुनडिंपा और बेदाल, भंडरा संकुल के भंडरा और तेतरपोका, चट्टी संकुल के मिडिल स्कूल चट्टी और बड़ागाई, अकाशी संकुल के अकाशी स्कूल के रसोइये शामिल हुए। मध्याह्न भोजन मीनू के आधार पर रागी का हलवा और भोजन बनाया। पहले स्थान पर मिडिल स्कूल चट्टी और दूसरे स्थान पर अकाशी स्कूल की रसोइया रही। इनका चयन जिला स्तरीय प्रतियोगता के लिये किया गया। मौके पर बीपीओ रामविजय खलखो, राजेश देवधरिया, सभी बीआरपी व सीआरपी उपस्थित थे।

# ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए संकल्पित : परमेश्वर महली

### उदरंगी पंचायत में मुखिया ने विकास योजनाओं का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

भंडरा प्रखंड अंतर्गत उदरंगी पंचायत में मनरेगा से संचालित योजना का मुखिया परमेश्वर महली ने मंगलवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उदरंगी में पूर्ण हो चुके देवचन उरांव के गाय शेड का फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही उदरंगी पंचायत के अंबेरा, उदरंगी, बैमारी में मनरेगा से संचालित सिंचाई कूप, बिरसा मुंडा आम बागवानी योजना का निरीक्षण कर लाभुकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। योजना निरीक्षण के दौरान सिंचाई कूप लाभुक एतवा उरांव से मुलाकात कर समय से मजदूरी भुगतान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पंचायत के सर्वांगीण विकास में



किसी भी तरह से लापरवाही नहीं बरता जाएगा। इस दौरान उदरंगी के ग्रामीणों ने पंचायत में उत्पन्न पेयजल समस्या से अवगत कराते हुए समस्या का समाधान करने की बात कही है। मुखिया ने हर-हाल में ग्राम सभा के माध्यम से योजना की स्वीकृति कराने के पश्चात समस्या का समाधान कराने की बात कही है। साथ ही उन्होंने कहा उदरंगी पंचायत में 32 गाय, बकरी शेड का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें 25 शेड निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इस योजना से जो भी किसान अबतक वंचित है। उन्हें भी इस योजना का लाभ इस वितीय वर्ष में दिया जाएगा। साथ ही पंचायत के सभी गांव में पेयजल समस्या को दूर किया जा रहा है।

### बस की चपेट में आने से एक गंभीर रूप से घायल

**कुडू।** कुडू रांची मुख्य पथ एनएच 75 स्थित बरवाटोली के समीप मंगलवार की सुबह रांची से डाल्टेनगंज जा रही माधव नामक यात्री बस की चपेट में आकर सड़क पार कर रहा एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान बरवाटोली निवासी रंजीत उरांव (45) पिता घोड़िया उरांव के रूप में हुई है। घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद सिर में गंभीर चोट होने के कारण चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने बस को अपने कब्जे में ले लिया है। उल्लेखनीय है कि जागरूकता की कमी और लापरवाही के कारण यातायात पुलिस को सड़क दुर्घटना की रोकथाम में यथोचित सफलता नहीं मिल पा रही है।

**आयोजन** भंडरा व बिटपी स्कूल में कृषि, इलेक्ट्रिक व हार्डवेयर पेपर में 247 बच्चों ने लिया भाग

# कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में हुई मैट्रिक की परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

झारखंड अधिविद परिषद रांची द्वारा जिले के भंडरा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बिटपी व लाल बहादुर शास्त्री पल्स-टू भंडरा में मैट्रिक परीक्षा के पहले दिन शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षर्थियों ने परीक्षा दी। मैट्रिक परीक्षा के पहले दिन भंडरा व बिटपी स्कूल में कृषि, इलेक्ट्रिक व हार्डवेयर विषय कीपरीक्षा में 247 परीक्षार्थियों ने भाग लिया, जबकि दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। भंडरा प्रखंड में बनाए गए केंद्र में परीक्षा का निरीक्षण मंगलवार को डीएसओ ज्ञान शंकर जायसवाल ने किया। इस दौरान डीएसओ ज्ञान शंकर जायसवाल ने परीक्षा केंद्र में बिजली, पानी, शौचालय व सीसीटीवी कंट्रोल





रूम का निरीक्षण कर प्रधानाध्यापक सुधांशु प्रसाद सिंह व बिटपी स्कूल के प्रधानाध्यापक अजय तिर्की को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रवेश से पूर्व सभी परीक्षार्थियों का नियमित जांच करना है। परीक्षा केंद्र में किसी भी तरह का परीक्षा को प्रभावित करने वाला सामान लेकर प्रवेश नहीं करने देना है। परीक्षार्थी अपने साथ सिर्फ एडमिट कार्ड लेकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करेंगे। मौके पर दंडाधिकारी सह बीपीओ अभिषेक किशोर, रामप्रवेश गुप्ता, अजय कुमार व पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### सेन्हा में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई मैट्रिक की परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा प्रखंड क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा के बीच कदाचारमुक्त शांतिपूर्ण ढंग से सीसीटीवी की निगरानी संपन्न हुई। राज्यकीय कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रथम दिन इलेक्ट्रॉनिक व हार्डवेयर की परीक्षा ली गई, जिसमें 52 परीक्षार्थियों में से 50 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं केंद्राधीक्षक अभिषेक गौरव ने कहा कि मंगलवार को प्रथम दिन की परीक्षा कदाचारमुक्त तथा शांतिपूर्ण



ढंग से संपन्न हुई। वरीय पदाधिकारियों के निर्देशानुसार परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से भी की जा रही है। परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो इसके लिये मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सह मजिस्ट्रेट निलेन्द्र कुमार, एसआई शशिकांत कुमार दल बल के साथ उपस्थित थे।

# स्वर्ण पदक जीत कर सृष्टि ने बढ़ाया झारखंड का मान

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले के शहरी क्षेत्र निवासी दिलीप विश्वकर्मा की पुत्री सृष्टि विश्वकर्मा ने 1 - 4 फरवरी तक महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित 13 व 14 नेशनल फील्ड इंडोर आर्चरी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर झारखंड जिले का नाम रौशन किया है।



बचपन से ही खेलकूद में रुचि रखने वाली सृष्टि ने पहले भी बहुत सारे राष्ट्रीय पदक जीते हैं। वो अपनी जीत का श्रेय अपने माता पिता बहन एवम अपने गुरु को देती है। आईआईटीबीएचयू की छात्रा सृष्टि पढ़ाई में भी अव्वल है। सृष्टि का लक्ष्य ओलंपिक खेलों में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतना है। उसकी इस जीत में पूरे राज्य को गर्व है।

# समान आचार संहिता एक साहसिक कदम

भाजपा एक देश दो झंडे और दो संविधान की बात करती रही है और जम्मू कश्मीर में असंभव लग रहे 370 धारा और विशेष दर्जे को समाप्त कर इतिहास रच चुकी है अब उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने समान आचार संहिता (यूसीसी) के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी और इसे विधानसभा में पेश भी कर एक बड़ी और साहसिक शुरूआत की है । यूसीसी देश की राजनीति के सबसे विवादित मुद्दों में रहा है। भाजपा का यह कहना है कि संविधान में भी नीति निर्देशक तत्वों के रूप में इसका उल्लेख है। इस हिसाब से देश में सभी पंथों, आस्थाओं से जुड़े लोगों पर एक ही तरह के कानून लागू होने चाहिए। राष्ट्र का कोई भी व्यक्ति, वर्ग, सम्प्रदाय, जाति जब-तक कानूनी प्रावधानों के भेदभाव को झेलेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता, एक राष्ट्र की चेतना जागरण का स्वप्न पूरा नहीं हो सकता। उत्तराखण्ड एवं गोवा के बाद असम और गुजरात जैसे राज्य भी समान आचार संहिता को लागू करने की तैयारी में हैं। भारतीय जनता पार्टी एवं नरेन्द्र मोदी सरकार यूसीसी लागू करने की मांग जोरदार तरीके से करती आ रही है और इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से उठाया है। भारतीय न्यायपालिका की तरफ से भी बार-बार इसे लागू करने की जरूरत बताई जा रही थी । समान नागरिक संहिता दरअसल एक देश एक कानून की अवधारणा पर आधारित है। यूनिफॉर्म सिविल कोड के अंतर्गत देश के सभी धर्मों, पंथों और समुदायों के लोगों के लिए एक ही कानून की व्यवस्था का प्रस्ताव है। भारत के विधि आयोग ने राजनीतिक रूप से अतिसंवेदनशील इस मुद्दे पर देश के तमाम धार्मिक संगठनों से सुझाव आमंत्रित किए थे। यूसीसी में संपत्ति के अधिग्रहण और संचालन, विवाह, उत्तराधिकार, तलाक और गोद लेना आदि को लेकर सभी के लिए एकसमान कानून बनाया जाना है। पिछले कुछ समय से इस पर अच्छी खासी बहस चली है। लिहाजा एक-एक करके अलग-अलग राज्यों में इसे लागू करने और वहां के अनुभव के आधार पर आगे बढ़ने का ख्याल गलत नहीं कहा जा सकता। उम्मीद की जानी चाहिए कि उत्तराखण्ड विधानसभा में इसे पेश किए जाने और वहां बहस शुरू होने के बाद इससे जुड़े तमाम पहलुओं पर रोशनी पड़ेगी और सभी दुविधाएं, शंकाएं एवं संदेह दूर हो जाएंगे। जो अन्य राज्यों के लिये लागू करने का आधार बनेगी। इसका विरोध कर रहे लोगों का मानना है कि भारतीय संविधान के मुताबिक भारत एक धर्म-निरपेक्ष देश है, जिसमें सभी धर्मों व संप्रदायों (जैसे- हिंदू, मुस्लिम, सिख, बौद्ध, आदि) को मानने वालों को अपने-अपने धर्म से सम्बन्धित कानून बनाने का अधिकार है। भारत में दो प्रकार के पर्सनल लॉ हैं। पहला है हिंदू मैरिज एक्ट 1956 जो कि हिंदू, सिख, जैन व अन्य संप्रदायों पर लागू होता है। दूसरा, मुस्लिम धर्म को मानने वालों के लिए लागू होने वाला मुस्लिम पर्सनल लॉ।

**राष्ट्र का कोई भी व्यक्ति, वर्ग, सम्प्रदाय, जाति जब-तक कानूनी प्रावधानों के भेदभाव को झेलेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता, एक राष्ट्र की चेतना जागरण का स्वप्न पूरा नहीं हो सकता। उत्तराखण्ड एवं गोवा के बाद असम और गुजरात जैसे राज्य भी समान आचार संहिता को लागू करने की तैयारी में हैं। भारतीय जनता पार्टी एवं नरेन्द्र मोदी सरकार यूसीसी लागू करने की मांग जोरदार तरीके से करती आ रही है और इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से उठाया है। भारतीय न्यायपालिका की तरफ से भी बार-बार इसे लागू करने की जरूरत बताई जा रही थी । समान नागरिक संहिता दरअसल एक देश एक कानून की अवधारणा पर आधारित है। यूनिफॉर्म सिविल कोड के अंतर्गत देश के सभी धर्मों, पंथों और समुदायों के लोगों के लिए एक ही कानून की व्यवस्था का प्रस्ताव है।**

इन दिनों

# विश्वास मत के बाद चंपाई सोरेन के समक्ष उत्पन्न चुनौतियां



विजय केसरी



***झारखंड*** की बदलती राजनीतिक परिस्थितियों के बीच चंपई सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री बनें हैं। उन्होंने सदन में अपना बहुमत भी सिद्ध कर दिया है। जिन परिस्थितियों में चंपई सोरेन के हाथों झारखंड की बागडोर आई है। उनके समझ सरकार चलाने की चुनौतियां कम होती नजर नहीं आ रही है। यह पद उनके माथे पर कांटे के ताज के समान जान पड़ता है। वे अपने माथे पर सजे कांटे के ताज पर से कील कितनी बहादुरी के साथ निकाल पाते हैं? यह देखना बाकी है। चंपई सोरेन के शपथ लेने के साथ ही झामुमो के एक बड़े नेता लोबिन हेम्ब्रम ने उनके खिलाफ बगावती तेवर दिखाना शुरू कर दिया था। झारखंड मुक्ति मोर्चा के सर्वमान्य नेता शिबू सोरेन के हस्तक्षेप के बाद लोबिन हेंब्रम शांत हुए। वहीं दूसरी ओर झामुमो के विधायक सीता सोरेन चुप जरूर है, लेकिन वह कभी भी कोई बड़ा खेला कर सकती है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायकों के टूटने का खतरा अभी टला नहीं है। हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देने के बाद एक बड़ा खेला हो सकता था। लेकिन वह खेला नहीं हो पाया। राजनीतिक गलियारे में यह भी चर्चा है कि झारखंड के राज्यपाल ने चंपई सोरेन को सरकार बनाने के आमंत्रण देने में विलंब क्यों किया ? जबकि बिहार में नीतीश कुमार ने जैसे ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया, उन्हें कुछ ही घंटे में सरकार बनाने का आमंत्रण राजपाल द्वारा दे दिया गया। कुछ इसी तरह मिलती-जुलती राजनीतिक परिस्थितियों झारखंड की भी थी। लेकिन झारखंड के राज्यपाल ने लगभग 27 घंटे बाद चंपई सोरेन को सरकार बनाने के लिए आमंत्रण दिया। झारखंड के राज्यपाल के इस विलंब से सरकार बनाने के आमंत्रण देने के पीछे क्या निहितार्थ है ? यह भी चर्चा हो रही है। झारखंड में यूपीए की मिली जुली सरकार है। अब इस सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल शेष रहा। यूपीए घटक दल के नेताओं के बीच जो एकता दिखाई दे रही है, वह सिर्फ बाहरी एकता भर दिखाई दे रही है। अंदर की राजनीति कुछ और बयां कर रही है। टाइगर के नाम से सुप्रसिद्ध चंपई सोरेन झारखंड अलग प्रांत संघर्ष के एक बहादुर सिपाही रहे हैं। झारखंड मूर्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन के एक आज्ञाकारी और विश्वासी सिपाही के रूप में भी अपनी पहचान बनाने में सफल रहे हैं। चंपई सोरेन जमीनी स्तर के एक राजनीतिक कार्यकर्ता हैं। इन पर अब तक कोई भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे हैं। इनका साधारण जीवन यह बताता है कि ये राजनीति में रहते हुए भी राजनीति के दांव पर से अलग ही रहते हैं। कम बोलते हैं। सुनते ज्यादा हैं। वे इन्हीं विशेष गुणों के कारण मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंच पाये हैं। चंपई सोरेन ने विधानसभा में अपना बहुमत सिद्ध करने के बाद जिस अंदाज में अपनी बातों को रखा है। इससे प्रतीत होता है कि वे मुखौटा और कठपुतली नहीं हैं बल्कि अपने स्वविवेक से सरकार चलायेंगे । उनका यह स्वविवेक निर्भीकता और दहाड़ ही यूपीए घटक दलों के लिए परेशानी का सबक बन सकता है। तब कोई बड़ा खेला से इंकार नहीं किया जा सकता है हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद यूपीए की एकता तो दिख रही है। लेकिन यह एकता कितने दिनों तक बनी रहती है? यह भी सवालों के घेरे में है। यह एकता जितनी स्पष्ट दिख रही है, किन्तु अंदर की राजनीति कुछ और ही बयां कर रही है। ऐसे झारखंड मुक्ति मोर्चा, यूपीए घटक दल की सबसे बड़ी पार्टी के है। इसलिए इस दल का ही मुख्यमंत्री बनना लाजमी भी था। चंपई सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक है। वे, शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन के विश्वासी भी हैं। ईडी ने जिस तरह के चार्ज हेमंत सोरेन के विरुद्ध लगाये हैं, बेहद संगीन है। ईडी द्वारा गिरफ्तार किये जाने के बाद हेमंत सोरेन को सीधे होटवार जेल भेज दिया गया था। इस गिरफ्तारी के विरुद्ध हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया । वहां बात नहीं बनी। फिर उन्होंने रांची हाई कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया। वहां भी बात नहीं बनी? अभी हेमंत सोरेन, ईडी के पांच दिनों के रिमांड पर हैं। जिस तरह के आरोप हेमंत सोरेन पर है। लगता नहीं है कि वे लोकसभा चुनाव से पूर्व छूट पायेंगे। हेमंत सोरेन के झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव तक भी जेल से छूटने की उम्मीद कम लग रही है। लोकसभा और विधानसभा का चुनाव चंपई सोरेन के नेतृत्व में ही लड़ा जायेगा। इसकी ज्यादा प्रबल संभावना दिख रही है। ऐसे इस बात की आशंका पिछले दो महीने से बनी हुई थी कि हेमंत सोरेन जल्द ही ईडी की कार्रवाई को देखते हुए अपने पद से त्यागपत्र दे देंगे। इस बात की राजनीतिक गलियारे में बराबर चर्चा भी हो रही थी कि हेमंत सोरेन के इस्तीफे बाद इस प्रांत के मुख्यमंत्री कौन होंगे? मुख्यमंत्री पद के लिए सबसे पहले हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का नाम आया। जिस तरह बीते कुछ दिनों से कल्पना सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठकों में शामिल हो रही थी। इससे यह बात खुलकर सामने आ गई थी कि अगर हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देते हैं, तो कल्पना सोरेन ही मुख्यमंत्री बनेंगी। वहीं दूसरी ओर शिबू सोरेन परिवार के ही कई सदस्य मुख्यमंत्री की कुर्सी हथियाने के लिए सामने आ गये थे। शिबू सोरेन के बड़े पुत्र स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की विधायक पत्नी सीता सोरेन ने भी मुख्यमंत्री पद के लिए अपना दावा ठोक दिया था। उन्होंने यहां तक कहा था कि वह शिबू सोरेन की बड़ी बहू होने के नाते मुख्यमंत्री बनने का उन्हें पहला हक है। अगर शिबू सोरेन की तबीयत ठीक होती तो संभवत चंपई सोरेन की जगह वे झारखंड के 12 वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेते। उनके नाम पर कहीं भी यूपीए घटक दल में विरोध नहीं होता।? लेकिन उनकी तबीयत बराबर खराब रहने के कारण ऐसा संभव नहीं हो सका। झारखंड की राजनीति में दूर-दूर तक चंपई सोरेन के मुख्यमंत्री बनने की चर्चा तक नहीं थी। लेकिन अचानक चंपई सोरेन का नाम मुख्यमंत्री के रूप में सामने आया। उन्हें हेमंत सोरेन के इस्तीफे के साथ ही तुरंत विधायक दल का नेता भी चुन लिया गया। यह बात किसी को हजम नहीं हो पा रही है। अब सवाल यह उठता है कि कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री क्यों नहीं बनाया गया? इस बात की भी चर्चा राजनीतिक गलियारे में बड़ी तेजी के साथ हो रही है कि शिबू सोरेन भी नहीं चाहते थे कि कल्पना सोरेन अथवा सीता सोरेन झारखंड की मुख्यमंत्री बने। जबकि घर में ही इस पद के एक और प्रबल दावेदार है। खैर जो भी हो, चंपई सोरेन झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले चुके हैं। उन्होंने सदन में अपना बहुमत भी सिद्ध कर दिया है। उनका बयान एक परिपक्व नेता के रूप में आ रहा है। चंपई सोरेन को अपनी सरकार चलाने के लिए यूपीए घटक दल के विधायकों और मंत्रियों के बीच बेहतर तालमेल बनाकर रखना होगा। तभी उनकी सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर पायेगी। अन्यथा उनकी परेशानियों बढ़ा देंगी । इस बात की भी चर्चा चल रही है कि आखिर झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक सरफराज अहमद ने गांडेय विधानसभा सीट क्यों इस्तीफा दिया? सरफराज अहमद झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक मजबूत कार्यकर्ता के साथ अपनी पार्टी में अच्छी पकड़ रखते हैं। वे प्रांत के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीबी माने जाते रहे हैं। सरफराज अहमद ने गांडेय विधानसभा सीट से इसलिए इस्तीफा दिया था कि कल्पना सोरेन के मुख्यमंत्री बनने के 6 महीने बाद गांडेय विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ सके। सरफराज अहमद की शहादत भी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री नहीं बना पाई। अब सवाल यह भी उठता है कि यूपीए घटक दल के नेता गण क्या कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री के रूप में स्वीकार नहीं कर रहे थे ? अगर इस बात में जरा भी सच्चाई है, तब यह चंपई सोरेन सरकार के लिए अच्छी खबर नहीं है। चंपई सोरेन के समक्ष एक ओर प्रांत की जबाबदेही है। वहीं दूसरी ओर यूपीए घटक दल के नेताओं को एक सूत्र में बांधे रखने की है। चंपई सोरेन यूपीए घटक दल के नेताओं से थोड़ा अलग चिंतन वाले व्यक्ति भी है। उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते के बाद पहला प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जल, जंगल और जमीन के प्रति उनकी जो जवाबदेही है, उसे पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। उन्होंने स्वयं को हेमंत टू कह कर एक बड़ी राजनीतिक दूरदर्शिता का संकेत दिया है। वे पढ़े लिखे कम जरूर हैं,लेकिन उनके पास संघर्ष का अनुभव ज्यादा है।

## आपकी बात

### बारिश से रबी फसल को मिलेगा लाभ

मौसम में आये बदलाव से जनजीवन प्रभावित हो गया है। रात्रि से हो रहे बूंदाबांदी से ठंड बढ़ गई है और सुबह से बूंदाबांदी बारिश और आसमान में बादल छाए रहने से लोग अपने घरों में दुबके रहे। कई तरह का काम लोग नहीं निपटा पाये। इस मौसम से फसलों को नुकसान होने का ज्यादा संभावना बनी रहती है। इस संबंध में कृषि बागवानी विशेषज्ञ डॉ. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इस मौसम में रबी फसल गेहूं, मटर, चना को लाभ मिलेगा। वहीं सरसों, तिल और सब्जी की फसल टमाटर, बैंगन, गोभी को नुकसान है। सब्जी की फसल को बचाने के लिए किसान अपने खेतों में पानी का जमाव नहीं होने दें। पानी का जमाव होता है तो तुरंत उसकी निकासी करें। गरमा फसल के लिए किसान द्वारा तैयार किया जा रहा खेतों में पानी का जमाव नहीं होने दें और इस मौसम में बीज का बुआई नहीं करें। जब तक जमीन पूरी तरह गरमा नहीं होती तब तक किसी प्रकार का गरमा फसल बीज की बुआई और रोपाई नहीं करें। हल्की बरसात होने से ही सरसो, गेहूं, चना आदि की फसलों में बीज पुष्ट होंगे। इससे किसानों को सिंचाई करने से भी राहत मिलेगी। मौसम वैज्ञानिकों द्वारा आगामी दिनों में बरसात होने के पूर्वानुमान से किसान प्रफुल्लित नजर आ रहे हैं। वैसे भी खरीफ की फसल नष्ट हो जाने से किसानों की पूरी उम्मीद रबी फसलों पर ही टिकी है। किसान अब उम्मीद भरी नजरों से आसमान की तरफ देख रहे हैं।
अविनाश तिवारी, मेदिनीनगर।

### यातायात नियमों के उल्लंघन से जाम

शहर में सवारी बैठाने के चक्कर में इधर-उधर बेतरतीब खड़े आटो शहर में जाम का प्रमुख कारण बने हुये हैं। पहचान सुनिश्चित करने के लिये लोगों ने शहर में बस व आटो चालकों के लिये ड्रेस कोड लागू करने की आवाज बुलंद की है। लोगों का कहना है कि शहर की दिन-प्रतिदिन बढ़ रही आबादी के कारण बस व ऑटो सहित अन्य सवारी वाहनों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। जिससे वाहन चालकों में सवारी को लेकर मारामारी की स्थिति बनी रहती है। पहले सवारी बैठाने के चक्कर में आटो चालक कहीं पर भी वाहन खड़ा कर दे रहे हैं। शहर की सड़कें संकरी होने व ट्रैफिक के नियम का पालन नहीं करने से जाम की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। विशेषकर सुबह व शाम के समय सवारियां अधिक निकलती है। इस दौरान बस स्टैंड रेड़मा, छह मुहान, सदीक चौक, बायपास आदि स्थानों पर जाम की समस्या से नागरिकों का हाल बेहाल है।

**- अजय चौधरी, मेदिनीनगर।**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

राजनीति

# बुंदेलखंड की बुझी प्यास मेड़बंदी से बढ़ी आस



मुकुंद

***केंद्र*** सरकार सारे देश में वर्षा जल की बूंद-बूंद सहेजने के लिए पिछले 10 साल से भगीरथ प्रयास कर रही है। कुछ जगह अब इसके सुखद और सार्थक परिणाम सामने आने लगे हैं। उत्तर प्रदेश ने बड़ी खुशखबरी दी है। राज्य में गेहूं और धान की सरकारी खरीद का आंकड़ा लंबे समय तक अकाल का पर्याय रहे बुंदेलखंड के लिए नई उम्मीद जगाता है, क्योंकि यह वही इलाका है जहां कभी केंद्र सरकार मालगाड़ी से पानी भेजती थी। यहां से टैंकरों के माध्यम से पानी बांदा के चित्रकूट, मानिकपुर और सूखे के लिए अभिशप्त पाठा क्षेत्र में भेजा जाता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने एक दशक में बुंदेलखंड खासकर बांदा और चित्रकूट का सूखा खत्म कर दिया है। प्रदेश की योगी सरकार ने भी इस अभियान में अहम भूमिका निभाई है। अब चित्रकूट के पाठा, मऊ, राजापुर में बासमती चावल महक रहा है। बाकी जगह गेहूं की फसल लहलहा रही है। उत्तर प्रदेश में पिछले साल 15 जून तक गेहूं की कुल सरकारी खरीद (न्यूनतम समर्थन मूल्य) 20 4000 मीट्रिक टन की गई। इसमें अकेले चित्रकूट और राजापुर से 75270 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। चित्रकूट मंडल के किसानों ने 41076 मीट्रिक टन उत्तर प्रदेश सरकार को बेचा। चित्रकूट मंडल उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। दूसरे नंबर पर बुंदेलखंड मंडल रहा। झांसी से 34194 मीट्रिक टन गेहूं सरकार ने खरीदा। तीन-चार दशक पहले अपने गांव जखनी का सूखा खत्म करने के लिए ''खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़'' अभियान शुरू करने वाले पद्मश्री से सम्मानित उमाशंकर पाण्डेय इस बदली हुई तस्वीर का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देते हैं। वह कहते हैं कि प्रधानमंत्री ने सारे देश को ''खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़'' अभियान से जोड़कर जल संरक्षण की पुरखों की विधि को जीवंत कर दिया है। इन प्रयासों की वजह से 30 लाख क्विंटल से अधिक बासमती उत्पादन चित्रकूट मंडल कर रहा है। बुंदेलखंड के किसान राष्ट्र और समाज को मजबूत कर रहे हैं। बांदा जिले के 10,000 से अधिक किसानों ने खेत पर मेड़बंदी की है।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने एक दशक में बुंदेलखंड खासकर बांदा और चित्रकूट का सूखा खत्म कर दिया है। प्रदेश की योगी सरकार ने भी इस अभियान में अहम भूमिका निभाई है।**

बोधि वृक्ष

# एलोरा का भव्य कैलाश मंदिर

***इस*** प्रक्रिया में मंदिर के प्रांगण के आकार को रेखांकित किया गया। प्रांगण के बीच 200 फुट लंबी, 100 फुट चौड़ी और शीर्ष पर 100 फुट ऊँची एक बड़ी चट्टान का 'द्वीप' जैसा निर्माण किया गया। एक स्थापत्य गणना के अनुसार, इन खाइयों को खोदकर पंद्रह से बीस लाख घन फुट चट्टानों को हटाया गया था। चूँकि एक गहरी खाई से पत्थरों को उठाना लगभग असंभव था, इसलिए विद्वानों का अनुमान है कि मूर्तिकारों ने चट्टान को ऊपर से नीचे तक एक छेनी से तराशा होगा ताकि मंदिर के आसपास के क्षेत्रों से हटाये गये पत्थर कार्यदलों की सहायता से पहाड़ के नीचे लुढ़काये जा सकें। मंदिर के निर्माण के दौरान हटाये गये कई टन पत्थर कहाँ गये, यह अब तक एक पहेली ही है। बची हुई चट्टानों के कहीं फेंके जाने का भी हमें कोई सबूत नहीं मिलता। चट्टानें कहाँ गईं, इस बारे में बात करने के लिए हमारे पास अब भी कोई भरोसेमंद स्रोत मौजूद नहीं है।

विज्ञान की पुस्तकों के अनुसार, एलोरा जैसी जगहों के नीचे अनगिनत मार्ग छिपे हुए हैं, जिनमें कभी ऊर्जा मशीनें और अन्य प्राचीन तकनीकें मौजूद थीं। ऐसा कहा जाता है कि इस विशाल मंदिर के निर्माण के लिए इन अलौकिक मशीनों का इस्तेमाल किया गया होगा। चट्टानों को वाष्पीकृत करने की क्षमता रखने वाली पौराणिक तकनीक की मुख्यधारा में भी चर्चा होती है। हालाँकि, इनमें से किसी भी परिकल्पना का समर्थन करने वाले कोई विश्वसनीय स्रोत उपलब्ध नहीं हैं।

**कैलाश मंदिर की भू-योजना :** यह अनुमान लगाया जा सकता है कि पश्चिमी भारत के इस क्षेत्र में लोगों ने इतनी सारी गुफाओं को इसलिए तराशा क्योंकि यहाँ की चट्टानों की बनावट ही ऐसी थी कि उन पर छेनी से नक्काशी की जा सकती थी। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

Mamta Sharma
3 d

ये हैं सूरज और आकाश और साथ है उनकी चलंत नर्सरी। इतने आकर्षक और सुंदर तरीके से ई-रिक्शे में इन्होंने अपनी नर्सरी सजा रखी है कि आप बिना खरीदे मानेंगे नहीं।
इनकी उद्यमशीलता पर हमें नाज़ करना ही चाहिए!!



## X- से

PIB India
@PIB_India

**Ineligible Workers under Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme**

Under MGNREGS, beneficiaries are getting wage payment for unskilled manual work, directly into the Bank/Post office account as provided by the beneficiary.

The wage payment is routed through Aadhaar Based Payment Bridge System (APBS). This system has been made mandatory since 1st January, 2024.

Read more: pib.gov.in/PressReleasePa...

#ParliamentQuestion



# काश, नरेश गोयल रास्ते से न भटके होते



आरके सिन्हा

***एक*** समय विमानन की दुनिया में एयर इंडिया के बाद दूसरा स्थान रखने वाले जेट एयरवेज के फाउंडर चेयरमेन रहे नरेश गोयल की हाल ही में कुछ अखबारों में छपी एक फोटो में उनकी बेहद खराब सेहत हालत को देखकर उनके अनेकों मित्रों और करीबियों को निराशा तो जरूर ही हुई होगी। नरेश गोयल आजकल मुंबई की एक जेल में विचाराधीन कैदी के रूप में बंद हैं। उन पर धोखाधड़ी के बहुत से केस चल रहे हैं। उनकी पत्नी भी बीमार है। उन्होंने मुंबई की एक अदालत में यहां तक कहा कि अब उन्हें मर ही जाना चाहिए। भारत के एविएशन सेक्टर के कभी शिखर नाम रहे नरेश गोयल की मौजूदा हालत और उनके पीछे के कारण वास्तव में एक बड़ा सबक हैं, बिजनेस की दुनिया के लोगों के लिए। नरेश गोयल 1970 के दशक के अंत से 1980 के दशक में राजधानी के बंगाली मार्केट की एक बरसाती में रहते थे। उन्होंने कुछ दिनों तक मशहूर बंगाली स्वीट हाउस में नौकरी भी की थी। नरेश गोयल बंगाली मार्केट के एक घर की बरसाती में कुछ दोस्तों के साथ साझा किरायेदार के रूप में रहते थे। बंगाली मार्केट के अलावा नरेश गोयल माहबत खान रोड के सरकारी घरों में भी किराये पर रहे। वे तब दिल्ली के अंसल भवन की एक एयरलाइंस की टिकटों का बिजनेस काम करने वाली छोटी सी कंपनी में काम करते थे। वे सुबह-शाम का खाना बंगाली मार्केट के करीब रिफ्यूजी मार्केट में खा लिया करते थे। वे पंजाब के शहर संगरूर से दिल्ली आये थे। बेशक, वह नरेश गोयल के संघर्ष के दिन थे। वे दिन-रात मेहनत करते रहते थे। नरेश गोयल दिल्ली में नौकरी करने के इरादे से तो नहीं आये थे। उनके कई बड़े सपने थे। संघर्ष के दिनों में भी उनकी तमन्ना आकाश को छूने की ही रहती थी। कुछ दिनों तक बंगाली मार्केट में नौकरी करने के बाद वे पूरी तरह से एयरलाइंस की दुनिया में डूब गये। उन्होंने सबसे पहले इराक और कुवैत एयरलाइंस की टिकटों को बेचने का काम शुरू किया। नरेश गोयल का धंधा उनकी मेहनत से फौरन चमकने लगा। वे जल्द ही मोटी रकम कमाने लगे। उसी दौर में उन्होंने ईस्ट दिल्ली में एक घर भी खरीद लिया।

**नरेश गोयल 1970 के दशक के अंत से 1980 के दशक में राजधानी के बंगाली मार्केट की एक बरसाती में रहते थे। उन्होंने कुछ दिनों तक मशहूर बंगाली स्वीट हाउस में नौकरी भी की थी।**

## टेक वर्ल्ड

# वीडियो गेम के दीवानों का नया अड्डा बना यूट्यूब

हालांकि हम यहां पर कंफर्म कर दें कि यह फ्री नहीं है, बल्कि इसके लिए आपको यूट्यूब का प्रीमियम सब्सक्रिप्शन लेना होगा तभी आपको Playable की सुविधा मिल पाएगी। बता दें कि यूट्यूब जल्दी इस फीचर को सभी यूजर्स के लिए लांच करने वाला है।



**जानते हैं कि कैसे खेल सकते हैं यूट्यूब पर वीडियो गेम**

अगर आप ब्रेन आउट और डेली क्रॉसवर्ड जैसे हल्के गेम से लेकर Scooter Extreme और Balls 3D जैसे एक्शन गेम के दीवाने हैं तो आपको कहीं और भटकने की जरूरत नहीं है, बल्कि आप यूट्यूब का सब्सक्रिप्शन लेकर Playable फीचर के माध्यम से अपने किसी भी पसंदीदा गेम को आसानी से यूट्यूब पर खेल सकते हैं। बता दें कि इसके लिए आपको यूट्यूब का प्रीमियम सब्सक्रिप्शन लेना है और यूट्यूब एप, वेब वर्जन में प्रोफाइल वाले क्षेत्र में क्लिक कर जाना है। जब आप यहां पर बेनिफिट्स में जायेंगे तो आपको Playable दिखेगा और यहां से आपको योर प्रीमियम बेनिफिट्स क्षेत्र में जाने पर गेम खेलने की सुविधा मिल जायेगी। हालांकि यूट्यूब ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अभी मौजूदा समय में यह फीचर प्रीमियम यूजर के लिए रोल आउट किया जा रहा है, लेकिन जल्दी ही यह सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध होगा। **- विंध्यवासिनी सिंह ।** **(समाप्त)**

**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)**

# केरल सीएम से जुड़े एसएनसी लवलिन मामले की अंतिम सुनवाई एक मई को

**2017 से इस मामले को 36 बार स्थगित किया जा चुका है**

**एजेंसी। नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से जुड़े विवादास्पद एसएनसी लवलीन मामले की अंतिम सुनवाई के लिए एक मई की तारीख तय की है। 2017 से इस मामले को 36 बार स्थगित किया जा चुका है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा,मंगलवार को 50-60 मामले होते हैं और आम तौर पर इतने मामलों में बारी नहीं आती है। एक तरीका यह है कि हम इस मामले को स्वीकार करें और इसे बुधवार को सूचीबद्ध करें। पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन भी शामिल थे, ने नई 'पावर ऑफ अटॉर्नी' दाखिल करने के लिए दो सप्ताह की अवधि दी, क्योंकि उत्तरदाताओं में से एक का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील को हाल ही में वरिष्ठ वकील के रूप में नामित किया गया है। मामले में उपस्थित वकीलों में से एक ने कहा, मामले को 2017 से 36 बार स्थगित किया गया है और सीबीआई को अपील पर मुकदमा चलाने में कोई दिलचस्पी नहीं है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू की सहायता करने वाले और सीबीआई का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने कहा, ऐसा नहीं है कि सीबीआई इस मामले को लेने के लिए इच्छुक नहीं है। यह अन्य आधारों पर रहा है। एएसजी राजू ने कहा, क्या मैं एक छोटी सी तारीख के लिए अनुरोध कर सकता हूं।




**क्या है मामला**

**1996 में इडुक्की जिले में पल्लीवासल, सेंगुलम और पन्नियार पनबिजली परियोजनाओं के नवीकरण और आधुनिकीकरण के लिए कनाडा स्थित एसएनसी लवलिन के साथ केरल राज्य बिजली बोर्ड के अनुबंध में 374 करोड़ रुपये के नुकसान से संबंधित है, जब विजयन ईके नयनार की कैबिनेट में ऊर्जा मंत्री थे।**

## मनरेगा अनियमितता: ईडी की बंगाल में कई स्थानों पर छापेमारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा 'उपयोगिता प्रमाण पत्र' जमा न करने के बारे में सीएजी के निष्कर्ष सामने आने के बीच, ईडी के अधिकारियों ने मंगलवार को मनरेगा के तहत 100 दिन रोजगार योजना के कार्यान्वयन में अनियमितता के संबंध में विभिन्न जिलों में छापेमारी की और तलाशी अभियान चलाया। नवीनतम उपलब्ध जानकारी के अनुसार, वर्तमान में हुगली, झाड़ग्राम, मुर्शिदाबाद और उत्तर 24 परगना में चार स्थानों पर छापेमारी चल रही है। सूत्रों ने कहा कि जैसे-जैसे दिन बीतता जाएगा, ईडी के अधिकारियों द्वारा छापेमारी और तलाशी अभियान की सूची में अन्य जिलों में और जगहें शामिल हो सकती हैं। सूत्रों ने बताया कि चार स्थानों में से दो राज्य सरकार के अधिकारियों के आवास पर हैं।

# कूड़े के ढेर पर मनाई शादी की सालगिरह

**कपल ने गंदगी और कूड़े के ढेर की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए ऐसा किया**

**एजेंसी। आगरा**

उत्तर प्रदेश में आगरा शहर के नगला काली इलाके में सड़क पर गंदगी और कूड़े के ढेर के बीच एक कपल ने दूल्हा-दुल्हन के वेश में अपनी 17वीं शादी की सालगिरह मनाई। कपल ने ऐसा जिला प्रशासन का ध्यान गंदगी और कूड़े के ढेर की ओर आकर्षित करने के लिए किया। कपल ने एक-दूसरे को मालाएं पहनाईं, जबकि स्थानीय निवासियों ने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं। इन तख्तियों पर 'अगर सड़क और नाली का निर्माण ठीक से नहीं किया गया तो वे वोट नहीं देंगे' लिखा था। स्थानीय लोगों के मुताबिक, समस्या 15 साल से बनी हुई है। लेकिन, पिछले आठ महीनों में सड़क गंदे नाले में तब्दील हो गई है। इससे इलाके के लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। इस



सड़क से 30 से ज्यादा कॉलोनियों के लोग आते-जाते हैं। गंदगी के कारण स्थानीय लोगों को अब दो किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। इलाके की एक दर्जन कॉलोनियों के बाहर 'विकास नहीं तो वोट नहीं' के पोस्टर भी चिपकाए गए, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। निवासियों के शिकायत करने के बावजूद जन प्रतिनिधियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसलिए भगवान शर्मा ने अपनी पत्नी उमा शर्मा के साथ इस अनोखे विरोध प्रदर्शन का फैसला किया। भगवान शर्मा ने कहा कि बीते 15 सालों से हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। हम सभी जन प्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों के पास गए। कोई कार्रवाई नहीं होने पर हमें इस तरह से विरोध करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उमा शर्मा ने कहा कि विरोध इस मुद्दे को बड़े स्तर पर उजागर करने के लिए है।

## एक नजर

### रेरा ने क्रेडाई और नारेडकों के साथ की समीक्षा

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने लखनऊ और गौतमबुद्ध नगर के प्रमोटर्स के साथ एक समीक्षा बैठक की है, जिसमें रेरा द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई है। बैठक प्राधिकरण द्वारा मुख्यालय, लखनऊ तथा क्षेत्रीय कार्यालय, गौतम बुद्ध नगर पर प्रदेश के प्रमोटर्स संघ, क्रेडाई एवं नारेडकों, के साथ आयोजित की गई। इस अवसर पर सचिव प्रमोद कुमार उपाध्याय, संयुक्त सचिव उमा शंकर सिंह, प्रमुख सलाहकार अबरार अहमद सहित वित्त नियंत्रक, अपर निदेशक- सिस्टम्स के साथ लगभग प्रदेश के 35 से ज्यादा प्रमोटर्स ने हिस्सा लिया।

### राजस्थान में रास के चुनाव में स्थानीय चेहरों को उतारने की योजना

**जयपुर।** सूत्रों ने बताया कि भाजपा राज्यसभा चुनाव में किसी भी राज्य से किसी भी उम्मीदवार को खड़ा करने की पुरानी परंपरा के बजाय स्थानीय चेहरों को मैदान में उतारने की एक नई रणनीति पर विचार कर रही है। चुनाव आयोग ने 15 राज्यों में राज्यसभा चुनाव की तारीख की घोषणा कर दी है। इसमें 56 सीटों पर चुनाव होंगे, जिसमें राजस्थान की तीन सीटें भी शामिल हैं। इन सीटों के लिए 27 फरवरी को मतदान होगा। इनमें से छह कांग्रेस और चार बीजेपी के पास हैं। राजस्थान से पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव और वर्तमान में भजनलाल सरकार में मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के प्रतिनिधित्व वाली तीन सीटों पर मतदान होगा।

### यूसीसी का समर्थन करने वाले विधायकों का सम्मान करेगी पार्टी

**देहरादून।** उत्तराखंड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विधानसभा में 2 बजे के बाद समान नागरिकता कानून 2024 को रखेंगे। पारित होने पर विधयेक को राज्यपाल के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा। राज्यपाल की मंजूरी के बाद इसे कानून के रूप में उत्तराखंड राज्य में लागू कर दिया जाएगा। सरकार जहाँ एक तरफ यूसीसी को राज्य में लागू कर देश के सामने एक नजीर पेश करना चाहती है, वहीं विपक्ष सरकार की इस ड्राफ्ट को जल्दबाजी में लागू करने की वजह पूछ रहा है।

# सम्राट ने वित्त विभाग और प्रेम कुमार ने पर्यटन विभाग का पदभार संभाला

**एजेंसी। पटना**

बिहार में बनी नई सरकार में मंत्री बने सम्राट चौधरी ने मंगलवार को वित्त मंत्रालय का पदभार संभाल लिया। प्रेम कुमार ने पर्यटन विभाग की जिम्मेदारी संभाल ली। चौधरी मंगलवार को सचिवालय स्थित वित्त विभाग कार्यालय पहुंचे और पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विभागीय पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर कार्यालय कक्ष में उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद वित्त मंत्री ने विभागीय पदाधिकारियों के साथ बजट पर विस्तृत चर्चा की। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में नई सरकार के गठन के बाद सबसे बड़ी चुनौती अपने संसाधनों को बढ़ाने की है। बजट में हमारी हिस्सेदारी कम होती है लेकिन भारत सरकार से जो सहयोग मिलता है तो वह बजट बड़ा हो जाता है। उन्होंने कहा कि आगे हम वित्तीय प्रबंधन कैसे अच्छे तरीके से करें, इसको लेकर काम किया जाएगा। आर्थिक संसाधन कम रहते हुए भी बिहार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने भरोसा दिया कि जो जिम्मेदारी मिली है उस तरफ हम काम करते रहेंगे। इधर, डॉ प्रेम कुमार ने भी पर्यटन विभाग में पदभार ग्रहण किया। मंत्री का स्वागत पर्यटन विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने किया। मंत्री ने कहा कि बिहार प्रदेश अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं, विरासतों तथा सभी धर्मों के पवित्र स्थलों के केंद्र के रूप में पर्यटन मानचित्र पर पहचान बना चुका है। पर्यटकों को परिभ्रमण में किसी तरह की कठिनाई उत्पन्न न हो, उनकी संख्या लगातार बढ़े, इसके लिए सरकार प्रयत्नशील रहेगी।



### अभियंत्रण कॉलेज के लिए इंटर्नशिप नीति मंजूर

**पटना।** बिहार में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के छात्र, छात्राओं के लिए इंटर्नशिप नीति को स्वीकृति दे दी गई। इसके तहत सरकार ने इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों को बड़ी राहत दी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में कुल 14 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने पत्रकारों को बताया कि बैठक में पंचायती राज विभाग के तहत राज्य के 2,165 ग्राम पंचायतों में नए पंचायत भवनों के निर्माण के लिए 6,010 करोड़ रूपए राशि की स्वीकृति दी गई। इसके तहत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की 1,082 तथा सामान्य क्षेत्रों की 1,083 ग्राम पंचायतों में नए पंचायत भवन के निर्माण कराए जायेंगे। उन्होंने आगे बताया कि बैठक में विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधीन संचालित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के छात्र, छात्राओं के लिए इंटर्नशिप नीति की स्वीकृति दी गई।

# सीबीआई को बंगाल स्कूल बाहाली में फर्जीवाड़े की मिली जानकारी




**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में स्कूल में नौकरी के बदले नकद मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को इस बात की जानकारी मिल गई है कि लिखित परीक्षा में इस्तेमाल की गई ओएमआर शीट को स्कैन करके उम्मीदवारों के अंकों में कैसे अनियमितताएं की गईं।

सूत्रों ने कहा कि सीबीआई अधिकारियों ने पहले ही अपने निष्कर्षों से संबंधित विवरण कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति देबांगसु बसाक और न्यायमूर्ति शब्बर रशीदी की विशेष खंडपीठ को सौंप दिया है, जो सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में स्कूल में नौकरी के बदले करोड़ों रुपये के नकद मामले से संबंधित केस की सुनवाई के लिए गठित की गई है। केंद्रीय एजेंसी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर उक्त खंडपीठ ने वंचित अभ्यर्थियों को, जो कथित स्कूल नौकरी मामले में विभिन्न मामलों में पक्षकार हैं, लिखित परीक्षा के लिए अपनी संबंधित ओएमआर शीट की जांच करने के लिए सीबीआई को आवेदन करने की अनुमति दे दी है। यह पता चला है कि सीबीआई ने यह भी बताया है कि पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) के कर्मचारियों के एक वर्ग और ओएमआर शीट की आपूर्ति के लिए आउटसोर्स एजेंसी एनवाईएसए के संयुक्त प्रयासों से राज्य में संचालित स्कूलों में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा के लिए ओएमआर शीट की स्कैनिंग के माध्यम से अंकों में हेरफेर कैसे किया गया था।

### कर्नाटक कांग्रेस 'चलो दिल्ली' प्रदर्शन के लिए तैयार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक कांग्रेस राज्य के प्रति कथित सौतेले व्यवहार के खिलाफ दिल्ली में विरोध प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार है। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने सभी केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों और राज्यसभा सदस्यों को विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने के लिए पत्र लिखा है। सीएम सिद्धारमैया, कांग्रेस के मंत्री, विधायक, एमएलसी मंगलवार शाम बेंगलुरु से राष्ट्रीय राजधानी के लिए रवाना होंगे। कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन को चलो दिल्ली नाम दिया है। केंद्र सरकार द्वारा कथित तौर पर राज्य को धनराशि जारी करने से इनकार करने के बाद विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया गया है। कांग्रेस ने कहा,चलो दिल्ली चलते हैं, आइए हम अपने वित्तीय न्याय के लिए लड़ें। 2017 से 18 तक केंद्र सरकार द्वारा कर्नाटक को उसके हिस्से का 1,87,000 करोड़ रुपये नहीं दिया गया। सीएम ने मंत्रियों और सांसदों से कहा कि मैं यह पत्र विशेष परिस्थिति में लिख रहा हूं। केंद्र सरकार द्वारा कर्नाटक के साथ किए जा रहे सौतेले व्यवहार से आप परिचित हैं।



### 15 जमीन मालिकों के खिलाफ 100 एफआईआर दर्ज

**गुरुग्राम।** टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग (डीटीसीपी) गुरुग्राम ने अवैध कॉलोनी डेवलपर्स के खिलाफ बड़ी कार्रवाई में 15 लोगों के खिलाफ 100 एफआईआर दर्ज की है।विभाग की दायर शिकायत के अनुसार, ये कॉलोनियां लगभग 110 एकड़ में विकसित की जा रही थीं, जिनमें फर्रुखनगर में छह, पटौदी में तीन, सोहना में दो और पटौदी के भोंडसी, सिधरावली, बिलासपुर और बोहड़ाकलां में एक-एक अवैध कॉलोनी शामिल है। शिकायत में जिक्र है कि इन कॉलोनियों को विभाग की पूर्व अनुमति के बिना बनाया गया, जो हरियाणा विकास और शहरी क्षेत्र विनियमन अधिनियम के सेक्टर -7 ए के अंतर्गत आती है। डीटीसीपी (प्रवर्तन) मनीष यादव ने कहा, हमने इन जमीन मालिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और हमें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। हमने आदेश जारी किया कि वे अवैध ढांचों को खुद हटा दें, लेकिन वे ऐसा करने में विफल रहे, जिससे हमें विध्वंस अभियान चलाने के लिए मजबूर होना पड़ा।





### पाक सीमा के पास 35 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने बीएसएफ के साथ मिलकर अनूपगढ़ जिले के रायसिंह नगर में पांच किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। वहीं, सीआइडी एसपी राजेंद्र कुमार ने कहा, "अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद हुई ड्रग्स की कीमत 35 करोड़ रुपए है। हेरोइन जीरो लाइन से भारतीय सीमा में 1800 मीटर अंदर दो पैकेट में मिली थी। इस ऑपरेशन को पुलिस और बीएसएफ की संयुक्त टीम ने मिलकर अंजाम दिया है।"उन्होंने आगे कहा, "हालांकि अभी तक इस मामले में किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया है। इस बात की संभावना है कि हेरोइन को ड्रोन से गिराया गया हो। इससे पहले भी इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जब इस इलाके में पाकिस्तान के द्वारा हेरोइन को गिराया जा चुका है। दो वर्षों में श्रीगंगानगर और अनुपगढ़ जिले से बड़ी मात्रा में हेरोइन बरामद की गई है। 2022 में इस क्षेत्र से 10 ऐसे मामले सामने आए थे, जिसमें 29 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 33 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई।



### चोरी के आरोप में नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**चेन्नई।** ग्रेटर चेन्नई पुलिस ने मंगलवार को फूल निर्यातक के आवास पर चोरी के आरोप में नेपाली नागरिकों के समूह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान प्रकाश खड़का (30), मनोज मासी (39) और जनक प्रसाद जोशी (25) के रूप में हुई है। सभी आरोपी मूल रूप से नेपाली हैं। प्रकाश खड़का चेन्नई में बीते एक दशक से रहा है। वहीं, पुलिस ने बताया कि जब फूल निर्यातक ब्रिजेश कुमार अग्रवाल और उनकी पत्नी अमृता अग्रवाल के चेन्नई स्थित आवास पर चोरी हुई थी, तब वो दोनों व्यापार के सिलसिले में जर्मनी गए हुए थे। चोरी की घटना के बारे में जानकारी नौकरानी ने पति-पत्नी को 30 जनवरी को दी थी, जब उसे घर का दरवाजा टूटा हुआ मिला था। पुलिस शिकायत में कहा गया है कि घर से 7 लाख रुपए के ज्वैलरी चुराए गए हैं। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है, जो कि परिवार के करीबियों से पूछताछ करेगी। वहीं, बंगले के अस्थायी ड्राइवर प्रकाश खड़का पर भी ध्यान केंद्रित किया गया।



### चुनाव से पहले गैंगस्टरों की भर्ती करने का आरोप

**मुंबई।** कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार और शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने मंगलवार को सत्तारूढ़ महायुति सरकार पर चुनाव से पहले अपने महागठबंधन में 'गैंगस्टरों और खलनायकों की भर्ती' करने का आरोप लगाया। वडेट्टीवार ने शिवसेना-भारतीय जनता पार्टी-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एपी) की सत्तारूढ़ तिकड़ी का जिक्र करते हुए कहा,चुनाव से पहले महागठबंधन में गुंडों की भर्ती! सत्ता में मौजूद सभी तीन दलों के बीच अपने-अपने गिरोह को मजबूत करने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है। एमवीए ब्लॉक के राउत ने कहा,महाराष्ट्र में गैंगस्टरों का शासन जारी है, सत्तारूढ़ दल के विधायक पुलिस स्टेशन के अंदर गोलीबारी करते हैं। गैंगस्टर इतने ताकतवर क्यों हो गए? इस स्थिति के लिए कौन जिम्मेदार है। एमवीए के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए, शिवसेना मंत्री दीपक केसरकर ने कहा कि कई लोग रोजाना सीएम से मुलाकात करते हैं। केसरकर ने कहा, हम उन्हें सीएम से मिलने या उनके साथ तस्वीरें खिंचवाने से नहीं रोक सकते।



# कर्नाटक हाईकोर्ट ने सीएम सिद्दारमैया पर 10 हजार का जुमार्ना लगाया

**एजेंसी। बेंगलुरू**

कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को एक विरोध प्रदर्शन के दौरान सड़क अवरुद्ध करने के मामले में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और अन्य कांग्रेस नेताओं पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। कोर्ट ने यह कहा कि लोगों का प्रतिनिधि होने के कारण सड़क अवरुद्ध करने का कार्य स्वीकार नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति कृष्ण एस. दीक्षित की अध्यक्षता वाली पीठ ने विशेष अदालत में मुकदमे की कार्यवाही को रद्द करने की मांग वाली सीएम सिद्दारमैया की याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने सीएम सिद्दारमैया को 6 मार्च को जन प्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत के समक्ष उपस्थित होने का भी आदेश दिया। अदालत ने एआईसीसी महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला को 7 मार्च, परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी को 15 मार्च और एमबी पाटिल को 11 मार्च को अदालत में उपस्थित होने के लिए कहा है। सभी नेताओं पर 10-10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। यह जुमार्ना बेंगलुरु के हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन से जुड़ी पुलिस सब-इंस्पेक्टर जाहिदा को मामले में घसीटने और उन्हें एक पक्ष बनाने के लिए लगाया गया है। सीएम सिद्दारमैया के वकील ने अपील किए जाने तक आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया। पीठ ने इस पर ध्यान देने से इनकार कर दिया। साथ ही कहा कि यदि जनता के प्रतिनिधि कानून का पालन करेंगे तो लोग भी उनका पालन करेंगे। अगर विरोध प्रदर्शन सड़कों पर किया गया तो लोगों को परेशानी होगी। पीठ ने कांग्रेस नेताओं को फटकार लगाते हुए कहा कि शहरी जीवन एक यातना है, विरोध प्रदर्शनों ने शहरों में स्थिति को और खराब कर दिया है। इसी कारण से सड़कों को अवरुद्ध करने का कार्य मंजूर नहीं हो सकता है। हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में 14 अप्रैल 2022 को सीएम सिद्दारमैया और अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।



## मौजूदा सांसद के कांग्रेस में शामिल होने से बीआरएस को झटका

**हैदराबाद।** लोकसभा चुनाव से पहले भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को बड़ा झटका देते हुए पेद्दापल्ली से उसके सांसद बी. वेंकटेश नेता मंगलवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। वेंकटेश दिल्ली में एआईसीसी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और मुख्यमंत्री व तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। यह घटनाक्रम टिकट के इच्छुक उम्मीदवारों से प्राप्त आवेदनों की जांच के लिए रेवंत रेड्डी की अध्यक्षता में प्रदेश चुनाव समिति (पीईसी) की बैठक से कुछ घंटे पहले हुआ। पार्टी को राज्य के सभी 17 लोकसभा क्षेत्रों से 306 आवेदन प्राप्त हुए हैं। चेन्नूर से कांग्रेस विधायक गद्दाम विवेक के बेटे गद्दाम वामशी ने पेद्दापल्ली से टिकट के लिए आवेदन किया है। विवेक विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए थे और चेन्नूर से टिकट हासिल किया था। विवेक 2009 में कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में पेद्दापल्ली से लोकसभा के लिए चुने गए। उनके पिता और पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत जी वेंकट स्वामी पेद्दापल्ली से चार बार सांसद थे।

# कट्टर ईमानदार बन सत्ता में आए लोग भ्रष्टाचार की परिभाषा बन गए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा ने जांच एजेंसी ईडी द्वारा आप राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव के घर समेत एक दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर की जा रही छापेमारी के बीच केजरीवाल पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि खुद को कट्टर ईमानदार बताकर सत्ता में आए लोग आज भ्रष्टाचार की परिभाषा बन गए हैं। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने भाजपा मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए कहा कि ईडी के पांच समन आने के बाद भी केजरीवाल जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए। उन्होंने कहा कि ईडी का आकलन है कि शराब घोटाले में 2,500 करोड़ रुपये से ज्यादा चुराए गए हैं और अभी इसका जिक्र ही चल रहा था और केजरीवाल ईडी के समन पर पेश नहीं हो रहे थे कि इस बीच अब जल बोर्ड और हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर में घोटाला सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि खुद को ईमानदार बताकर सत्ता में आए लोग आज भ्रष्टाचार की परिभाषा बन गए हैं। लेखी ने आप सरकार पर हमला जारी रखते हुए आगे कहा कि कुछ लोगों ने दिल्ली को वेंटिलेटर पर डाल दिया है और लगातार दिल्ली को अव्यवस्थित कर रहे हैं। भ्रष्टाचार व ड्रामा घनघोर है और मैनेजमेंट की व्यवस्थाएं कमजोर हैं। इसका एक दृश्य सोमवार को दिल्ली के कोर्ट में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि यह कहा गया कि 3 करोड़ की आबादी पर 6 सीटी स्कैन की मशीनें हैं और जब एफिडेविट की जांच की गई तो एफिडेविट झूठा पाया गया। उन्होंने मोहल्ला क्लीनिक सहित दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़े कई मामलों में बड़े घोटाले का भी आरोप लगाया। मीनाक्षी लेखी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाते हुए कहा कि इधर-उधर की बात करने की बजाय आप की मंत्री आतिशी को यह बताना चाहिए कि केजरीवाल ईडी के सामने कब पेश होंगे।



**यूपी बोर्ड परीक्षा** | **छात्रों की सुविधा के लिए सरकार की नई पहल**

# हर समस्या सुलझा रहा है समाधान पोर्टल

**एजेंसी। प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्रों की सुविधा के लिए शुरू किया गया 'समाधान' पोर्टल उनकी हर समस्या का समाधान कर रहा है। एक माह पूर्व शुरू हुए इस पोर्टल पर एक माह में कुल 1,847 प्रकरण अपलोड कराए गए हैं, जिनमें से परिषद के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से 1,694 प्रकरणों का निस्तारण किया जा चुका है। मात्र 153 प्रकरण ऐसे हैं, जो छात्र एवं छात्राओं द्वारा प्रपत्रों को पोर्टल पर अपलोड न करने के कारण लंबित हैं। उल्लेखनीय है कि 6 जनवरी 2024 को छात्र एवं छात्राओं के प्रमाण पत्रों की त्रुटियों में सुधार करने, प्रमाण-पत्र, अंकपत्र की द्वितीय प्रतिलिपि निर्गत करने, परीक्षाफल त्रुटियों का सुधार करने एवं उनकी विभिन्न प्रकार की शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण सहित कुल 13 प्रकार की सुविधाएं प्रदान करने के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा पोर्टल लॉन्च किया गया था। सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद दिव्यकांत शुक्ल के अनुसार, छात्रहित से जुड़े इस पोर्टल पर प्रकरणों के निस्तारण की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। इसके साथ ही परिषद के समस्त क्षेत्रीय कार्यालयों के क्षेत्रीय सचिवों द्वारा इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए, इसके लिए उनसे समय-समय पर स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। इसका प्रतिफल यह रहा कि इतने कम समय में इतने अधिक प्रकरण प्राप्त हुए एवं उनका समयबद्ध निस्तारण हुआ। इससे स्पष्ट है कि पोर्टल से अधिकाधिक छात्र/छात्राएं एवं अभिभावक लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन सभी 13 सेवाओं में 4 को छोड़कर मात्र 15 दिन में समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। शेष 4 सेवाओं को 30 दिन में निस्तारित किया जा रहा है। इनमें मूल प्रमाण पत्र जारी करना, प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रतिलिपि जारी करना, संशोधित प्रमाण पत्र/जन्म तिथि में संशोधन करना एवं संशोधित अंक पत्र/जन्मतिथि में संशोधन करना सम्मिलित है। क्षेत्रीय कार्यालयवार प्राप्त प्रकरणों पर गौर करें तो मेरठ से कुल 363 प्रकरण अपलोड किए गए, जिनमें से 338 का निस्तारण किया गया है, मात्र 25 लंबित हैं। इसी तरह बरेली से 124 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 115 का निस्तारण संपन्न किया गया।



# आपराधिक मामलों में आगे की जांच के दायरे को किया स्पष्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि पुलिस द्वारा आगे की जांच के अधिकार का मतलब दोबारा जांच शुरू करना नहीं है। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने स्पष्ट किया कि आगे की जांच का उद्देश्य आरोपी का बचाव स्थापित करना नहीं है, बल्कि सच्चाई को उजागर करना और निष्पक्ष सुनवाई के लिए सबूत इकट्ठा करना है। अदालत ने कहा कि क्षेत्राधिकार वाली अदालत संज्ञान लेने के बाद भी प्रत्येक मामले की परिस्थितियों के आधार पर आगे की जांच का निर्देश देने का विवेक बरकरार रखती है। हालांकि, इसने इस बात पर जोर दिया कि परीक्षण शुरू होने से पहले इस विवेक का प्रयोग विवेकपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए। अदालत ने कहा, हालांकि आगे की जांच का उद्देश्य सच्चाई का पता लगाना और पर्याप्त न्याय के लिए सबूत इकट्ठा करना है, लेकिन इसके लिए दोबारा जांच या नए सिरे से जांच की जरूरत नहीं है।ये टिप्पणियाँ एक आरोपी द्वारा दायर याचिका के जवाब में की गईं, जिसमें उसने बलात्कार के एक मामले में आगे की जांच के लिए निचली अदालत द्वारा उसके आवेदन को खारिज करने को चुनौती दी थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उससे शादी का वादा किया था, उसके साथ उसने यौन संबंध बनाए।



# दीपिका सिंह के बयान पर सदन में हंगामा असंसदीय शब्दों को कार्यवाही से हटाया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के बाद सबसे पहला भाषण कांग्रेस की दीपिका पांडेय सिंह का हुआ। उन्होंने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए राज्यपाल पर निशाना साधा, कहा कि वह जो परसेप्शन झारखंड में लाना चाहते थे, उसने इतिहास रचा है। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक-एक विधायक की नजर शर्मिंदगी से झुकी हुई थी।

**निशिकांत दूबे के इशारों पर चल रही है भाजपा :** दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि बाबूलाल मरांडी को दूसरी पार्टी से लाकर भाजपा में नेता बनाया गया। कहा कि झारखंड विधानसभा में बैठे नेताओं के हाथ में भाजपा नहीं है। इसकी बागडोर किसी और के हाथों में है। निशिकांत दुबे के इशारों पर भाजपा चल रही है।

**कुंदन की तरह तपकर बाहर आएंगे हेमंत सोरेन :** दीपिका ने कहा कि हेमंत सोरेन को इन लोगों ने जेल भेजा है। उन्होंने कहा कि जब वह शख्स बाहर आएगा, तो कुंदन की तरह चमकता हुआ आएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता कहते हैं कि हेमंत सोरेन आदिवासी नेता हो सकते हैं, लेकिन आदिवासियों के नेता नहीं हो सकते। इस पर पलटवार करते हुए दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि बाबूलाल मरांडी आदिवासी नेता हैं, लेकिन आदिवासियों के नेता नहीं हैं। अमर बाउरी दलित नेता हैं, लेकिन दलितों के नेता नहीं हैं। उन्होंने स्मृति ईरानी पर भी तीखा हमला बोला।

### स्पीकर ने तीन बार असंवैधानिक शब्दों को स्पंज किया

राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विधानसभा में विधायकों ने आवेश में कई बार असंवैधानिक शब्दों का प्रयोग किया। स्पीकर को तीन बार विधानसभा की कार्यवाही से ऐसे शब्दों को स्पंज करना पड़ा। विधायक दीपिका पांडे सिंह, इरफान अंसारी और ढुल्लू महतो के भाषण के कुछ अंश स्पंज किये गये हैं।

## विपक्ष ने राज्य में जनादेश के हरण का कुत्सित प्रयास किया : सुदिव्य सोनू



झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद के दौरान चर्चा में झामुमो विधायक सुदिव्य सोनू ने कहा कि विपक्षी लोगों ने राज्य में जनादेश के हरण का कुत्सित प्रयास किया। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाने वाले भाजपाई बताएं कि अमित मंडल, जेपी पटेल, अपर्णा सेन गुप्ता, भानु प्रताप शाही जैसे नेता कहां से, किस परिवार से हैं। झामुमो संघर्ष वाली पार्टी रही है। भाजपा में बाबूलाल, अमर बाउरी आयातित नेता हैं। हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ भाजपा ने जो साजिश की, उसका असर आने वाले विधानसभा चुनाव में दिखेगा।

## लगता है भाजपा कार्यालय से चल रहा राजभवन : इरफान



इरफान अंसारी ने सदन में राज्यपाल को तानाशाह बताते हुए कहा कि हमें दक्षिण के राज्य, वहां की कला संस्कृति, रहन-सहन पसंद आता है लेकिन राज्यपाल को यहां के आदिवासी नहीं सुहाते। उन्होंने यहां की सरकार को कुचलने का प्रयास किया। वास्तव में राजभवन को भाजपा कार्यालय के द्वारा चलाया जा रहा है। इसी दौरान अमर बाउरी ने स्पीकर से तानाशाही शब्द को स्पंज करने की अपील की। राज्यपाल को कस्टोडियन बताते हुए सदन से उनके लिए सम्मान दिखाने की अपील भी की।

## राज्यपाल का अभिभाषण झूठ का पुलिंदा : लंबोदर



आजसू पार्टी विधायक लंबोदर महतो ने राज्यपाल के अभिभाषण को झूठ का पुलिंदा बताया। उन्होंने कहा कि अभिभाषण के दौरान सत्ता पक्ष के शोरगुल को उन्होंने समझा। वास्तव में ये नहीं चाहते थे कि सरकार की पोल खुले। चंपई सोरेन भी टाइगर के रूप में विख्यात हैं। यदि वे खुद को पार्ट- 2 बता रहे हैं तो उन्हें चाहिए कि 1932 खतियान आधारित नीति, ओबीसी आरक्षण, जातीय गणना जैसे काम को पूरा करायें।

## सत्ता पक्ष के लोग राज्यपाल के मान सम्मान को तार-तार कर रहे : अमर बाउरी



अमर बाउरी ने कहा कि राज्यपाल हमारे कस्टोडियन हैं। इस सदन में सत्ता पक्ष के लोग उनके मान-सम्मान को तार-तार कर रहे हैं। विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि इरफान अंसारी दावा करते हैं कि वे डॉक्टर हैं। मेरा आग्रह है कि एक बार उन्हें कांके भिजवा कर चेक कर लिया जाए कि वह डॉक्टर हैं या नहीं।

## मेरे खिलाफ आरोप सही हुआ तो विधायक पद से दे देंगे इस्तीफा : ढुल्लू महतो



विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि हेमंत सरकार बनने के बाद से अब तक उन्हें तीन बार जेल भेजा गया है। यदि चंपई सोरेन आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों के सच्चे हितैषी हैं तो उनपर लगे आरोपों की सीबीआई जांच करायें। आरोप सही होगा तो वो विधायक पद से इस्तीफा दे देंगे।

## चंपई सरकार हेमंत पार्ट-टू ना बने : बिरंची



भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि कांग्रेस के राहुल गांधी भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू नहीं गये। इससे आदिवासी समाज के प्रति उनकी भावना दिखती है। धन्यवाद प्रस्ताव के विरोध में भाजपा के बिरंची नारायण ने भी बात रखी। उन्होंने कहा कि चंपई सोरेन सरकार हेमंत सरकार पार्ट-2 ना बने। बालू, पत्थर, जमीन की लूट में कहीं उसे जेल की सलाखों के पीछे ना जाना पड़े। साइकिल पर कोयला लाद कर चलने वालों संग दिखे। ये कोयले की ढुलाई नहीं करते हैं, चोरी करते हैं। उन्होंने कहा कि साहेबगंज डीसी रामनिवास यादव के यहां से गोली और नगदी मिलने पर उन पर एफआईआर नहीं हुआ। हेमंत सोरेन ने सदन में कहा कि उनके साथ अन्याय हुआ। उन्हें जेल भेजा गया। सबूत पर झारखंड छोड़ देने की बात कही। वे बताएं कि पंकज मिश्रा कौन हैं। ये लोग झारखंड को लूटते रहे और यहां के आदिवासियों को बेवकूफ समझते रहे। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को बहला-फुसला कर धर्म परिवर्तित किया जा रहा है।

## हमलोग विधायक नहीं हैं तो बोल दीजिए : मनीष जायसवाल



भाजपा विधायक मनीष जायसवाल ने राज्यपाल के अभिभाषण पर संशोधन का प्रस्ताव दिया था। यह प्रस्ताव सदन में नहीं आने पर उन्होंने कहा कि हमलोग विधायक नहीं हैं तो बोल दीजिये। इसपर स्पीकर ने कहा कि आपसे किसने कह दिया कि आप विधायक नहीं हैं। अपने दिमाग में जो कुछ लेकर आते हैं, उसी को सदन में परोसने का काम करते हैं। आप सीधा आसन पर आक्षेप लगा देते हैं।

## राज्यपाल ने 40 घंटे का इंतजार क्यों किया : मिथिलेश ठाकुर



मिथिलेश ठाकुर ने राजभवन से जवाब मांगते हुए कहा कि जब 31 जनवरी को ही राजभवन को बहुमत होने की जानकारी दी तब आखिर 40 घंटे तक इंतजार उन्होंने क्यों किया। बिहार में चार घंटे के भीतर नीतीश सरकार को शपथ दिला दी गयी लेकिन यहां 40 घंटे लिए गये। भाजपा पिछले दरवाजे से लोकतंत्र की हत्या में लगी है। विधायक प्रदीप यादव ने आजादी के दौरान भाजपाई लोगों के योगदान पर सवाल पूछते हुए कहा कि ये तानाशाह लोग हैं। आजादी और उसके बाद संविधान के कारण ही आज यहां आदिवासी, ओबीसी, दलित वर्ग के लोग दिख रहे हैं। इनका वश चलता तो यह देश मनुस्मृति से चलता।

विनोद सिंह, दीपक बिरूआ सहित सत्ता पक्ष के अन्य विधायकों ने भी हेमंत सोरेन सरकार द्वारा शुरू किये गये प्रयास की सराहना करते भाजपा पर हमला बोला। सरयू राय ने पिछले दिनों स्वास्थ्य विभाग में हुए तबादले की टाइमिंग पर सवाल पूछा, जिस पर बन्ना गुप्ता ने शोर भी मचाया। सरयू राय ने कहा कि संभव है कि इसके लिए एडवांस में पैसे ले लिए गये हों।

# निर्भया फंड के तहत 2023-24 में जारी हुए 7, 212 करोड़ रुपये

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
केंद्र सरकार की ओर से निर्भया फंड के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 7212.85 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। इन राशियों का उपयोग विभिन्न मंत्रालय और विभागों द्वारा जारी निर्भया फंड से उपयोग की गई कुल राशि 548 करोड़ रुपये है। यह जानकारी केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को लोकसभा में दी। लोकसभा में रांची के सांसद संजय सेठ ने झारखंड में निर्भया फंड के उपयोग से संबंधित सवाल किया था और पूछा था कि झारखंड सरकार के जरिये इसके तहत कार्य और उपयोग के लिए कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। सांसद ने अन्य भी कई सवाल इससे जुड़े हुए लोकसभा में रखे थे। इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि निर्भया फंड के तहत झारखंड राज्य में आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता 112 मानव व्यापार रोधी इकाइयों की स्थापना, महिला हेल्पलाइन 181, वन स्टॉप सेंटर सहित कई कार्य हो रहे हैं। इसके अलावा फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की स्थापना भी की गई है। मूल रूप से यह फास्ट ट्रैक कोर्ट दुष्कर्म और पॉक्सो अधिनियम के लंबित मुकदमों के निपटारा के लिए किया गया है। वर्तमान समय में झारखंड में 22 ऐसे फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट कार्यरत हैं। झारखंड के सभी 24 जिलों में वन स्टॉप सेंटर कार्यशील हैं। इसके अलावा झारखंड राज्य में वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से 3435 महिलाओं को सहायता प्रदान की गई है। 181 महिला हेल्पलाइन के माध्यम से 41587 महिलाओं को सहायता प्रदान की गई है। झारखंड में फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट के माध्यम से दुष्कर्म और पॉक्सो अधिनियम से जुड़े 5383 मामलों का भी निपटारा किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने सांसद को यह भी बताया कि झारखंड सहित देश के कई राज्यों के लिए एलएफएसएएल, डीएनए विश्लेषण, साइबर फॉरेंसिक जैसी सुविधाओं को बढ़ाने के लिए 183 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। इसके अतिरिक्त अमृत शहरों में अंधेरे स्थान पर रोशनी करने के लिए झारखंड को 2.33 करोड़ रुपए दिए गए हैं। यह बिल्कुल नई परियोजना है।

# राहुल की कथनी और झारखंड सरकार की करनी में बहुत फर्क : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने मंगलवार को राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कहा कि राहुल गांधी की कथनी और झारखंड सरकार की करनी में बहुत फर्क है। ऐसी कौन सी मजबूरी है कि राहुल गांधी को अपनी विचारधारा के विपरीत जाकर झारखंड में सरकार चलानी पड़ रही है।

उन्होंने कहा कि देश के बड़े नेताओं में शुमार कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पिछले चार दिनों से झारखंड दौरे पर थे। इस दौरान झारखंड में चौक-चौराहे पर खड़े झारखंडियों का उन्होंने हाथ हिलाकर अभिनंदन तक नहीं किया। क्या यह माना जाए कि वह यात्रा के दौरान थक चुके थे या उन्हें झारखंडियों से नफरत है। महतो ने कहा कि ओबीसी की इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद झारखंड सरकार में सिर्फ एक मंत्री पद और जिस दलित की दुहाई दे रहे हैं वहां से एक भी दलित मंत्री नहीं है। यह राहुल की कथनी और झारखंड सरकार के करनी में फर्क को दिखाता है। पिछडे, दलितों को न्याय दिलाने की मुहिम पर निकले राहुल गांधी को यह भी बताना चाहिए कि आज झारखंड में एसटी कोटे के कितने मंत्री हैं और उनके मंत्रिमंडल में कितना प्रतिनिधित्व है?

राहुल गांधी को क्या इसकी जानकारी है कि झारखंड में सरकार ट्रिपल टेस्ट करने से पीछे हट रही है। पंचायत का इलेक्शन ट्रिपल टेस्ट न करने की वजह से राज्य में एक लाख से अधिक पंचायत के आरक्षित होने वाले पद पर से पिछड़ों का अधिकार खत्म हो गया है। राहुल गांधी को बताना चाहिए झारखंड सरकार के इस फैसले के लिए कौन जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को यह भी बताना चाहिए कि पिछले चार सालों में क्या यह अन्याय नहीं है। उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि आज देश के बड़े उद्योगों में पिछड़ों की संख्या ना के बराबर है लेकिन राहुल गांधी जब इस बात को कहते हैं तो उन्हें यह भी बताना चाहिए कि देश की आजादी के बाद देश का संचालन करने का मौका उन्हीं की पार्टी कांग्रेस को मिला तो कांग्रेस ने ऐसी नीति क्यों नहीं बनाई कि पिछड़ों को उनका सही हक और अधिकार मिल पाए।

# मुझे गुरु जी से मिला है मंत्री बनने का आशीर्वाद : सीता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के परिवार से उनकी बड़ी बहू सीता सोरेन नये मंत्रिमंडल में शामिल होंगी। सीता सोरेन ने कहा कि गुरू जी से उन्हे मंत्री बनने का आशीर्वाद मिला है। उन्होंने कहा कि बाबा यानि शिबू सोरेन से आशीर्वाद मिला है, वो मंत्री बनेंगी, उन्हें कौन सा विभाग मिलेगा यह अभी तय नहीं हुआ है। मुझे कौन सा विभाग मिलेगा, ये तय नई सरकार को करना है। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नई सरकार पूर्व में चलाये जा रहे हेमंत सोरेन की सरकार द्वारा किये गए काम में तेजी लाएगी, क्योंकि आने वाले समय में चुनाव होना है, इसलिए जो काम अभी तक नहीं हो पाया है, वे सभी काम नई सरकार को करना होगा।

**पार्टी का फैसला सर्वोपरि : रामेश्वर उरांव**
पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा पार्टी जो भी फैसला करेगी उसका पालन करूंगा। बीजेपी के पास सरकार के खिलाफ बोलने का कोई भी शब्द नहीं है। सिर्फ सरकार को अस्थिर करने का काम किया है और हमने 4 साल राज्य के हित में काम करते रहे है। हमारे काम का असर लोगो को समझ आ गया है। कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ राज्य के जनता को मिला है वे सब समझ रहे हैं।

**बीजेपी जनता के सामने बेनकाब हो गई : बन्ना गुप्ता**
पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा बीजेपी जनता के सामने बेनकाब हो गई है। उनके पास बोलने का कोई शब्द नहीं है। जहां तक मंत्री पद की बात है जो भी योग्य और काम करने लायक है वे विधायक मंत्री बनेंगे। जहां तक मेरी बात है, जो पार्टी फैसला करेगी, उसका मैं पालन करूंगा।

**कांग्रेस और कोयला का शुरू से ही संबंध : भानु प्रताप शाही**
भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा जेएमएम और कांग्रेस में मंत्री पद के लिए खींचतान जारी है। राहुल गांधी का कोयला ढोने वाले के साथ फोटो वायरल होने पर कहा कांग्रेस और कोयला का शुरू से ही संबंध रहा है।

# हेमंत सोरेन ने काली कमाई को छुपाने के लिए दूसरे के नाम से ली जमीन : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ऊपर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन अभी ईडी की कस्टडी में हैं लेकिन चम्पाई सरकार के विश्वास प्रस्ताव पर भाषण में ऐसे बोल रहे थे जैसे उन्होंने कुछ गलत किया ही नहीं। चुनौती देते हुए राजनीति से संन्यास लेने तक की बात कह रहे थे। कोई चोर चोरी पकड़े जाने पर स्वीकार नहीं करता। मरांडी मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सर्वप्रथम मीडिया को बरियातू स्थित 8.5 एकड़ जमीन के चौकीदार संतोष मुंडा का ऑडियो वीडियो दिखाया, जिसमें उसने इस जमीन का मालिक हेमंत सोरेन को बताया है। मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने काली कमाई को छुपाने के लिए जमीन में पैसे को इन्वेस्ट करने का तरीका अपनाया। बरियातू स्थित पत्थर के चारदीवारी से घिरी 8.5 एकड़ जमीन को हेमंत सोरेन ने किसी और के नाम से खरीदा। इसके कारण इस मामले की जांच मनी लांड्रिंग के तहत की जा रही अन्यथा नाम से होने पर इसकी जांच आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की धाराओं के तहत होती। उन्होंने कहा कि सोरेन परिवार के जमीन लूट का तो यह एक नमूना है। नाम बदलकर भी शिबू सोरेन परिवार ने जमीन खरीदे हैं। हेमंत सोरेन हेमंत कुमार सोरेन बन गए। शिबू सोरेन को शिव सोरेन बना दिया। दुर्गा सोरेन को दुर्गा प्रसाद सोरेन बना दिया। दुमका के खजुरिया में हेमंत सोरेन का विशाल बंगले की बाउंड्री के भीतर आधी जमीन का मालिकाना हक योगेंद्र तिवारी के नाम है। सोरेन परिवार की ऑन रिकॉर्ड 108 संपत्तियों का मामला अलग है। उन्होंने जेएसएससी परीक्षा में हुए बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच कराने की मांग की।

साथ ही कहा कि हम सीबीआई जांच कराकर ही दम लेंगे। यह छह लाख छात्रों के भविष्य का सवाल है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित छात्रों पर मुकद्दमा दर्ज करा रही जबकि उसे जेएसएससी के अध्यक्ष और परीक्षा संचालित करने वाली एजेंसी पर मुकदमा दर्ज करना चाहिए।

### ईडी के साथ बैठकर अब नयी कहानी गढ़ रहे है मरांडी : सुप्रियो

**रांची।** झामुमो ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के दिये बयान पर पलटवार किया है। झामुमो के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मरांडी भाजपा और ईडी के गठजोड़ की पोल खुलने की डर से नयी कहानी गढ़ रहे हैं। एक तो आदिवासी, मूलवासी, दलित, शोषित अल्पसंख्यक एवं युवाओं के हृदय सम्राट हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करके लोकप्रिय सरकार को अपदस्थ करने की पटकथा भाजपा ने लिखी। इसका रूपांतर ईडी के के जरिये कराया गया। अब इसकी कलई खुलने के डर से नयी कहानी गढ़ रहे हैं, नए पात्र चुने जा रहे हैं। तिथियां चुनी जा रही है। भट्टाचार्य ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आखिर जब सत्र चल रहा था और सदन में सदस्य के रूप में बाबूलाल उपस्थित थे, तो यह बात उन्होंने सदन में क्यों नहीं की।


## संक्षिप्त खबरें

### सुनील कुमार सिंह ने पवन साहू को किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर दी बधाई




**रांची।** पवन साहू जी को झारखंड भाजपा किसान मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील कुमार सिंह ने शॉल ओढ़ाकर व गुलदस्ता भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई। बधाई देते हुए सुनील कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा झारखंड के किसानों के हित में किये गए जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ झारखंड के किसानों को कैसे मिले इसके लिए प्रखंड व पंचायत स्तर पर मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के माध्यम से संघर्ष कर सदा कार्य करने वाले किसानों के मसीहा पवन साहू जी के नेतृत्व में संगठन और सशक्त होगा।

### टीपीसी नक्सलियों ने कोयलांचल में की हवाई फायरिंग, पर्चा छोड़कर दी धमकी



**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के उतराठी में मंगलवार देर शाम अज्ञात चार नकाबपोश टीएसपीसी के नक्सलियों ने दो बाइक पर सवार होकर सड़क निर्माण स्थल में दहशत फैलाने के उद्देश्य से हवाई फायरिंग की। साथ ही घटनास्थल में एक नक्सली पर्चा छोड़ा है। जिसमें संवेदक को अविलंब काम बंद करने की चेतावनी दी गई है। वहीं बिना मैनेज किये काम चालू रखने पर फौजी कार्रवाई करने की बात कही गई है। धमकी भरे पर्चे में उत्तरी दक्षिणी सीमांत के जोनल कमांडर बलवंत का नाम लिखा हुआ है। वहीं घटना की सूचना पाकर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में पुलिस घटनास्थल पहुंच कर पूरे मामले की गहनता जायजा लिया है। बताया गया कि पूरे मामले की गहनता से पड़ताल करते हुवे पुलिस द्वारा अपराधियों के धरपकड़ हेतु हर संभावित जगहों में छापामारी की जा रही है।

### धर्मेंद्र गोस्वामी बने मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के प्रेस सलाहकार के रूप में धर्मेंद्र गोस्वामी को नियुक्त किया गया है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना में कहा गया है कि यह पद गैर संवर्गीय होगा तथा पद धारक का कार्यकाल मुख्यमंत्री की इच्छा अथवा मुख्यमंत्री के कार्यकाल तक सीमित रहेगा। धर्मेंद्र गोस्वामी सरायकेला खरसांवा के श्रीनाथ विश्वविद्यालय के नजदीक, आदित्यपुर मांझी टोला के रहने वाले हैं।

### ईडी का दुरुपयोग कर लोकतंत्र पर प्रहार कर रही केंद्र सरकार : स्टीफन मरांडी

**रांची।** झारखंड विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र में मंगलवार को विधानसभा की कार्यवाही सुबह 11:07 बजे शुरू हुई। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा करते हुए विधायक स्टीफन मरांडी ने कहा कि केंद्र सरकार ईडी का दुरुपयोग कर लोकतंत्र पर प्रहार कर रही है। आज हमारी बारी है तो कल किसी और की बारी होगी। हेमंत सरकार के पास बहुमत था। सरकार बहुत बढ़िया चल रही थी। शिबू सोरेन और उनके परिवार के प्रति व्यक्तिगत द्वेष की भावना से हेमंत सरकार गिराई गयी है। इससे राज्य के आदिवासी जनमानस की भावना को ठेस पहुंचा है।

### हेमंत सोरेन मामले में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने मुख्यमंत्री से उच्चस्तरीय जांच का किया आग्रह


**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट किया है कि अब यह कहा जा रहा है कि जिस 8.46 एकड़ जमीन के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने हिरासत में लिया है उस जमीन को राजस्व विभाग ने जमीन मालिकों को लौटा दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की भी अपील की है। प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को टैग करते हुए कहा है कि एक बड़ी विचलित करने वाली सूचना आ रही है। वैसे मैं इसकी पुष्टि नहीं करता। सूचना यह है कि जिस दिन पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने आवास से ईडी अधिकारियों के आने के पहले 40 घंटे तक रहस्यमय तरीके से गायब थे, उसी दिन राजस्व विभाग ने 8.46 एकड़ की विवादास्पद जमीन की जमाबंदी रद्द कर दी। इसे असली जमीन मालिकों को लौटा भी दिया। प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि यदि यह सूचना सही है तो इसकी उच्च स्तरीय जांच कराएं।

## पृष्ठ एक के शेष

**बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम के लिए...**
बावजूद जिला प्रशासन द्वारा अब तक स्वीकृति नहीं दी गई है। ऊपर से अब जिला प्रशासन एवं सरकार द्वारा उच्च न्यायालय के आदेश के विरोध में कार्यक्रम को रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय में एलपीए फाइल करने की तैयारी करने की सूचना मिल रही है। राज्य की सरकार एक संत को झारखंड आने से रोककर हिंदुओं की भावनाओं से खेल रही है। सरकार व जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम में होने वाली भीड़ की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अनर्गल प्रलाप किया जा रहा है। सरकार की शर्तें सिर्फ हिन्दू संतो, शंकराचार्य या कथा वाचकों के लिए रखना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

**पारिवारिक झगड़े में पति ने की...**
लोगों को नहीं हो पाई। मंगलवार की सुबह जब स्थानीय लोगों को इसकी सूचना मिली तो पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन आरंभ कर दी। आरोपी शंभू प्रसाद अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद घर से फरार होकर लातेहार आ गया था, जहां पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार ने बताया कि आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। लातेहार थाने में पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। इधर महिला के बच्चों ने बताया कि रात में मम्मी और पापा के बीच झगड़ा हुआ था। बाद में बच्चे सो गए थे। इस कारण उन्हें अधिक जानकारी नहीं हो पाई। घर में पति-पत्नी और उनके तीन बच्चे ही रहते थे। स्थानीय लोगों ने सिर्फ इतना बताया कि पति-पत्नी के बीच झगड़ा अक्सर होते रहता था। महिला की मौत के बाद बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है।

**अंतर्राज्जीय कनेक्टिविटी परियोजना से...**
है। यहां के मजदूर भारी संख्या मे बिहार एवं उत्तर प्रदेश में आना-जाना करते है। इस पुल के निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी, इलाज, शिक्षा, बाजार, उद्योग समेत अन्य जरूरतों के लिए प्रतिदिन आवागमन करने वाले लोगों की सुविधायें बढ़ेगी। गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही साथ वामपंथी उग्रवाद पर अंकुश लगेगा एवं लोगों को नए-नए रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके अतिरिक्त बिहार के डेहरी पुल पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और औरंगाबाद-सासाराम शहरों को जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी।सांसद ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार से उक्त पुल का निर्माण अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी परियोजना के तहत कराने का अनुरोध किया। कहा कि उक्त पुल की मांग झारखंड एवं बिहार सीमावर्ती जिलों के बीच आवागमन करने वाले लोगों की लंबे समय से रही है।




# 1997 से 2024 तक ऐसे खींचा दुबई में मंदिर निर्माण का खाका, 14 को पीएम करेंगे उद्घाटन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर का 14 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। इस मंदिर में पीएम मोदी के पहुंचने से पहले कई देशों के राजनयिक पहुंच चुके हैं, जिनकी मेजबानी की गई है। अमेरिका, जर्मनी, इजरायल, इटली, कनाडा, आयरलैंड, बहरीन, आर्मेनिया, बांग्लादेश, घाना, चाड, चिली, यूरोपीय यूनियन, फिजी, अर्जेंटीना, साइप्रस, चेक गणराज्य, डोमिनिकन गणराज्य, मिस्त्र, गाम्बिया के राजदूत और वरिष्ठ राजनयिक मंदिर का दौरा करने वालों में शामिल हैं। अब आप इस हिंदू मंदिर के बारे में जानकर चौंक जाएंगे। अबू धाबी में तैयार हो रहे बीएपीएस हिंदू मंदिर में 12 पिरामिड की आकृति वाले गुंबद, 7 शिखर, 2 गुंबद, 410 स्तंभ या खंभे के साथ इस मंदिर की ऊंचाई 180 फीट, लंबाई 262 फीट और इसकी चौड़ाई 108 फीट होगी। 27 एकड़ जमीन पर फैले इस मंदिर के निर्माण में एहतियात इतना बरता गया है कि यह मंदिर हजार सालों तक ज्यों का त्यों रहेगा। इस आंकड़े से ही आप इस मंदिर की भव्यता का अंदाजा लगा सकते हैं। शारजाह के रेगिस्तान की सुनहरी रेत के बीच 1997 में इस मंदिर की कल्पना की गई ताकि दो संस्कृतियां एक-दूसरे से इसके जरिए जुड़ सकें। यह सपना तब से आकार लेने की कोशिश में लगा रहा। लेकिन, इसको एक कदम और आगे बढ़ने का मौका तब मिला जब 9 अगस्त 2015 को पीएम मोदी ने यह घोषणा की कि यूएई सरकार ने इस मंदिर के लिए जमीन अलॉट कर दिया है। पीएम मोदी ने इसके लिए यूएई सरकार का धन्यवाद भी किया था। 2018 में अबू धाबी के युवराज शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने बीएपीएस हिंदू मंदिर की इमारत के लिए जमीन उपहार में दिया। फिर, 20 अप्रैल 2019 को बाप्स स्वामी नारायण संस्था के महंत ने वैदिक अनुष्ठान के साथ इस मंदिर का शिलान्यास किया। 2019 में ही इस मंदिर ने मैकेनिकल प्रोजेक्ट्स ऑफ द ईयर का खिताब जीता। ऐसे में इस मंदिर के निर्माण की भव्यता के कायल तब से लोग रहे हैं। फिर भारत से लाए गए बड़े-बड़े पत्थर जिससे इसके निर्माण का काम होना था, वह शुरू हुआ। 9 नवंबर को इस मंदिर के शिलास्थापना कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और इस पूजा में शामिल हुए। इसके बाद इस मंदिर के महापीठ पूजन कार्यक्रम का भी आयोजन 27 मई 2022 को हो गया। इस समय तक मंदिर का पहला तल बनकर तैयार हो चुका था। इसके बाद 8 सितंबर 2022 को ईश्वरचरणदास स्वामी और ब्रह्मविहारीदास स्वामी की उपस्थिति में पूरे विधि-विधान से इस मंदिर में प्रथम संगमरमर के स्तंभ को लगाया गया। फिर, मंदिर के सात शिखर, जो पूरी तरह से तैयार हो चुके थे, 20 अक्टूबर 2023 को इसकी पूजा ईश्वरचरणदास स्वामी के द्वारा की गई। 29 नवंबर 2023 को इस मंदिर के अमृत कलश और पताका को मंदिर के शिखर पर लगाया गया। इस समय तक मंदिर बनकर पूरी तरह तैयार है और पीएम नरेंद्र मोदी 14 फरवरी को अबू धाबी की धरती पर बने इस भव्य हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे, जिसकी तैयारियां जोरों पर है। वहीं, आम लोगों के दर्शन के लिए यह मंदिर 18 फरवरी से खुल जाएगा।

## एक नजर

### कजाख राष्ट्रपति कासिम ने ओल्जास बेक्टेनोव को नया पीएम नियुक्त किया



**अस्ताना।** कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव ने मंगलवार को एक आदेश में नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति की घोषणा की। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कजाकिस्तान की सत्तारूढ़ अमानत पार्टी ने ओल्जास बेक्टेनोव की उम्मीदवारी का प्रस्ताव रखा। वो पहले राष्ट्रपति प्रशासन के प्रमुख के रूप में काम करते थे। टोकायेव ने माज़िलिस या कजाकिस्तान की संसद के निचले सदन के पूर्ण सत्र के दौरान पार्टी गुटों के नेताओं के साथ बेक्टेनोव की उम्मीदवारी पर चर्चा की।

### केजरीवाल को बॉम्बे हाईकोर्ट से मिली राहत

**पणजी।** बंबई उच्च न्यायालय की गोवा पीठ ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के एक कथित मामले में मजिस्ट्रेट द्वारा आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को जारी किये गये समन को मंगलवार को रद्द कर दिया। पार्टी की गोवा इकाई के प्रमुख अमित पालेकर ने कहा कि उच्च न्यायालय ने 2017 के गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री के खिलाफ दायर एक शिकायत पर उन्हें जारी समन को रद्द कर दिया।

### शिमला में हुए भूस्खलन में बिहार के दो मजदूरों की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के बाहरी इलाके अश्वनी खड्ड में मंगलवार को हुए भूस्खलन में बिहार के दो मजदूरों की मौत हो गई और कुछ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक राकेश (31) और राजेश (40) भूस्खलन के समय एक स्टोन क्रशर के पास झोपड़ियों में सो रहे थे और जिंदा दफन हो गए। शवों को मलबे से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### मानव तस्करी मामले में 24 के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जाली भारतीय पहचान पत्र के साथ मानव तस्करी मामले में 24 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। इसमें चार बांग्लादेशी नागरिक और एक म्यांमार मूल का रोहिंग्या है। एनआईए ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए इन लोगों के खिलाफ सोमवार को असम के गुवाहाटी स्थित एनआईए की विशेष अदालत में आरोप पत्र दायर किया गया।

# भारत दुनिया के विकास की दिशा कर रहा तय : मोदी

**एजेंसी। पणजी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत उन कुछ देशों में से है, जहां करोड़ों घरों को विद्युतीकृत कर 100 प्रतिशत बिजली कवरेज हासिल किया गया है और इस प्रकार विकास की दिशा तय कर रहा है। पीएम मोदी ने साउथ-गोवा में 'इंडिया एनर्जी वीक 2024' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गोवा के राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई, मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और केंद्रीय पेट्रोलियम, तेल व प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली मौजूद थे। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि प्रतिकूल ग्लोबल कारकों के बावजूद, भारत उन कुछ देशों में से है जहां पेट्रोल की कीमतें कम हुई हैं। करोड़ों घरों को विद्युतीकृत कर 100 प्रतिशत बिजली कवरेज हासिल किया गया है। भारत न सिर्फ अपनी जरूरतें पूरी कर रहा है, बल्कि दुनिया के विकास की दिशा भी तय कर रहा है। भारत ऊर्जा सप्ताह 2024 भारत की सबसे बड़ी और एकमात्र सर्वव्यापी ऊर्जा प्रदर्शनी और सम्मेलन है, जो भारत के ऊर्जा संक्रमण लक्ष्यों को उत्प्रेरित करने के लिए संपूर्ण ऊर्जा मूल्य चेन को एक साथ लाता है।

पीएम ने आगे कहा कि यह तब हो रहा है जब वित्तीय वर्ष के पहले छह महीनों में भारत की जीडीपी दर 7.5 प्रतिशत को पार कर गई है, जो विश्व विकास अनुमान से अधिक है, जिससे भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। पीएम ने भविष्य में इसी तरह के विकास रुझानों की अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की भविष्यवाणी का भी उल्लेख किया। पीएम मोदी ने कहा, "दुनिया भर के आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।"

पीएम ने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा, तेल और एलपीजी उपभोक्ता है। भारत चौथा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार होने के साथ-साथ चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक और रिफाइनर है। पीएम ने देश में ईवी की बढ़ती मांग को भी रेखांकित किया और 2045 तक देश की ऊर्जा मांग दोगुनी होने के अनुमान के बारे में भी बात की। प्रधानमंत्री ने सरकार के सुधारों और देश द्वारा प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में गैस का प्रतिशत 6 से 15 प्रतिशत तक ले जाने के प्रयासों के कारण घरेलू गैस के बढ़ते उत्पादन पर ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि अगले 5-6 साल में इसमें करीब 67 अरब डॉलर का निवेश आएगा। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार की प्रतिबद्धता अपशिष्ट से धन प्रबंधन मॉडल के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को बदलने की है। हम भारत में 5,000 कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट लगाने की दिशा में काम कर रहे हैं। विश्व पर्यावरण संबंधी चिंताओं को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया की 17 प्रतिशत आबादी का घर होने के बावजूद, भारत का कार्बन उत्सर्जन हिस्सा केवल 4 प्रतिशत है। भारत का लक्ष्य 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन हासिल करना है।



### ओएनजीसी सी सर्वाइवल सेंटर का उद्घाटन

प्रधानमंत्री ने मंगलवार की सुबह दक्षिण गोवा के बेतुल में ओएनजीसी सी सर्वाइवल सेंटर का उद्घाटन किया। इस सेंटर को वैश्विक मानकों के अनुरूप एक अद्वितीय समुद्री सर्वाइवल प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। इसमें 10,000 से 15,000 कर्मियों को वार्षिक प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। इससे खराब मौसम की स्थिति में नियंत्रित अभ्यास से प्रशिक्षुओं के समुद्री जीवन कौशल में वृद्धि होगी और संभावित आपदाओं से सुरक्षित रहने की संभावना बढ़ जाएगी।

# भारतीय और अमेरिकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हेली ने मांगी गुप्त सेवा सुरक्षा




**एजेंसी। वाशिंगटन**

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ एकमात्र चुनौती देने वाली भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली ने 'कई मुद्दों' का हवाला देते हुए औपचारिक रूप से गुप्त सेवा सुरक्षा का अनुरोध किया है। दक्षिण कैरोलिना के पूर्व गवर्नर और संयुक्त राष्ट्र के राजदूत ने सोमवार को द वॉल स्ट्रीट जर्नल के साथ एक साक्षात्कार में सुरक्षा के अनुरोध पर चर्चा की। दक्षिण कैरोलिना के एकेन में एक अभियान कार्यक्रम के बाद उन्होंने कहा, हमारे सामने कई मुद्दे हैं। यह मुझे वह करने से नहीं रोकेगा जो मुझे करने की जरूरत है। उन्होंने अखबार को बताया, जब आप ऐसा कुछ करते हैं, तो आपको धमकियां मिलती हैं। यह सिर्फ वास्तविकता है। इससे मैं डरने वाली नहीं हूं। क्या इसका मतलब यह है कि हमें इसके आसपास कुछ और लोगों को रखना होगा? हां, यह ठीक है। हेली, जिनसे पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प और उनके समर्थकों ने दौड़ से बाहर निकलने और डेमोक्रेट जो बाइडेन के खिलाफ पार्टी को एकजुट करने का आग्रह किया है, वर्तमान में चुनाव प्रचार के दौरान व्यक्तिगत सुरक्षा का उपयोग करती हैं।

# अमित शाह और जेपी नड्डा ने की आडवाणी से मुलाकात



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा ने मंगलवार को देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री एवं पार्टी के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात कर उन्हें 'भारत रत्न' से सम्मानित किए जाने की घोषणा पर बधाई और शुभकामनाएं दी। तीनों नेताओं की मुलाकात के दौरान लालकृष्ण आडवाणी की बेटी प्रतिभा आडवाणी भी मौजूद रहीं। अमित शाह ने आडवाणी के साथ मुलाकात की तस्वीरों को शेयर करते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा, आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न मिलने की घोषणा के पश्चात मंगलवार को उनसे भेंटकर शुभकामनाएं दीं।

# 'पीएम किसान सम्मान निधि की राशि नहीं बढ़ेगी'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने मंगलवार को संसद में बताया कि उसके पास 'प्रधानमंत्री (पीएम) किसान सम्मान निधि योजना' के तहत किसानों के वित्तीय लाभ को 8,000-12000 रुपये प्रति वर्ष करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। कृषि मंत्रालय अर्जुन मुंडा ने लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में बताया कि इस योजना के तहत महिला किसानों के लिए राशि बढ़ाने का भी कोई प्रस्ताव नहीं है। इस योजना को 2019 में शुरू किया गया था। योजना पात्र किसानों हर चार महीने में दो हजार रुपये की तीन समान किस्तों में प्रति वर्ष छह हजार रुपये का वित्तीय लाभ प्रदान करती है। पैसे सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में स्थानांतरित (ट्रांसफर) किए जाते हैं। केंद्रीय मंत्री मुंडा से पूछा गया कि क्या सरकार की किसानों के लिए वित्तीय लाभ राशि 8,000-12,000 रुपये सालाना करने की योजना है। इस पर उन्होंने कहा, ऐसे किसी भी प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि सरकार ने अब तक 15 किस्तों में 11 करोड़ से ज्यादा किसानों को 2.81 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया है। उन्होंने बताया कि यह लाभ भूमि-धारक किसानों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रदान किया जाता है।

मुंडा ने यह भी कहा कि पीएम-किसान सम्मान योजना दुनिया की उन योजनाओं में सबसे बड़ी है, जिसे पैसे को सीधे खाते में ट्रांसफर किया जाता है। उन्होंने कहा, एक किसान केंद्रित डिजिटल बुनियादी ढांचे ने बिचौलियों की भागीदारी के बिना देशभर के सभी किसानों तक योजना का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया है। एक सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि योजना की शुरूआत में उत्तर प्रदेश में 2,62,45,829 किसानों को पीएम-किसान योजना का लाभ मिला है। सरकार ने लोकसभा में यह भी बताया कि 2018 से 2022 तक राजद्रोह और राज्य के खिलाफ अपराधों के 701 मामले दर्ज किए गए। गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत 5,023 मामले दर्ज किए गए। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने एक लिखित जवाब में संसद में बताया कि राजद्रोह और राज्य के खिलाफ अपराधों के तहत दर्ज मामलों की संख्या 2022 में घटकर 68 हो गई, जो कि 2021 में 149 थी। इसी तरह यूएपीए के तहत दर्ज मामलों की संख्या 2022 में बढ़कर 1005 हो गई। जो कि 2021 में 814 थी।



# स्वदेशी एलसीए 'तेजस' एमके-1ए फाइटर जेट इसी माह भरेगा पहली उड़ान

### भारत-पाकिस्तान सीमा पर बनेगी एलसीए तेजस मार्क-1ए की पहली स्क्वाड्रन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना इस महीने तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमानों का पहला बैच प्राप्त करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो स्वदेशी एलसीए तेजस का एक बेहतर संस्करण है। रक्षा विमानन क्षेत्र में भारत का स्वर्ण युग इस महीने 4.5 पीढ़ी के इस फाइटर जेट की पहली उड़ान के साथ शुरू होने जा रहा है। तेजस की पहली स्क्वाड्रन 01 अप्रैल तक भारत-पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर राजस्थान के नाल हवाई अड्डे पर बीकानेर एयरबेस में बनाने की तैयारी है। भारतीय वायु सेना के लिए आठ वर्षों में कुल 180 तेजस विमानों का उत्पादन किया जाना है। रक्षा मंत्रालय ने 83 एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट के लिए 03 फरवरी, 2021 को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ डील फाइनल की थी। इसी सौदे का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर पिछले साल 04 अक्टूबर को एचएएल ने वायुसेना को सौंप दिया था। वायु सेना की जरूरत को देखते हुए केंद्र सरकार ने लंबे इंतजार के बाद पिछले साल 30 नवंबर को 97 तेजस एमके-1ए खरीदने को मंजूरी दे दी है। एचएएल के साथ अतिरिक्त 97 तेजस एमके-1ए के सौदे पर हस्ताक्षर होने के बाद कुल 180 विमानों का उत्पादन किया जाना है। एचएएल ने 83 विमानों का ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 16 जेट तैयार करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन 97 विमानों का और ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 32 जेट का उत्पादन करने की तैयारी है। वायु सेना की जरूरतों को देखते हुए तैयार किये जा रहे एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट में एवियोनिक्स, हथियार और रखरखाव में 43 तरह के सुधार किये जाने का खुलासा किया गया है। एचएएल के मुताबिक अब तेजस एमके-1ए में अत्याधुनिक एईएसए रडार होगा, जो तेजस एमके-1 के इजरायली ईएल/एम-2032 राडार से बेहतर होगा। पहले बैच में इजरायली ईएल/एम-2052 राडार होगा, जबकि बाकी में स्वदेशी 'उत्तम' राडार होगा। तेजस एमके-1ए में इजरायली ईएलएल-8222 जैमर पॉड होगा, जो बीवीआर या एसएएम मिसाइलों के राडार सिग्नल को बाधित करेगा। आधुनिक वायु युद्ध के लिहाज से यह सुधार काफी महत्वपूर्ण है।

तेजस एमके-1ए में एक नया डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर (डीएफसीसी) होगा, जो इसकी चपलता और कंप्यूटिंग शक्ति को बढ़ावा देगा। नया डीएफसीसी पावरवीसी आर्किटेक्चर का उपयोग करेगा, जिससे इसे हवा में ज्यादा समय तक बनाए रखना आसान हो जाएगा। विमान में लगा राडार चेतावनी रिसीवर (आरडब्ल्यूआर) दुश्मन के विमानों को ट्रैक और पहचान करेगा। यह रिसीवर पायलट को आने वाली मिसाइलों या रडार लॉक के बारे में चेतावनी देगा और दुश्मन के राडार को जाम करने के लिए सेल्फ-प्रोटेक्शन जैमर को सक्रिय करेगा। तेजस एमके-1ए में युद्ध के लिए नजदीकी, बीवीआर और लंबी दूरी की बीवीआर बेहतर मिसाइलें होंगी। इसमें हवा से जमीन पर हमला करने के लिए 500 किलोग्राम एलजीबी और बिना गाइड वाले बम भी होंगे। तेजस एमके-1ए की रखरखाव क्षमता में सुधार करने के लिहाज से लाइन रिप्लेसेबल यूनिट्स (एलआरयू) और नए एलआरयू को लगाया गया है।



# लश्कर का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की टीम को एक बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में लश्कर-ए-तैयबा मॉड्यूल के एक सक्रिय आतंकी को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने एलओसी के पार से हथियार और गोला-बारूद लाने में जरूरी भूमिका निभाई थी। आरोपित की पहचान रियाज अहमद के रूप में हुई है। उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन और एक सिम कार्ड बरामद किया गया है। आरोपित रियाज अहमद को कानून की उचित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए जम्मू-कश्मीर के संबंधित पुलिस स्टेशन के पुलिस अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। आतंकी को चार फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। वह आतंकवादी आकाओं द्वारा एलओसी के पार से हथियार और गोला-बारूद प्राप्त करने में खुर्शीद अहमद राथर और गुलाम सरवर राथर के साथ एक साजिश रचने में शामिल था। इस संबंध में धारा 120बी आईपीसी, 7/25 इंडियन आर्म्स एक्ट, 13, 18, 20, 23, 38, 39 यूए (पी) एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है।

## फिल्म जगत

# कंगना के साथ काम करना चाहते हैं संदीप रेड्डी, एक्ट्रेस ने दिया जवाब



**'एनिमल'** फिल्म का क्रेज खत्म नहीं हो रहा है। फिल्म में रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर और बॉबी देओल मुख्य भूमिका में हैं और बॉक्स ऑफिस पर फिल्म हिट रही। फिल्म के कुछ सीन्स और डायलॉग्स की वजह से कई लोगों ने 'एनिमल' को ट्रोल भी किया। संदीप वांगा रेड्डी की इस फिल्म में रणबीर कपूर और बॉबी देओल के पुरुष अहंकार और महिलाओं के साथ उनके व्यवहार पर भी सवाल उठाया गया था। बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने भी फिल्म 'एनिमल' की आलोचना की। फिल्म 'एनिमल' डायरेक्टर संदीप वांगा रेड्डी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनौत के साथ काम करने की इच्छा जताई है। रेड्डी ने कंगना की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि, अगर वह किसी भूमिका के लिए फिट हैं, तो मैं निश्चित रूप से उन्हें एक कहानी दूंगा। मुझे क्वीन में उनका काम पसंद आया। इसलिए भले ही उन्होंने 'एनिमल' के बारे में नकारात्मक टिप्पणी की हो, मुझे कोई आपत्ति नहीं है। मैंने देखा है उसका काम, इसलिए मुझे खेद है। संदीप रेड्डी के बयान के बाद कंगना ने एक इंस्टा स्टोरी शेयर की है। अभिनेत्री कंगना कहती हैं, परीक्षा करना और निंदा करना अलग-अलग चीजें हैं। हर कला की जांच और चर्चा होनी चाहिए।